दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com, E-mail chardikla.hr@gmail.com,Add: bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी  संपादक - डा.के.के.संधू  प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227  वर्ष 8  अंक 133 वीरवार 15 मई, 2025  Thursday 15 May , 2025  मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12  मोब :9416406615,7404278000,9215537704




### मुंबई में 6 करोड़ रुपये से अधिक का ड्रग्स जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

मुंबई, 14 मई (निस) मुंबई के गोवंडी इलाके में शिवाजी नगर पुलिस ने एक घर से 6 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स जब्त की है और वहां रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद मंगलवार रात पुलिस ने शेख के घर पर छापा मारा और वहां से ड्रग्स जब्त किया। इसके बाद पुलिस ने वहां रह रहे 23 वर्षीय आरोपी सलमान शेख को गिरफ्तार किया है।

# हाईकोर्ट ने हरियाणा से पूछा-आपको फालतू पानी क्यों चाहिए, नोटिस भी जारी किया

## पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई, बीबीएमबी को भी कोर्ट का नोटिस



चंडीगढ़ 14 मई (निस) पानी के मुद्दे पर आज एक बार फिर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें पंजाब सरकार को बड़ी जीत हासिल हुई है। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार द्वारा दाखिल की गई पानी के मुद्दे पर पुनर्विचार याचिका को गंभीर माना है। इसके साथ ही अदालत ने (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड), केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया है। पानी के बंटवारे को लेकर BBMB अध्यक्ष के बदले हुए रुख पर भी अदालत ने जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी क्यों चाहिए, और इसके लिए अब BBMB और हरियाणा दोनों को स्पष्ट स्पष्टीकरण देना होगा। आम आदमी पार्टी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसी को भी पंजाब का हक छीनने नहीं दिया जाएगा और पानी की लड़ाई हर मंच पर लड़ी जाएगी। पार्टी का कहना है कि हाईकोर्ट का यह फैसला पंजाब के जल अधिकारों के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा।गौरतलब है कि बीबीएमबी द्वारा रातों-रात हरियाणा को पंजाब सरकार की मंजूरी के बिना पानी देने की कोशिश की गई थी। इसके बाद पंजाब सरकार ने इस मुद्दे पर अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी, जिस पर आज सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा है।

**आप विधायकों का धरना**--

एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए, पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल, हरभजन सिंह ईटीओ, लाल चंद कटारूचक और लालजीत सिंह भुल्लर, विभिन्न हलकों से आप विधायकों और नेताओं के साथ, आज नंगल बांध पर दिन-रात के धरने में शामिल हुए ताकि भाजपा शासित केंद्र और राज्य सरकारों और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा पंजाब के पानी को अन्य राज्यों को दिए जाने के मुद्दे पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त किया जा सके।प्रभावशाली सभा को संबोधित करते हुए, जल संसाधन और भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि हरियाणा को 21 मई से पहले कोई अतिरिक्त पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब पहले से ही मानवीय के तौर पर अपने आवंटित कोटे से अधिक 4000 क्यूसेक पानी हरियाणा को दे रहा है। इस अतिरिक्त पानी का बुद्धिमानी से उपयोग करने की बार-बार **शेष पृष्ठ दो पर**

# बलूचिस्तान ने तोड़ा पाकिस्तान से नाता, भारत एवं यूएन से मान्यता की मांग की

## कथित आजादी का किया ऐलान, पीओके में भी विद्रोह तेज करने की धमकी



रावलपिंडी 14 मई (निस) बलूच नेताओं ने पाकिस्तान से आज़ादी की घोषणा कर दी है और भारत व संयुक्त राष्ट्र से औपचारिक मान्यता मांगी है। इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर बलूचिस्तान का मुद्दा तेजी से वायरल हो गया। बलूच नेताओं की इस घोषणा से क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। अब सबकी निगाहें भारत और संयुक्त राष्ट्र के अगले कदम पर हैं।

बलूच कार्यकर्ता मीर यार बलूच और अन्य नेताओं ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। उन्होंने भारत से अपील की है कि दिल्ली में बलूचिस्तान का दफ्तर और दूतावास खोलने की अनुमति दी जाए। मीर यार ने लिखा चीन पाकिस्तान का साथ दे रहा है, लेकिन बलूचिस्तान की जनता भारत की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी 60 लाख बलूच देशभक्त आपके साथ हैं, 14 मई को एक और पोस्ट में बलोच नेताओं ने यूएन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा कि पाकिस्तान तुरंत बलूचिस्तान खाली करे, नहीं तो 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों की कलंकित हार दुबारा होगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है, और बलूच को मानव ढाल न बनाने दें। मीर यार बलूच ने 9 मई को सोशल मीडिया पर लिखा था-पाकिस्तान अब खत्म होने की कगार पर है। हमने अपनी आज़ादी घोषित कर दी है। हम भारत और संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की मांग करते हैं।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से मुद्रा, पासपोर्ट और अन्य संसाधनों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता भी मांगी।बलूचिस्तान के स्वतंत्र नक्शे और झंडों की तस्वीरें तेजी से शेयर की जा रही हैं। स्थानीय लोगों की तस्वीरें वायरल हैं, जिनमें वे भारत-बालोच दोस्ती के बैनर पकड़े हुए हैं। मीर यार बलूच ने कहा- भारत अकेला नहीं है, उसे बलूचिस्तान के 6 करोड़ देशभक्तों का साथ है।

भारत **शेष पृष्ठ दो पर**

# शिवसेना ने तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा पर साधा निशाना, कहा-अभी बदला पूरा नहीं हुआ



मुम्बई 14 मई (निस) शिवसेना (उबाठा) ने बुधवार को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में निकाली जा रही 'तिरंगा यात्रा% के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ देश का बदला अब भी पूरा नहीं हुआ है। इस मुद्दे पर रविवार को भाजपा के शीर्ष नेताओं, जिनमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा शामिल थे, के बीच विचार-विमर्श के बाद 11 दिवसीय राष्ट्रव्यापी 'तिरंगा यात्रा% शुरू की गई। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना के संपादकीय में कहा गया, ''भारत ने पाकिस्तान को सबक नहीं सिखाया। इसके बजाय उसने (अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने दावा किया, ''राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर के पूरा होने से पहले भारत को युद्ध से हटने की धमकी दी थी। जब यह लगभग तय हो गया था कि पाकिस्तान की हार होगी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'व्यावसायिक लालच% के लिए ट्रंप की धमकी के आगे झुककर युद्ध को रोक दिया। शिवसेना (उबाठा) ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम 'संदेश% (सोमवार को उनके संबोधन के संदर्भ में जिसमें उन्होंने बताया था कि भारत ने पाकिस्तान को कैसे सबक सिखाया) निरर्थक था। विपक्षी दल ने कहा कि पहलगाम हमले का बदला लेने से पहले यात्रा निकालना और राजनीति करना भाजपा का पाखंड है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या की थी। शिवसेना (उबाठा) ने कहा कि भाजपा पहलगाम हमले के बाद उसी तरह की राजनीति कर रही है, जैसी उसने 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद की थी। सीमा पार से चार दिनों तक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए राजी हुए थे। ट्रंप ने दावा किया था कि उनके प्रशासन ने दोनों देशों के बीच 'परमाणु संघर्ष को रोक दिया, और दक्षिण एशियाई दोनों पड़ोसी देशों से कहा कि अगर वे शत्रुता समाप्त करते हैं तो अमेरिका उनके साथ 'बहुत अधिक व्यापार करेगा।

ट्रंप ने यह भी घोषणा की थी कि भारत और पाकिस्तान 'पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए और यह 'अमेरिका की मध्यस्थता में रातभर चली **शेष पृष्ठ दो पर**

# भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस बीआर गवई, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ



नई दिल्ली 14 मई (निस) भारत की न्यायपालिका में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में न्यायमूर्ति गवई ने पदभार संभाला। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। वह इस शीर्ष संवैधानिक पद पर नियुक्त होने वाले देश के दूसरे अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले न्यायाधीश हैं, जो भारतीय न्यायिक व्यवस्था में समावेश की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के बाद, वरिष्ठता परंपरा के अनुसार सरकार ने जस्टिस गवई को उत्तराधिकारी चुना। 16 अप्रैल को ष्छ्द्ध जस्टिस संजीव खन्ना ने उनके नाम की सिफारिश की थी, जिसके बाद कानून मंत्रालय ने 30 अप्रैल को उनकी नियुक्ति की गयी।

### न्यायपालिका की सेवा करने के साथ संवैधानिक मूल्यों को बरकार रखने में सक्षम हैं गवई: खरगे

नई दिल्ली 14 मई (निस) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के बाद न्यायमूर्ति बी आर गवई को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह उत्कृष्टता के साथ न्यायपालिका की सेवा करते हुए संवैधानिक मूल्यों को बरकरार रखने में सक्षम हैं। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। न्यायमूर्ति गवई को राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली जो 65 वर्ष की उम्र पूरी होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के लिए न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, ''न्यायमूर्ति गवई के प्रतिष्ठित करियर से पता चलता है कि वह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने और उत्कृष्टता के साथ न्यायपालिका की सेवा करने और संविधान में निहित मूल्यों को बनाए रखने में सक्षम हैं।

### मजीठा शराब कांड: चुघ ने की न्यायिक जांच की मांग

चंडीगढ़ 14 मई (निस) भाजपा के राष्टीय महासचिव तरुण चुघ ने मजीठा में हुई दुखद शराब घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच की मांग की है और इसे आप सरकार की अक्षमता और ढहते प्रशासनिक ढांचे का सीधा परिणाम बताया है। चुघ ने मान के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस त्रासदी ने एक बार फिर आप के कुशासन के तहत पंजाब को राष्टीय शर्मसार कर दिया है। पंजाब में फल-फूल रहे अवैध शराब के कारोबार को उजागर कर दिया है।

### अब तुर्की की खैर नहीं... अपने पैर पर मार ली कुल्हाड़ी, 1200 करोड़ के सेब कारोबार पर लगा ब्रेक

गाजियाबाद 14 मई (निस) भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े हालिया तनाव के बीच तुर्की की भूमिका ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। तुर्की ने आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को ड्रोन देकर अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। साथ ही उनका पाकिस्तान के प्रति दिखा प्यार भी कई सवाल खड़े कर गया, जिसको लेकर अब भारत में उनका खूब विरोध हो रहा है। देश में तुर्की को बायकाट करने की मुहिम जारी है। इस बीच गाजियाबाद की साहिबाबाद फल मंडी के व्यापारियों ने तुर्की से फल आयात बंद करने का बड़ा फैसला लिया है।

**तुर्की के समर्थन को आतंकवाद का समर्थन बताया**

फल मंडी के व्यापारियों का कहना है कि तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन कर भारत के खिलाफ सीधी स्थिति ले ली है। व्यापारियों ने इस कदम को राष्ट्रहित में उठाया गया निर्णय बताया है। साहिबाबाद फल मंडी के एक प्रमुख फल व्यापारी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें समाचार माध्यमों से पता चला कि तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। पाकिस्तान, जो आतंकवाद को बढ़ावा देता है, उसका साथ देना मतलब आतंकवाद का समर्थन करना है। व्यापारी ने आगे कहा कि अगर कोई देश भारत विरोधी ताकतों का साथ देता है, तो उससे व्यापार करनासम्मान के खिलाफ होगा।

# पाकिस्तानी मंत्री का खुलासा : भारत पर मिसाइल हमलों के पीछे नवाज शरीफ का हाथ



कराची 14 मई (निस) पाकिस्तान के सत्तारूढ़ दल 'पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज% (पीएमएल-एन) की एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को दावा किया कि भारत के खिलाफ सैन्य अभियान की रूपरेखा पार्टी अध्यक्ष नवाज शरीफ की देखरेख में तैयार की गई थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ खुद तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने चार दिनों तक भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष समाप्त करने पर बनी सहमति पर पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेतृत्व को बधाई दी थी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री अजमा बुखारी ने दावा किया, '' भारत के खिलाफ पूरे अभियान की रूपरेखा पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ की देखरेख में तैयार की गई थी। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ ''ए, बी, सी, डी टाइप के नेता नहीं हैं बल्कि उनका काम बोलता है। मंत्री ने दावा किया, '' यह नवाज शरीफ ही थे जिन्होंने पाकिस्तान को परमाणु शक्ति बनाया और अब उन्होंने भारत के खिलाफ पूरे अभियान की रूपरेखा तैयार की। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में सात मई की सुबह पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हमले किए। पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की थी।

# सीएम रेखा का संकल्प-दिल्ली में भ्रष्टाचार पर सख्त प्रहार होगा



नई दिल्ली 14 मई (निस) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि उनका कार्यालय अब जनता की शिकायतों से सीधे तौर पर निपटेगा। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में बेहतर शासन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शहर में सब डिवीजन मजिस्ट्रेट (एसडीएम), अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) और उप-पंजीयक कार्यालयों में शिकायत पेटियां लगाई जाएंगी। गुप्ता ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद दिल्ली की लोक शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे और बेहतर बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि आम आदमी भी एक नंबर डायल करके, व्हाट्सऐप या किसी अन्य ऐप के जरिए अपनी शिकायतें दर्ज करा सके। शिकायतें दर्ज कराने के लिए संचार का हर **शेष पृष्ठ दो पर**

# बीएसएफ जवान को रिहा किया, परिवार में खुशी की लहर, ममता बनर्जी ने भी रिहाई पर खुशी जताई





कोलकाता 14 मई (निस) बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की 20 दिन बाद वतन वापसी हो गई है। वे गलती से पाकिस्तान चले गए थे, जिसके बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया था। पाकिस्तान जाने के बाद से उनका परिवार उनका इंतजार कर रहा था। उनकी वापसी से परिवार में काफी खुशी वाला माहौल है।पूर्णम कुमार की पत्नी रजनी ने कहा, मेरे लिए आज का दिन बहुत बड़ा है। सुबह बीएसएफ के हेडक्वार्टर से फोन आया था कि पूर्णम जी आ गए हैं।

पत्नी ने कहा- मैं पहचान नहीं पाई-

जवान पूर्णम शॉ की पत्नी ने कहा, 22 दिन बाद जब मैंने उन्हें वीडियो कॉल पर देखा, तो पहले तो मैं उनको पहचान ही नहीं पाई क्योंकि उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि फिक्र नहीं करो, मैं बिल्कुल ठीक हूं, मेरी मेडिकल भी हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं खाना खाकर तीन बजे आपको कॉल करूंगा। जब वो घर पर आएंगे तो, जो भी उनके फेवरेट फूड्स हैं, मैं उनको खिलाऊंगी।

ममता बनर्जी ने भी किया फोन-रजनी ने आगे कहती है कि सीजफायर के तीन दिनों के अंदर ही वे वापिस आ गए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मैं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को धन्यावाद देना चाहूती हूं क्योंकि वे लगातार फोन कर रही थीं। सभी लोगों से काफी सहयोग मिला।

ममता ने पोस्ट शेयर कर कहा-ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे यह जानकारी पाकर बहुत खुशी हुई कि हमारे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को रिहा कर दिया गया है। मैं उनके परिवार के संपर्क में थी और हुगली के रिशरा में उनकी पत्नी से तीन बार बात की। आज भी मैंने उन्हें फ़ोन किया। मेरे भाई जैसे देश के जवान, उनकी पत्नी रजनी शॉ सहित उनके पूरे परिवार को बहुत-बहुत शुभकामनाए।

ममता बनर्जी ने जताई खुशी, परिवार से रहीं लगातार संपर्क में

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पाकिस्तान की हिरासत से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ की रिहाई का बुधवार को स्वागत किया और कहा कि जवान की वापसी सुनिश्चित करने के प्रयासों के दौरान वह लगातार उनके परिवार के संपर्क में थीं। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिसड़ा के निवासी कांस्टेबल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर बीएसएफ के सुपुर्द कर दिया। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को शॉ फिरोजपुर सेक्टर में अभियान संबंधी ड्यूटी करते हुए रात करीब 11 बजकर 50 मिनट पर अनजाने में पाकिस्तान के क्षेत्र में चले गए थे और पाक रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया था।ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर पोस्ट कर कहा, ''हमारे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की रिहाई की सूचना पाकर काफी खुशी हुई। मैं लगातार **शेष पृष्ठ दो पर**

# मध्यस्थता को लेकर ट्रम्प की टिप्पणी पर रुख स्पष्ट करे सरकार-पायलट



नइ दिल्ली 14 मई (निस) कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट ने केंद्र सरकार से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए पायलट ने बुधवार को यहां कहा कि ट्रंप न केवल आतंकवाद के मूल मुद्दे पर ध्यान देने में विफल रहे बल्कि उन्होंने भारत व पाकिस्तान को एक ही तराजू में तौलने तथा कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय चर्चा में लाने का भी प्रयास किया है। पायलट ने यहां संवाददाताओं से कहा, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने व्यापार बढ़ाने की बात कर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम सुनिश्चित किया है। यह बयान आश्चर्यजनक बयान है। उन्होंने कहा, भारत ने कई युद्ध लड़े हैं, लेकिन यह पहली बार है जब संघर्ष व(?)राम की घोषणा किसी विदेशी राष्ट्रपति द्वारा की जा रही है। कुछ घंटों बाद, हमारे सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने संघर्ष विराम की पुष्टि की। घटनाओं का यह क्रम गंभीर सवाल उठाता है। ट्रंप द्वारा अपने बयानों में आतंकवाद का जिक्र नहीं किए जाने की आलोचना करते हुए पायलट ने कहा कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद भारत और पाकिस्तान के बीच वास्तविक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ट्रंप ने एक बार भी इसका जिक्र अपनी टिप्पणियों में नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, न तो अमेरिकी प्रशासन और न ही उपराष्ट्रपति (जे डी वेंस) ने सीमा पार आतंकवाद में पाकिस्तान की भूमिका की निंदा की है और न ही इसे रोकने का कोई आश्वासन दिया है। पायलट ने कश्मीर के मुद्दे को बीच में लाने के अमेरिकी प्रयास को भी खारिज कर दिया और कहा कि यह भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है ज(?)िसमें तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, हमारा मुद्दा आतंकवाद है, कश्मीर नहीं। कश्मीर को इसमें घसीटकर ट्रंप ने मामले को अनावश्यक रूप से जटिल बना दिया है। पायलट ने कहा, हमारा मुद्दा आतंक का था और वो कश्मीर को घसीट कर ले आये बीच में। वो मुद्दा ही नहीं है। कश्मीर तो पूरी तरह से भारत व पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। भारतीय संसद द्वारा 1994 में सर्वसम्मति से पारित एक प्रस्ताव का जिक्र करते हुए पायलट ने केंद्र सरकार से उस प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और किसी भी मौजूदा भ्रम को दूर करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया। इस प्रस्ताव में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लेने की बात कही गई थी।

## पृष्ठ एक का शेष...

### बलूचिस्तान ने की आजादी की घोषणा...

से समर्थन की उम्मीद –उन्होंने भारत के उस बयान का समर्थन किया जिसमें पाकिस्तान को बलूच खाली करने के लिए कहा गया था।उन्होंने लिखा–अगर पाकिस्तान ने बात नहीं मानी तो उसके लालची सैन्य जनरलों को खून–खराबे के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। यह सब उस समय हुआ है जब भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और POK में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद की गई थी, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए थे।

### हाईकोर्ट का फैसला ....

चेतावनी के बावजूद, हरियाणा ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। गोयल ने कहा, राजस्थान में तैनात सुरक्षा बलों के लिए पानी की मांग को तुरंत स्वीकार करते हुए, पंजाब सरकार ने पंजाबी संस्कृति और पंजाबियत में निहित उदारता और मूल्यों का प्रदर्शन किया है।बिजली और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंचाने की पंजाब सरकार की 4500 करोड़ रुपये की व्यापक योजना पर प्रकाश डाला, जिससे किसानों को ट्यूबवेल पर निर्भरता से मुक्ति मिलेगी और राज्य की बिजली लागत कम होगी। ईटीओ ने कहा कि राज्य के किसान 15 लाख से अधिक ट्यूबवेल के माध्यम से भूजल निकालने के लिए मजबूर हैं, जबकि पंजाब के जल संसाधनों का उपयोग अन्य राज्यों द्वारा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश ब्लॉक डार्क जोन में चले गए हैं और भूमि का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

### उद्धव ठाकरे का सरकार पर तंज

लंबी बातचीत के बाद हुआ। बाद में 'ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कश्मीर मसले के 'समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ काम करने की पेशकश की, लेकिन युद्ध रोकने के 'ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय पर पहुंचने में दोनों देशों की मदद करने का श्रेय वाशिंगटन को दिया। नयी दिल्ली में भारत सरकार के सूत्रों ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य परिचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) में जल, थल और नभ में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को रोकने को लेकर एक सहमति बनी और इसमें कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं है। भारत इस रुख पर कायम है कि कश्मीर मुद्दा एक द्विपक्षीय मामला है और किसी तीसरे पक्ष के लिए कोई जगह नहीं है।

### सीएम रेख गुप्ता का संकल्प ....

माध्यम उपलब्ध होना चाहिए, ताकि वे सरकार के समक्ष अपनी आवाज उठा सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्हें एसडीएम, एडीएम और सब–रजिस्ट्रार कार्यालयों के बारे में कई शिकायतें मिली हैं। गुप्ता ने कहा, ''लोग इन शिकायत पेटियों के माध्यम से अपनी शिकायतें सीधे मुझे भेज सकते हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुप्ता ने पिछली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के तहत लोक शिकायत निवारण तंत्र को ''विफल करार देते हुए कहा कि उस समय शिकायतें या तो सरकार तक नहीं पहुंचती थीं या उनका समाधान नहीं हो पाता था। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार लोगों की समस्याओं को सुनने और हल करने के लिए एक अद्यतन, एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित करने पर काम कर रही है।

### बीएसएफ जवान रिहा करने पर परिवार खुश

उनके परिवार के संपर्क में थी और हुगली के रिसड़ा में उनकी पत्नी से तीन बार बात की। आज भी मैंने उन्हें फोन किया।%% उन्होंने कहा, ''मेरे भाई समान जवान, उनकी पत्नी रजनी शॉ सहित उनके पूरे परिवार को बधाई।%% इससे पहले दिन में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा था कि मुख्यमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में कई बार जवान की पत्नी से व्यक्तिगत तौर पर संपर्क किया और परिवार को समर्थन तथा मदद का आश्वासन दिया।

# सकारात्मक चिंतन के साथ राष्ट्र की प्रगति में सहयोग दें पत्रकार : डॉ. रविन्द्र सिंह

## गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय हिसार में विश्व संवाद केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी और पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन



**हिसार, 14 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ. रविन्द्र सिंह ने कहा है कि प्रत्येक राष्ट्र की प्रगति में पत्रकारिता की अहम भूमिका होती है। पत्रकार सकारात्मक चिंतन के साथ राष्ट्र के उतार–चढ़ाव में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर अपना सहयोग दें। वे बुधवार को विश्व संवाद केन्द्र और गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय हिसार के संयुक्त तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में च्राष्ट्रीय सशक्तीकरण में पत्रकारिता की भूमिकाच् विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पत्रकारों और अन्य जन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि के तौर पर अग्रोहा विकास ट्रस्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने की। इस अवसर पर च्पत्रकार मिलन समारोहच् के तहत पत्रकारिता क्षेत्र में अग्रणी पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए डॉ.रविन्द्र सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद आद्य पत्रकार थे। ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार के रूप में जिन आदर्शों को उन्होंने प्रतिस्थापित किया आज वो हम सब के लिए अनुकरणीय है। निष्पक्षता, त्वरित सूचना संप्रेषण समाज को जागरूक करने की क्षमता, संचार कौशल, समदृष्टि और आत्म–नियंत्रण, नारद जी के इन गुणों से प्रेरणा लेकर, आधुनिक पत्रकारिता में इन आदर्शों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य विचारधारा से अपने आप को बचाकर भारतीय संस्कृति के संवर्धन और भारतीय मूल्यों को प्रसारित करने के लिए श्रेष्ठ पत्रकारिता की आज आवश्यकता है। इसी से राष्ट्र में एकता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि विदेशियों द्वारा स्थापित नैरेटिव को तोड़कर हमें आगे बढ़ना होगा तभी हम समाज में एकरूपता और बदलाव को सुनिश्चित कर सकेंगे। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अग्रोहा विकास ट्रस्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया ने कहा कि देवर्षि नारद ने जिस प्रकार पक्ष से रहित होकर सदा ही उचित बात को रखा है वह पत्रकार समाज के लिए अनुकरणीय है। आज के पत्रकारों को देवर्षि नारद से सीख लेकर समाज हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने देव ऋषि नारद जयंती के आयोजन के लिए सभी पत्रकारों व आयोजन समिति को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने कहा कि आज संचार क्रांति के युग में भ्रामक और गलत जानकारी को तुरंत सांझा कर दिया जाता है। इससे बचने के लिए हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रिंट मीडिया पर निर्भर होकर जानकारी को सत्यापित करना चाहिए और भारत के संस्कारों व मूल्यों को जानकर उसके अनुरूप राष्ट्र की एकता में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा देवर्षि नारद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉ.रविन्द्र सैनी व स्वागत परिचय डॉ.संदीप द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम की भूमिका पर वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार सुशील कुमार नवीन ने वक्तव्य दिया। मंच संचालन अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अंकित राज शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ. सुखबीर सिंह दुहन ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान कार्यक्रम में पवन जिंदल, पुनीत कुमार, भूपेंद्र कुमार,मोहित बंसल, सतीश कुमार, सुरेश कुमार विश्व संवाद केंद्र हिसार से डॉ.संदीप व डॉ. रविंद्र सैनी, सुशील कुमार, प्रो. मनोज दयाल, डॉ रमेश आर्य, राहुल मित्तल, देवेंद्र उप्पल, पवन कुमार, धीरज कुमार, बलवंत सिंह, बबीता गौड़, चेतन सिंह, महेंद्र सपड़ा, विनोद सैनी, देवेंद्र, श्याम नंदन,प्रवीण कुमार, प्रवीण सोनी, नवीन दलाल, संजय ढाण्डा, मयंक, सुभाष, रणसिंह पंवार, विनोद गांधी, मनोज हिसारी, दीपक, गुलशन बजाज, समीक्षा जैन, प्रतिभा शर्मा, सचिन, दिव्यांशु शर्मा,छत्रपाल, राहुल मित्तल व अनेक पत्रकार, शिक्षामित्र व पत्रकारिता के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आर्य गर्ल्स सी. सै. स्कूल की कॉमर्स संकाय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**कालका, 14 मई ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह ) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित 10+2 परीक्षा में आर्य



गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कालका की कॉमर्स संकाय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉमर्स संकाय में प्रियंका ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गुरप्रीत कौर ने 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और श्रुति ने 85.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की कुल 7 छात्राएँ मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं, जबकि 27 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।जो स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान प्रेम सिंह एवं अन्य सदस्यों ने प्रधानाचार्य कुलदीप शर्मा तथा समस्त शिक्षकों और छात्राओं को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मानसून से पहले सीवरेज व नालों की सफाई का कार्य करें पूरा

**बरसाती पानी की निकासी की तैयारियों का उपायुक्त व निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश**



**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के खारवन मोड़, शांति कॉलोनी, बूडिया़ रोड़ से खारवन, मेट्रो मोटर मोड़, इंडस्ट्री एरिया यमुनानगर, लाजपत नगर व विश्वकर्मा चौक के नालों व सीवरेज का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी, आईएएस अंडर ट्रेनिंग सुमन यादव, उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह, कार्यकारी अभियंता पब्लिक हैल्थ डिविजन–1 सौरभ अहलावत, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, एसडीओ पब्लिक हैल्थ लाल सिंह, सीएसआई नगर निगम सुनील दत्त, हरजीत व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने पब्लिक हैल्थ व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में जितने भी नाले व सीवरेज है उनकी बरसातों से पहले सफाई कर लें ताकि बरसातों में अनावश्यक पानी सड़कों पर न इकठ्ठ हो और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पब्लिक हैल्थ के अधिकारी को निर्देश दिए कि सिवरेज की सफाई के लिए मशीनों की संख्या बढ़ा दे ताकि बरसातों से पहले सिवरेज की सफाई हो सके। नगर निगम के अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि बूडिया़ से खारवन रोड़ पर पहले सडक़ पर पानी इकठ्ठ हो जाता था, जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था उसको देखते हुए नगर निगम ने नाले का निर्माण किया गया है। मौके पर संजीव व रमेश सैनी ने उपायुक्त के सामने समस्या रखी कि नाले के साथ कई जगह पर पानी इकठ्ठा हो जाता है। इस पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह पानी पंप के द्वारा बाहर निकाला जाए। इसी प्रकार सुनील अग्रवाल ने मेट्रो मोटर के नाले की सफाई के बारे में उपायुक्त को अपनी समस्या रखी ताकि बरसातों में पानी इकठ्ठ न हो। विपिन धवन ने विश्वकर्मा चौक के पास नाले पर अवैध कब्जे के बारे में उपायुक्त को जानकारी दी। इस पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन नालों की समय–समय पर सफाई की जाए व जहां पर नालों पर अवैध कब्जा हुआ है उसका भी निरीक्षण करें। पुलिस चौकी जगाधरी निवासियों ने उपायुक्त के समक्ष नाला बंद होने की समस्या रखी, जिस पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने विभिन्न कालोनियों सैक्टर–17, प्रोफेसर कॉलोनी से होते हुए लाजपत नगर से निकल रहे बड़े नाले तथा बांसो वाली पुलिया के पास नाले का भी निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों ने को बांस से नाले की गहराई मापी और पूरी गहराई तक नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। डीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले जल निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाए। सभी नालों व सीवरेज की समय–समय पर सफाई हो जिससे शहर में कही भी जल भराव के हालात न बने। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सिवरेज की सफाई के दौरान पाया कि सिवरेज साफ करने की मशीन द्वारा बोरी, पोलिथीन, प्लास्टिक के कट्टा इत्यादि सिवरेज से बाहर निकाले गए। इस पर उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि वह बोरी, कट्ट, पोलिथीन इत्यादि सिवरेज में न डालें जिससे सिवरेज ब्लॉक हो जाते है और बरसातों के मौसम में पानी सड़कों पर इकठ्ठा हो जाता है।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोष्टिक आहार किट प्रदान की

**पिंजौर, 14 मई ( अजीत सिंह ) :** पंजाबी सभा अरोड़ा/ खत्री पिंजौर



सामाजिक संस्था है । जो की समय समय पर समाज भलाई के कार्य करती रहती है । पंजाबी सभा ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत 10 टीबी मरीजों को 9वी वार पोष्टिक आहार किट प्रदान की । यह प्रकिर्या आगे भी जारी रहेगी ।भारत सरकार का मक़सद है की टीबी को साल 2025 तक ख़त्म करना है, ऐसे सराहनीय कदम में पंजाबी सभा भी सरकार के फैसले के साथ है । पंजाबी सभा की चीफ पेट्रन मोहिन्दर कक्कड़ ने बताया कि टी बी की बीमारी लाइलाज नहीं हे इस को जड़ से मिटाया जा सकता हे ।चेयरमेन नरेंद्र खन्ना एव प्रोजेक्ट हेड तेजिंदर चावला ने सभी मरीजो को कहा की आप सभी दवाई समय पर ले तभी आप जल्दी ठीक हो सकते है । इस जनकल्याण कार्य में पंजाबी सभा चीफ पेट्रन मोहिंदर कक्कड़, चेयरमेन नरेंद्र खन्ना,उपप्रधान एच सी कालरा, प्रोजेक्ट हेड तजिंदर चावला उपस्थित रहे ।

## सीबीएससी 12वीं में छाए ऑर्बिटल एकेडमी के छात्र


***योगंश जैन ने केमिस्ट्री में 100 अंक लेकर ज़िले में प्राप्त किया प्रथम स्थान***




**पिंजौर, 14 मई ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी ) :** ऑर्बिटल एकेडमी के डायरेक्टर आरिफ ने बताया कि इस साल भी एकेडमी का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। उनकी एकेडमी के छात्रों ने सी. बी. एस .सी. 12वीं में बहुत शानदार प्रदर्शन किया । छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अभिभावकों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। योगंश जैन ने केमिस्ट्री में 100 अंक लेकर ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगंश जैन ने ओवरऑल 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। जिसमें केमिस्ट्री में 100, फिजिक्स में 95 , बायोलॉजी में 98 अंक प्राप्त किये । जपनीत 92 प्रतिशत , तुषार गिल 91 प्रतिशत, भव्या 88 प्रतिशत, खुशहाली 88 प्रतिशत, कृतिका 85 प्रतिशत, शफिया 84 प्रतिशत, सक्षम 80 प्रतिशत अंक के साथ एकेडमी का नाम रोशन किया है। एकेडमी के 20 छात्रों ने 80 प्रतिशत से ज़्यादा अंक लिये। आरिफ ने बताया कि पिंजौर, कालका के अलग- अलग स्कूल के टॉपर उनके छात्र है। आरिफ ने रिजल्ट का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और टीचर्स को दिया है। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता के लिये बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।


## श्रद्धा और भक्ति से गूंजा महावीर हनुमान मंदिर, बाबा भजन दास जी की पुण्यतिथि पर जागरण व भंडारे का आयोजन





**रायपुररानी,14 मई (देवेन्द्र सिंह):** रायपुररानी कस्बे के प्राचीन महावीर हनुमान मंदिर में श्री श्री 108 बाबा भजन दास जी की 21वीं पुण्यतिथि पर भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा भजन दास जी की पूजन–विधि और हनुमान जी के भजनों से हुई, जो देर रात तक श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबोए रहा। जबकि रात्रि जागरण के दौरान अनेक प्रसिद्ध भजन गायकों ने बाबा भजन दास जी के जीवन दर्शन और शिक्षाओं पर आधारित भजन प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति का अद्वितीय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी देते हुए आयोजक परमानंद ने बताया कि यह आयोजन समाज में भक्ति, सेवा और एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

## हांसी पुलिस ने स्पेशल चेकिंग अभियान चला वाहनों को किया चैक, नाकाबंदी कर वाहनों की सघनता से की चेकिंग



**हांसी,14 मई ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा–निर्देशानुसार पुलिस हांसी ने जिलेभर में वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान विशेष दोपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही, वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। इसके अतिरिक्त अन्य वाहनों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 114 वाहनों के चालान किए गए। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों को खुलवाकर सर्च भी किया। चेकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चेकिंग की गई। पुलिस ने मौके पर ही चालान किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी पुलिस द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले, अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस जिला हांसी में भिन्न–भिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चेकिंग की गई। ऐसे अभियान आगे भी चलाए जाएंगे।

**सूचना**
सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**
समाचार–पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**
हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।
**कार्यालय: 15–ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**
जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**
दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार–पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

# उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने किया गन्नौर लघु सचिवालय, तहसील कार्यालय, पीएचसी व पशु अस्पताल का औचक निरीक्षण

*अधिकारी-कर्मचारी जनसेवा की भावना से करें कार्य, व्यवहार कुशलता का रखें ध्यान : उपायुक्त*



**सोनीपत, 14 मई ( विनोद ) :** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बुधवार को गन्नौर स्थित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनसेवा की भावना से, पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध व प्रभावी ढंग से मिले, इसके लिए सभी कर्मचारी सजग और उत्तरदायी रहें।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसरों में पेयजल व साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों में स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

डॉ. मनोज कुमार ने तहसील कार्यालय में रिकॉर्ड रख-रखाव को सुव्यवस्थित रखने व ऑनलाइन सेवाओं को समय पर और सक्रिय रूप से प्रदान करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में पड़े अनुपयोगी सामान को कंडम घोषित कर नीलाम किया जाए, ताकि स्थान की उपलब्धता बढ़े और साफ-सफाई में सुविधा रहे। इसके साथ ही उन्होंने फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित जांच के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि यदि किसी नागरिक को कार्यालय संबंधी कोई समस्या या शिकायत हो तो वह संबंधित विभागाध्यक्ष को तत्काल अवगत कराए, ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके।

**गांव बेगा स्थित पीएचसी व पशु अस्पताल का भी किया निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने गांव बेगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) एवं पशु अस्पताल का भी दौरा किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर, दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर समेत सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों को मरीजों को बिना किसी देरी के उपलब्ध करवाया जाए और उन्हें बाहरी दुकानों से दवाइयां लाने को न कहा जाए। यदि इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित कर्मी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और वहां आने वाले लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रवेश कादियान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रूकमणि स्कूल का 12वीं व 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत



**शाहाबाद मारकंडा, 14 मई ( रूबी ) :** माता रूकमणि राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं व 10वीं के घोषित परीक्षा परिणाम के साथ ही विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर से कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त हुए शत-प्रतिशत प्रणाम अर्जित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. दिव्या कौशिक ने परिणाम बताते हुए कहा की कॉमर्स संकाय के सरताज विर्क ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में सरताज विर्क 98.6 प्रतिशत, दीक्षांत 91 प्रतिशत, आयुष गुप्ता 86.2 प्रतिशत, यशिका 86 प्रतिशत, अंश शर्मा 84 प्रतिशत। साइंस संकाय में किरण 96 प्रतिशत, वासुदेव वर्मा 91 प्रतिशत, आयुष 89.2 प्रतिशत, गुरविंदर 86.2 प्रतिशत, आश्रुत्ती 83.8 प्रतिशत। आर्ट संकाय में शिवानी 95 प्रतिशत, वंशिका 94 प्रतिशत, कृतिका 92 प्रतिशत, रितिक 91 प्रतिशत , तनुज ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**कक्षा दसवीं का परिणाम इस प्रकार रहा** -गार्गी 96 प्रतिशत , निहारिका 91.4 प्रतिशत , मयंक वर्मा 91 प्रतिशत, प्रोमिल 90.4 प्रतिशत, अंशुल गर्ग 87.2 प्रतिशत, इष्मण 86 प्रतिशत , रमनदीप 85.2 प्रतिशत, पार्थ 85 प्रतिशत , रित्विक 85 प्रतिशत, निति बंसल 85 प्रतिशत, सुहाना 85 प्रतिशत, गीत 84 प्रतिशत, हरमंदीप सिंह 83.2 प्रतिशत, भाविका जैन ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस खुशी के अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य प्रधान कुलदीप गुप्ता, मैनेजर रामलाल बंसल, उप-प्रधान रमनकांता शर्मा, कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता, सदस्य प्रवीण बंसल, गुलशन आनंद, रविंद्र गुप्ता, महेंद्र कंसल, मधुबाला गुप्ता, मनोज कुमार बंसल व अंशुल बंसल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. दिव्या कौशिक, संयोजिका प्रमिला शर्मा व पूरे स्टाफ मेंबर ने बच्चों व उनके माता-पिता को बधाई दी।

# अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य पालन विभाग द्वारा दिया जा रहा है विशेष अनुदान

**हिसार, 14 मई ( ब्यूरो ) :** मत्स्य पालन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्पेशल कंपोनेंट योजना के अंतर्गत अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मछली पालन के लिए पंचायती तालाब पटृट्टे पर लेने के लिये प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर पचास हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा पट्टे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं द्वितीय एवं आगामी वर्षों की पट्टा राशि पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 40,000 /- रुपये प्रति हेक्टेयर अधिसूचित पानियों में से मछली पकड़ने के लिए ठेकेदारों को स्वीकृत बोली का 50 प्रतिशत अथवा 5,00,000/-रू0 अधिकतम सीमा तक रेहड़ी (स्टोव / गैस, चूल्हा, बर्तन आदि सहित) पर 60,000/- रुपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम राशि 36,000/- रुपये प्रति लाभार्थी, खाद-खुराक पर कुल लागत रुपये 1,50,000/- हेक्टेयर का 60 प्रतिशत या धनराशि 90,000/- हेक्टेयर जो भी कम हो, मछली पालन हेतु 40,000/-रू के जाल खरीद पर 60 प्रतिशत या धनराशि 24,000/- रुपये का प्रति लाभार्थी, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा। इन्टसिंव स्कीम के अंतर्गत विभाग द्वारा तालाब सुधार, खाद-खुराक, रेहड़ी व जाल खरीदने के साथ-साथ मत्स्य पालन के लिए सोलर सिस्टम लगाने पर 40 से 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। राज्य स्तर पर मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन की विभिन्न गतिविधियों पर मत्स्य पालकों को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत मीठे पानी के मत्स्य पालन के लिए नया तालाब बनाने व खाद-खुराक पर अधिकतम खर्च 11 लाख, खारे पानी मछली पालन के लिए नया तालाब बनाने व खाद-खुराक पर अधिकतम खर्च 14 लाख पर 40 प्रतिशत सामान्य वर्ग व 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए अनुदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की अन्य गतिविधियां जैसे कोल्ड स्टोर, फिड मिल, रेफ्रिजेरेटेड व्हीकल मोटर साइकिल व आईस बॉक्स, साइकिल व आईस बॉक्स बायोफ्लॉक व आर.ए.एस. इकाई की स्थापना इत्यादि पर भी 40 प्रतिशत सामान्य वर्ग व 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति व महिलाओं के लिए अनुदान की व्यवस्था की गई है। मत्स्य पालक भली प्रकार मछली पालन का कार्य कर सके इसके लिए विभाग द्वारा मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य की स्कीम अनुसार लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी, बेरोजगार व सरकारी संस्था से मत्स्य पालन में प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। किसी भी मद में लाभ प्राप्ति हेतु आवेदन सरल पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिला स्तर पर समय-समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मत्स्य विभाग की अधिक से अधिक स्कीमों का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। मत्स्य पालन से जुड़ी किसी भी योजना के विषय में अधिक जानकारी व अपना प्रार्थना पत्र देने के लिए सिरसा बाईपास पर ब्लु बर्ड रिसोर्ट के पास स्थित जिला मत्स्य अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य किसान विकास एजेंसी के कार्यालय अथवा उपरोक्त विभाग के दूरभाष नंबर 9813585701 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सेवाभाव, परमार्थ व पुण्य के कार्यों में गलैक्सी बासमती राईस का अहम योगदान : सुभाष गुप्ता



**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि सेवाभाव, परमार्थ व पुण्य के कार्यो में गलैक्सी बासमती राईस का अहम योगदान है। इनकी तरफ से हमेशा ही धार्मिक एवं सामजिक आयोजनों में न केवल सबसे बड़ा योगदान होता है, ब्लकि यह परिवार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सबसे ज्यादा प्रयासरत रहते हैं। उन्होने कहा कि गोयल इंटरनैशनल प्रा.लि. तरावड़ी की ओर से समय-समय पर न केवल धार्मिक आयोजन करवाए जाते हैं, ब्लकि सेवाभाव के कार्य भी करवाए जाते हैं। आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के प्रधान सुभाष गुप्ता तरावड़ी अनाज मंडी मे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी की तरफ से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार जाने वाले 300 से ज्यादा श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम करने को लेकर आढती एसोसिएशन की तरफ से गोयल इंटरनैशनल प्रा.लि. तरावड़ी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का जत्था तरावड़ी से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ था। जिसमें आढ़ती, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्त्ता, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व पत्रकार शामिल रहे। सभी के लिए गलैक्सी बासमती राइस की ओर से ए.सी. कमरो, हॉल, नाश्ते व लंच के इंतजाम किए गए थे। आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि इस संसार में अनेक प्रकार के पुण्य और परमार्थ हैं। दूसरों की सेवा-सहायता करना पुण्य कार्य है। गलैक्सी बासमती राईस भी पुण्य के कार्यों में बढ़ चढ़कर अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने एसोसिएशन की ओर से गोयल इंटरनैशनल प्रा.लि. तरावड़ी के सी.एम.डी. विनोद गोयल, कृष्ण गोयल एवं विजय गोयल समेत गलैक्सी परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, रामनिवास बंसल, कृष्ण राणा, विरेंद्र बंसल, राकेश हंस, यश गर्ग, मयंक गर्ग, नरेश गर्ग, अनिल सिंगला, रणजीत भारद्वाज, विरेंद्र जांगड़ा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दम्पत्ति पर जानलेवा हमला करने का आरोपी किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना गांधीनगर पुलिस की टीम ने अशोक विहार कालोनी निवासी श्याम सिंह व उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोपी मोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना प्रबंधक जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अशोक विहार कालोनी निवासी श्याम सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह प्लाईवुड फैक्ट्री में कार्य करता है।

एक जनवरी को पड़ोसी आशीष सिंह के साथ मोहित शर्मा, उर्मिला, सोनिया ने झगड़ा किया। आरोप है कि इस झगड़े में मोहित ने मेरा भी नाम लिखकर थाना में शिकायत दे दी थी।

दो फरवरी को दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया था। नौ फरवरी को मोहित शर्मा व उसके परिवार की महिलाओं ने फिर से गाली गलौज की। जब मामला पुलिस तक गया तो वहां पर भी दोनों पक्षों के बीच फिर से समझौता हो गया लेकिन आरोपी मोहित शर्मा रंजिश रखे रहा। इसी रंजिश में आरोपी अपने परिवार की महिलाओं व लोगों के साथ 18 फरवरी को घर में घुस आया और मारपीट की।

बीच बचाव में आई पत्नी को भी पीटा। डायल 112 को सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंचती। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में 20 फरवरी को गांधीनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक सुखदेव सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी अशोक विहार कॉलोनी निवासी मोहित पुत्र जगदीश चंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## वाह : डिवाइन एकेडमी की आशना ने मैथ विषय में लिए 100 में से 95 अंक

*10 विद्यार्थियों ने 90 से ज्यादा अंक प्राप्त कर चमकाया डिवाइन एकेडमी का नाम*



**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में डिवाइन एकेडमी तरावड़ी के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों ने तरावड़ी शहर की नही ब्लकि करनाल जिले में अपना परचम लहराया। आशना ने मैथ विषय में 100 में से 95 अंक प्राप्त किए। 10 विद्यार्थियों ने मैथ विषय में 90 से ज्यादा अंक प्राप्त कर डिवाइन एकेडमी का नाम रोशन किया। डिवाइन एकेडमी के संचालक भवनीश वधवा और संचालिका कृतिका वधवा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। डिवाइन एकेडमी के लिए यह एक गौरवशाली क्षण है, क्योंकि उनके छात्रों ने गणित में अच्छे अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। 10 छात्रों ने 90 से अधिक अंक व 15 छात्रों ने 80 से अधिक अंक प्राप्त कर बाजी मारी है। जिसमें आशना ने 95, विक्रम ने 92, जबकि सिया, आरची, दीपांशी, भूमित ने 91 और योगिता, हरमन ने 90 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि अमन ने 89, गीतांजलि ने 88, कीर्ति ने 88, यशिका ने 85, पार्थ ने 84, जशन ने 83 और कनिका ने 81 अंक प्राप्त कर डिवाइन एकेडमी का नाम चमकाया। डिवाइन एकेडमी के संचालक भवनीश वधवा और संचालिका कृतिका वधवा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा उन्होंने आने वाले समय में ऐसे ही अच्छे अंक लाने की प्रेरणा दी। काबिलेगौर है कि पिछले कई वर्षों से डिवाइन एकेडमी के छात्रों ने अलग-अलग क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त की है। जिसमें ध्रुव काठपाल ने आईआईटी में और ख्याति ने एनडीआरआई करनाल में एडमिशन लेकर डिवाइन एकेडमी का नाम चमकाया है।

## डीएलएसए द्वारा किया कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र, 14 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इसी कड़ी में पीएलवी तनुज ने गांव रामगढ़ में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों,नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रुप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (असंगठित मजदूरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2016, पोष एक्ट, पॉक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में जागरूकता लाना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।

## खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5 लाख 59 हजार 479 एमटी गेहूं : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 14 मई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 59 हजार 479 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 26 हजार 424 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201949 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22119 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 100 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 100 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 59 हजार 479 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 24 हजार 935 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 5 लाख 59 हजार 313 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की गई है।

## पंजाब के लाखों पैंशन धारकों के लिए खुशखबरी

**चंडीगढ़ 14 मई (निस)** राज्य के पेंशनधारकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। दरअसल, पेंशनरों की सुविधा के लिए और उनकी पेंशन से जुड़ी लंबित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जालंधर और चंडीगढ़ में पेंशन अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ये पेंशन अदालतें आगामी 19 मई 2025 को लगाई जाएंगी। इन अदालतों में पेंशनर अपनी पेंशन संबंधी शिकायतें या समस्याएं प्रस्तुत कर सकेंगे ताकि उनका मौके पर ही समाधान किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, जो पेंशनर्स इन अदालतों में अपने मामले प्रस्तुत करना चाहते हैं, उन्हें अपनी अर्जियां निर्धारित कार्यालयों में जमा करवानी होंगी। लगने वाली पेंशन अदालत के लिए अर्जियां सुप्रिटेंडेंट, पेंशन ब्रांच, कमिश्नरेट जलंधर मेंजमा करवाई जा सकती हैं।


**COURT NOTICE**

**In the Court of Ms. Khushboo Goel Additional Civil Judge (Senior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001674-2025**
**Next Date: 18.07.2025**
Raj Rani W/o Ravinder Kumar
Versus
General Public
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.**07.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 12-05-2025
**Sd/- Additional Civil Judge (Sr. Divn.), Karnal**

**In the Court of Dr. Renu solkhe Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari**
**CNR No. HRRE02-002008-2024**
**Next Date: 26.05.2025**
Emarti Devi
Versus
General Public
Notice to:General Public:- NA
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **26.**05.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_ notice&district=Rewari
Dated this day of 13-05-2025
**Sd/- Dr. Renu solkhe Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री आवासीय योजना के तहत गरीब पात्र लोगों को 100-100 व पचास-पचास गज के प्लॉट देने हेतु पात्र व अपात्र सुचि तैयार करने के लिए दिनांक 20-05-2025 को सुबह 11 बजे सरकारी स्कूल में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया जाना है। मौके पर विभाग से संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी ग्रामीणों से अनुरोध है कि सभा में ज्यादा से ज्यादा पहुंचें। खंड व पंचायत अधिकारी मुनक। ग्राम सचिव सोनू नरवाल सरपंच श्रीमती परमजीत कौर ग्राम पंचायत कुताना।



**COURT NOTICE**

**In the Court of Sh. Aditya Jain Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class,**
**CNR No. HRPP02-001744-2021**
**Next Date: 04.08.2025**
ICICI Bank Limited
Versus
RS Enterprises
Suit for recovery
Notice to: RS Enterprises:- operating near Kuber Dharam Kanta, Barsat Road, Noorwala, Panipat through its Prop. Simmi wife of Vijay Kumar r/o HNo. 17-9, Ashok Nagar, Tehsil Town, Panipat
In above titled case, the defendant could not be served. It is ordered that defendant should appear in person or through counsel on **04.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Panipat
Dated, this day of 13-05-2025
**Sd/- Sh. Aditya Jain Civil Judge Junior Division-Cum-JMIC Ist Class,**

**In the Court of Dr. Sushil Kumar Garg Additional District and Sessions Judge, Karnal**
**CNR No. HRKR01-007746-2018**
**Next Date:- 05-07-2025**
Krishan Kumar
Versus
Ishwar Devi
Notice to: Dharam Pal deceased his Lrs 3 C, Santosh, 3D, Suman, 8B (iii) Santosh, 8B (iv) Suman, all R/o Ward NO. 7, near Killa, Indri, Distt. Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.**07.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 07-05-2025
**Sd/- Dr. Sushil Kumar Garg Additional District and Sessions Judge, Karnal**

**In the Court of Nitika Bansal Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-001635-2025**
**Next Date: 24.07.2025**
**CS/1296/2025**
Jamna Devi
Versus
General Public
Notice to: General Public:- Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **24.**07.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 13-05-2025
**Sd/- Nitika Bansal Civil Judge (Junior Division), Karnal**

**In the Court of Sh. Amit Nain Civil Judge (Junior Division),**
**CNR No. HRJNB1-000303-2024**
**Next Date: 05.08.2025**
Geeta Alias Anjali
Versus
State Bank of India
Suit for mandatory injunction directing the defendant no 1 to amke the payment of term deposit advice of account no 32457787573 dated 31.07.2012 principal amount of Rs. 1,42,581 along with interest tyhereon 8.75 percent annum w.e.f. 31.07.2012 to upto date till final payment to the plaintiff
Notice to:General Public:- GP
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_ notice&district=Jind
Dated this day of 13-05-2025
**Sd/- Sh. Amit Nain Civil Judge (Junior Division),**

**In the Court of Ms. Gauri Narang Judicial Magistrate - Ist Class**
**CNR No. HRYN03-006293-2022**
**Next Date: 22.07.2025**
Daffodil Power Industries Private Ltd
Versus
S.K. Enterprises Thro Karnal
Notice to: 1. S.K. Enterprises, Shop No. 1, Gali NO. 6, Pundlik Nagar, Aurangabad, Maharashtra-431001 (GSTIN/UNI: 27HOSPK5654HIZ7, Through its proprietor Shri Kunal Kale, 2. Shri Kunal Kale, Proprietor of S.K. Enterprises, Shop NO. 1, Gali No. 6, Pundlik Nagar, Aurangabad, Maharashtra-431001 (GSTIN/UNI: 27HOSPK5654HIZ7
In above titled case, the accused could not be served. It is ordered that accused should appear in person or through counsel on **22.**07.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/trs=district_ notice&district=Yamunanagar
Dated, this day of 14-05-2025
**Sd/- Ms. Gauri Narang Judicial Magistrate - Ist Class**

**In the Court of Anmol Kakkar Civil Judge (Junior Division), Karnal**
**CNR No. HRKR02-000047-2022**
**Next Date:- 04-08-2025**
**CS/31/2022**
Canara Bank
Versus
Baghail Singh
Notice to: Sh. Major Singh Son of Sh. Avtar Singh R/o Derea Verna Fatehgarh Village JHalmana Teh Assandh Distt. Karnal
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.**08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district=Karnal
Dated, this day of 08-05-2025
**Sd/- Anmol Kakkar Civil Judge (Junior Division), Karnal**

# सम्पादकीय

## ट्रोलर्स के सामने बेबस आईएएस-आईपीएस?

भारतीय संविधान के अनुसार देश की प्रशासनिक व्यवस्था (कार्यपालिका) के प्रमुख स्तंभ आईएएस और आईपीएस अधिकारी इतने बेबस होंगे, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लोकतंत्र के स्तंभ अधिकारी जब अपनी ही रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिक किस हालत में रह रहे होंगे। इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। हाल ही में विदेश सचिव विक्रम मिसरी उनकी बेटी और उनके परिवार जनों पर जिस तरह से ट्रोलरों द्वारा उनके ऊपर हमला किया। ट्विटर अकाउंट पर उन्हें गद्दार, देशद्रोही और ऐसे ऐसे शब्दों से उन्हें और उनके परिवार को नवाजा गया। उससे वह इतने हताहत और भयभीत हुए, उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट को प्राइवेट कर दिया। कुछ इसी तरह की घटना हिमांशी नरवाल के साथ हुई थी। उनके पति सेना में थे, कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। पहलगाम हनीमून मनाने गए थे, वहां आतंकी घटना में उनके पति की आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। हिमांशी ने कश्मीर के लोगों के बारे में बताते हुए कहा, कश्मी?रियों ने घटना के बाद सबकी मदद की है। उनकी इतना कहते ही सोशल मीडिया पर ट्रोलरों ने सेना के अधिकारी की विधवा हिमांशी पर हमला करते हुए उसे जिस तरीके से अपमानित किया है। सारे देश ने वह देखा है। सोशल मीडिया के ट्रोलर्स जिन्हें सत्ताधारी राजनीतिक दल का संरक्षण प्राप्त है। वह सत्ताधारी दल की विचारधारा के विपरीत यदि कोई बात कह देता है, तो उसे देशद्रोही, गद्दार, पाकिस्तान चले जाओ और तरह-तरह के ऐसे शब्दों से नवाजा जाता है। जिसे ट्रोल किया गया है वह डर तथा भय के कारण शांत होकर बैठ जाता है। सरकार और प्रशासन द्वारा इन ट्रोलरों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। ट्रोलिंग की इस अराजक संस्कृति ने संविधान प्रदत अ?भिव्य??क्ति की स्वतंत्रता का लाभ उन परिवारों को निशाना बनाने के ?लिये ?किया जाता है, उनकी व्यक्तिगत गरिमा को चोट पहुंचाई जाती है। व्य??क्तिगत कार्यशैली और निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लगाकर सोशल मीडिया में अपमानित किया जा रहा है। उसके बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होना आश्चर्य का विषय है। कार्यवाही करने की जिम्मेदारी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ऊपर है। वह निंदा तो कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। इससे समझा जा सकता है हमारा प्रशासनिक तंत्र राजनेताओं के सामने किस तरह से बेबस है। भारतीय संविधान में नागरिकों को जो मौलिक अधिकार ?मिले हैं। वह कानून की किताबों में तो सुरक्षित हैं, वास्तविकता उसके ठीक विपरीत है। ट्रोल आर्मी द्वारा कई वरिष्ठ अधिकारियों का सोशल मीडिया पर घोर अपमान और निराधार आरोप लगाकर समय-समय पर ट्रोल किया गया है। ट्रोलर्स उन्हें भी राजनीतिक एजेंडे से जोड़ते हैं। उनके निजी जीवन में झाँकते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के निर्णयों और कार्यवाही को पक्षपातपूर्ण ठहराते हैं। यह सिलसिला तब खतरनाक हो जाता है। जब सत्ता पक्ष के समर्थक संगठित रूप से अधिकारियों, पत्रकारों, राजने?तिक दलों के नेताओं और आमजनों को निशाना बनाते हैं। यह स्थिति मनोबल गिराने और भय फैलाने का काम करती है। स्वतंत्र प्रशासनिक निर्णयों में बाधा डालने के रुप में इसे देखा जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है, इस तरह की ट्रोलिंग सुनियोजित रूप से कई वर्षों से की जा रही है। बॉट्स एप, फेक आईडी और संगठित रूप से आईटी सेल की भूमिका सामने आई है। जब सजग अधिकारी अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए निष्पक्ष रूप से कार्यवाही करता है या भ्रष्टाचार- पक्षपात के खिलाफ कड़े कदम उठाता है। तो उसका विरोध ट्रोलिंग के रूप में सामने आता है। कई मामलों में परिवार को भी निशाना बनाया जाता है। परिवार सहित लोग मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिससे उनके कार्य पर ?विप?रित प्रभाव पड़ता है। डर और भय के कारण वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन भी नहीं कर पाते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अधिक जिम्मेदार बनाना होगा। शासन और प्रशासन को बिना किसी भेदभाव के साइबर लॉ को सख्ती से लागू करना होगा। सरकार को ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए कदम उठाने होंगे। संविधान ने अधिकारियों की जिम्मेदारी कानून के रूप में तय की है। संविधान के प्रति उनकी भी जवाबदेही है यदि वही अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाएंगे, तो भगवान ही मालिक है। ट्रोलिंग के इस जहरीले जाल से प्रशासनिक, न्यायिक सेवा और आम नाग?रिकों को बचाना है, तो समाज, सरकार और न्यायपालिका को मिलकर इसके लिये ठोस पहल करनी होगी। अधिकारियों को निर्भीक होकर काम करना होगा। अधिकारी यदि अपने ही सम्मान, कर्तव्य और अधिकारों पर ध्यान नहीं देंगे। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित रख पाना केवल हवा हवाई होगा। सोशल मीडिया की आज़ादी अभिव्यक्ति का माध्यम है। इसे किसी भी नागरिक की गरिमा को रौंदने का हथियार नहीं बनना चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने घटना की निंदा की है। उनके पास कार्यवाही करने के जो अधिकार थे, उन अधिकारों का प्रयोग उन्होंने क्यों नहीं किया। इसको लेकर आम आदमी अब चिंतित है। अधिकारी जब अपने और अपने परिवार की ही रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे सिस्टम पर आम नागरिकों को कैसे भरोसा होगा। इसे आसानी से समझा जा सकता है। सरकार में बैठे मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस बात को समझना होगा। आज विक्रम मिस्री और उनके परिवार के साथ जो हुआ है, वहीं अन्य अधिकारियों का भी समय आने पर हो सकता है। विक्रम मिस्री और हिमांशी को जिन मीडिया एकाउन्ट से ट्रोल किया गया है, उनके एकाउन्ट तुरन्त सरकार को बंद करना चाहिए। दोषियों की पहचान कर दंडित किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले समय में कोई भी इसका शिकार हो सकता है। यह समस्या इतनी बढ़ गई है। कई लोगों ने ट्रोलरों के दबाव में आत्महत्या कर ली। सरकार और प्रशासन कठोर कार्यवाही करे, यही आशा की जा सकती है।

# भारत को आशंका: आईएमएफ का धन पाकिस्तान टेरर फंडिंग में लगाएगा

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की लगातार सटीक नजरें आज 10 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग तक लगी रही कि किस तरह जम्मू कश्मीर, राजस्थान गुजरात से लेकर पंजाब तक के अनेकों शहरों में 26 से अधिक ड्रोन द्वारा हमला किया गया, जिसमें भारत के ड्रोन रडार सिस्टम द्वारा जांबाज़ी से नाकाम कर दिया गया, हालांकि पाक की आर्थिक स्थिति अति नाजुक है, इसलिए ही ड्रोन की जांच पर वह तुर्की में बना हुआ पाया गया, परंतु ताजुब की बात कि 1989 से लेकर 35 वर्षों में पाक को आईएमएफ से 28 बार्षों तक लगातार फंड मिलाहै,2019 से पिछले 5 वर्षों में आईएमएफ द्वारा 4 बार कर्ज दिया गया है, पाक का विदेशी मुद्रा भंडार 10.33 अरब डॉलर है तो भारत का 686 अरब डॉलर है, इसी से भारत पाक की आर्थिक स्थिति का अंधा जल लगाया जा सकता है। आज हम भारत-पाकिस्तान युद्ध के हालातो के बीच आईएमएफ लोन की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 9 व 10 मई 2025 की मध्य रात्रि में आईएमएफ ने फिर एक बार पाक को 2.3 अरब डॉलर यानी करीब 20 हज़ार करोड़ का लोन पारित कर दिया गया है, वह भी भारत पाक जंग के मुहाने पर खड़े पाक की नाजुक आर्थिक हालातो पर जबकि आईएमएफ के 191 सदस्य हैं, तथा इतने बड़े मुद्दे पर वोटिंग भी होती है। परंतु बड़े ताजुब की बात है कि भारत के सख्त विरोध व अनेक एविडेंस देने के बाद भी लोन पारित कर दिया गया,व एक अरब डॉलर को तुरंत जारी कर दिया जाएगा। बता दें असल में आईएमएफ के 25 निदेशक होते हैं, जो दुनियाँ भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, यहां फैसला ज्यादातर सहमति या कंसेंसेस से किया जाता है लेकिन अगर वोटिंग की बात आती है तो, या तो समर्थन की इजाजत होती है या फिर अब्सेंट की इजाजत ऐसे में अगर विरोध दिखाना है तो एब्सेंट ही रहा जाता है परंतु भारत द्वारा विरोध दर्ज करते हुए एब्सेंट ही रहा परंतु अपने अरगुमेंट में जबरदस्त विरोध कराया परंतु फिर भी लोन पारित किया गया क्योंकि भारत का आईएफ को कड़ा संदेश, यह पैसा पाक की अर्थव्यवस्था को सुधरेगा नहीं बल्कि टेरर फंडिंग में उपयोग होगा फिर भी 191 सदस्यों वाले इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड द्वारा भारत पाक जंग के हालातो के बीच इतनी बड़ी लोन राशि को स्वीकार करना कोई साजिश, रणनीति या सिफारिश है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत पाकिस्तान जंग के हालातो के बीच, 191 देशों के सदस्यों वाले इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड द्वारा




पाक को 2.3 अरब डॉलर लोन की मंज़ूरी दी। साथियों बात अगर हम भारत पाक के जंग जैसे हालातो के बीच आईएमएफ द्वारा पाक के लिए 2.3 अरब डॉलर के लोन को सेंशन करने की करें तो, आईएमएफ ने पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) के दो पैकेजों को मंजूरी दे दी है इस लोन में से 1 अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपए) एक्सटेंड फंड फैसेलिटी के तहत तत्काल दिए जाएंगे, जबकि 1.3 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) का लोन अगले 28 महीने तक किस्तों में दिया जाएगा। साथियों बात अगर हम आईएमएफ के वोटिंग के आधार और आईडीआर को जानने की करें तो, इधर, जंग के हालात के बीच इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ने पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) के दो पैकेजों को मंजूरी दे दी है इस लोन में से 1 अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपए) एक्सटेंड फंड फैसेलिटी के तहत तत्काल दिए जाएंगे, जबकि 1.3 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) का लोन अगले 28 महीने तक किस्तों में दिया जाएगा। आईएमएफ में 191 देश सदस्य हैं। हर देश के पास एक वोट होता है, लेकिन वोट सिर्फ इससे तय नहीं होता है।आईएमएफ में कोटे के आधार पर वोटिंग अधिकार तय होता है। यानी जिसका जितना ज्यादा कोटा होगा,आईएमएफ के फैसलों में उसकी उतनी ज्यादा सुनी जाएगी। किस देश का कोटा कितना होगा ये उस देश की आर्थिक ताकत (जैसे जीडीपी), विदेशी मुद्रा भंडार,व्यापार और आर्थिक स्थिरता पर निर्भर करता है। जैसे अमेरिका का कोटा सबसे ज्यादा 16.5 पेर्सेंट है, इसलिए उसका वोट सबसे ज्यादा मायने रखता है। भारत की वोटिंग पावर 2.75 पेर्सेंट के करीब है। जबकि पाकिस्तान की वोटिंग पावर 0.43 पेर्सेंट के करीब। वोटिंग राइट्स दो आधार पर मिलते हैं,बेसिक वोट्स-हर देश को 250 बेसिक वोट्स मिलते हैं, जो सभी देशों के लिए समान हैं।कोटा-आधारित वोट्स- कोटा के आधार पर एक्स्ट्रा वोट्स मिलते हैं इसके लिए आईएमएफ की स्पेशल करेंसी एसडीआर खरीदनी पड़ती है। 1 लाख एसडीआर पर 1 वोट मिलता है। बेसिक वोट्स और कोटा-आधारित वोट्स को मिलाकर ही कुल वोट्स मिलते हैं।एसडीआर का पूरा नाम है स्पेशल ड्राइंग राइट्स (विशेष आहरण अधिकार)। ये आईएमएफ का बनाया एक अंतरराष्ट्रीय रिजर्व एसेट है। इसे आईएमएफ की अंतरराष्ट्रीय नकदी या ग्लोबल करेंसी यूनिट कहा जा सकता है। इसे वित्तीय लेन-देन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि ये असली करेंसी नहीं है।एसडीआर की कीमत 5 बड़ी अंतरराष्ट्रीय करेंसी पर आधारित होती है (1) अमेरिकी डॉलर (यूएसडी)(2) यूरो (ईयूआर) (3)चीनी युआन (सीएनवाय)(4) जापानी येन (जेपीवाय) (5) ब्रिटिश पाउंड (जीबीपी) आईएमएफ सभी सदस्य देशों को उनके कोटे के हिसाब से एसडीआर अलॉटमेन्ट अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 16.5पेर्सेंट वोटिंग राइट्स हैं। कोई फैसला लेने के लिए 85 पेर्सेंट तक वोट की जरूरत होती है। ऐसे में अगर अमेरिका वोट न करे तो बहुमत न मिलने की स्थिति में कोई फैसला पारित नहीं किया जा सकता है।आईएमएफ में भारत ने आज वोटिंग नहीं की। भारत के विदेश सचिव ने 8 मई को कहा था कि वे पिछले तीन दशकों में आईएम एफ ने पाकिस्तान को कई बड़ी सहायता दी है। उससे चलाए गए कोई भी कार्यक्रम सफल नतीजेतक नहीं पहुंच पाएहैं।आज वोटिंग से पहले भारत ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। भारत ने कहा कि अगर ऐसे देश को बार-बार मदद दी जाती है जो सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तो इससे दुनिया को गलत संदेश जाता है।इसके बाद भारत ने पाकिस्तान को आईएम एफ का फंड मिलने के मामले पर विरोध में वोटिंग नहीं की। बाकी देशों के वोट की मदद से पाक को ये फंड अप्रूव हो गया। साथियों बात अगर हम भारत द्वारा आईएमएफ में लोन के खिलाफ ऑब्जेक्शन अरगुमेंट की करें तो बैठक में शुक्रवार को भारत ने पाक को दिए जा रहे कर्ज़ को लेकर गंभीर आपत्ति जताई, भारत ने आईएमएफ के एक्सटेंडेड फण्ड फैसिलिटी के तहत पाकिस्तान को दिए जा रहे 1 अरब डॉलर के कर्ज और रेसीलिन्स एंड सुस्ताइऐबिलिटी फैसिलिटी के तहत प्रस्तावित 1.3 अरब डॉलर के नए कर्ज़ पर सवाल उठाए, भारत ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान के कमजोर रिकॉर्ड और कर्ज़ के दुरुपयोग की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, खासकर जब ये पैसे आतंकवाद को बढ़ावा देने में उपयोग हो सकते हैं।

# आप्रेशन सिन्दूर के उपरांत : शौर्य और शांति से ही देश आगे बढ़ेगा

**-संजय गोस्वामी**

ऑपरेशन सिंदूर मे भारत के प्रधानमंत्री जी का संदेश सुना और बताया कि आतंकवादी व पिओके पर ही पाकिस्तान पर बात होगी और भारतीय सेनानी को इसका श्रेय जाता है लेकिन इसमें भारत के वैज्ञानिकों का भी कहीं ना कहीं उसकी टेक्नोलॉजी के ऊपर भी गर्व है जिसमें इसरो डीआरडीओ,डीएई आदि जैसे श्रेष्ठ वैज्ञानिक संस्थान भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है भारत को अब इसपर भी देना होगा आखिर रूस नुन्ट्रल क्यों रहा उसे आपके साथ खड़ा रहना चाहिए चीन और तुर्की से सभी व्यापार व वहाँ चल रहे प्रोजेक्ट को रोकना चाहिए मीडिया को अब शांति से काम लेना चाहिए अब जो हो गया सो हो गया एक दूसरे पर वार और हार पर शांत रहना चाहिए सेना पर विश्वास रखना चाहिए उसके प्रवक्ता ने साफ मना किया की कौन से अस्त्र व जेट का इस्तेमाल किया टीवी पर वाद विवाद करने से क़ोई दूसरा देश इसका फायदा उठा सकता है विवेक से शांति से काम करना ही आज सबसे अच्छा तरीका है क्योंकि वाद विवाद से एक देश दूसरे देश पर प्रहार करते हैं और फिर जो बताना उचित नहीं है उससे जनता मे कहीं खुशी होती है और कहीं रोष भी होता है जो हुआ वह भारत की एकता और सेना के हिम्मत और मेहनत से हुआ आतंकवादी को जड़ से खत्म तभी हो सकता है जब अंतराष्ट्रीय मंच पर सभी देश मे एकजुटता हो अभी आतंक से सतर्क रहने की जरुरत है क्योंकि इजराइल भी आतंकवादी से परेशान है और अभी भी खत्म नहीं कर पा रहा है इसका अंत विश्व पटल पर ही कठोर निर्णय से हो सकता है भारत को अभी और रक्षा में मजबूती की जरुरत है क्योंकि एक तरफ चीन उसका साथ देता है और धर्म के नाम पर बहुत से देश इसका समर्थन कर दे देते हैं हमारे सभी मुस्लिम भाई भारत के समर्थन में रहें और देश की एकता से ही सबों में भय दूर होगा और एक ही धर्म है भारतवासी अपने मातृभूमि के लिए लड़ना और मरना, अत: संयम और शांति से देश की प्रगति में सभी योगदान दें विज्ञान की प्रगति के साथ विश्वभर में चारों ओर विकास ने नई करवट ली है। विकास के नित नये आयामों से सभी देश अपनी समृद्धि को तीव्र वेग से आगे बढ़ाने में जुट गये हैं। जिसके कई सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। विज्ञान ने चिकित्सा स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, यातायात, दूरसंचार, युद्ध उपकरणों इत्यादि सभी क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है और इस



ओर अभी भी वैज्ञानिकों का प्रयास जारी है। इस कारण आधुनिक भौतिक साधनों ने इन्सानों का जीवन ही बदल दिया है। सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात् प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गये हैं रूस और यूक्रेन के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है और लोगों का जीवन अस्त व्यस्थ हो गया है इस जंग में यूक्रेन व रूसी सैनिकों की भी मौत हो रही है एक देश दूसरे देश के शक्ति प्रदर्शन के चक्कर में अपने देश का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है व विश्व शांति पर खतरा मंडराने लगा है 2साल से अधिक समय से चल रहे इस युद्ध में केवल तबाही मची है व बेगुनाह लोगों की मौत हो रही है अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा उधर चीन और ताईवान में भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं जैसा चीन और अमेरिका के वक्तव्य व ताईवान की सीमा पर चीन द्वारा लगातार युद्धाभ्यास से नजर आ रहा है दोनों देश के पास परमाणु अस्त्रओं का भंडार है अत: आज विश्व में परमाणु हमले का खतरा मंडरा रहा है जिसके शिकार निर्दोष जनता को भुगतना पड़ सकता है इसके अलावा जो आस पास के देश होंगे वहां भी एटम बम के विस्फोट से रेडिशन फ़ैल जाएगा और इसका खामियाजा उन देशों को रेडिएशन की मार से कैंसर, शारीरिक विकृति के शिकार हो सकते हैं इससे सिर्फ आस पास के देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व वैश्विक तापन की मार झेल सकता है क्योंकि परमाणु अस्त्र के विस्फोट से ओजोन परत इस कदर से नाश होगा कि पूरा विश्व ही ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से प्रभावित होगा।इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है आज सारे देश में हथियार खरीदने की होड़ लगी है इसे रोकना चाहिएइस कारण नित्य नये-नये घातक अस्त्रा-शस्त्रों का निर्माण हो रहा है जो कभी भी विनाश के कारण बन सकते हैं। अस्त्रा-शस्त्रों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण सम्पूर्ण विश्व चिंतन के सागर में डूबा हुआ है। इससे बचने के लिये सभी देश, जो स्वयं अपनी सुरक्षा के लिये चिंतित होने पर भी अस्त्रा-शस्त्रा के भंडारण में जुटे हुए होने के बाद भी विश्व शान्ति के लिये नि:शस्त्रीकरण का राग अलापते थकनहीं रहे हैं।विध्वंशकारी अस्त्र-शस्त्रों से विनाश की स्थिति को जानते हुए भी कई देशों ने एक-दूसरे देश पर आक्रमण कर विनाश लीला का खुला तांडव खेला है। जिसके दुष्परिणामों ने असंख्य इन्सानों की जान ली है। वहाँ अनगिनत देश की समृद्धि की झलक दिखाने वाले निर्माण कार्यों को विध्वंश कर दिया है। चारों ओर तबाही मचाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी है। विकास को विनाश में बदल दिया है। इस आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये सभी अपने देश में शान्ति, खुशहाली, समृद्धि के पक्ष में नि:शस्त्रीकरण की फिराक में रहते हैं और इसके लिए सभी देशों का जन समर्थन जुटाने में कटिबद्ध हैं। क्योंकि सभी को विनाश का खतरा सामने दिखाई देता है। आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 76 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों या इससे भी अधिक रहता हैव जिसकी मार मासूम लोगों को भुगतना पड़ता हैए इसके लिये सभी देशों को निर्दोष इन्सानों की रक्षा हेतु परमाणु नि:शस्त्रीकरण का संकल्प लेने पर जोर दिया है ताकि कभी भी किसी देश पर आक्रमण करने की स्थिति ही नहीं बने। विश्व में अस्त्र-शस्त्रों की होड़ ही आक्रमणकारी बनाने का माध्यम बनती है। वहाँ इन्सान भी आवेश, आक्रोश,गुस्से, बदले की भावना, किसी को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से, किसी का तिरस्कार करने, किसी को दंडित करने के लिये आक्रामक रुख अपनाते हुए आक्रमणकारी होता है तो उसके सामने, सामने वाले के विनाश के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। आक्रमणकारी की चाह रहती है कि वह जो आक्रमण कर रहा है वह विफल न हो जावे व परमाणु बम के

# हंसने की चाहत ने कितना रुलाया है मुझे ....

**चैतन्य भट्ट**

सन 1974 में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर अभिनीत फिल्म अविष्कार प्रदर्शित हुई थी इसका एक गाना जो मन्ना डे की आवाज में है बड़ा ही मकबूल हुआ था जिसके बोल थे हंसने की चाह ने कितना मुझे रुलाया है कोई हमदर्द नहीं, दर्द मेरा साया है। ये गाना लाफ्टर डे यानी हास्य दिवस पर बड़ा ही मौजू लगता है। लोग बाग और डॉक्टर भी यही बताते हैं कि हंसना स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है जब आप हंसते हो तो आपके अच्छे वाले हारमोंस सक्रिय हो जाते हैं, हंसने से निराशा दूर होती है, हंसने से चेहरे की मांसपेशियों में सुधार होता है शायद इसलिए आजकल एक नया फैशन चला है लाफ्टर क्लब का जिसमें लोग आते हैं और जोर-जोर से नकली हंसी-हंसने लगते है और अब तो अपने को लगता है कि हर आदमी नकली हंसी ही हंस रहा है क्योंकि जब वो सामान लेने हंसता हुआ बाजार जाता है फिर उसकी कीमत सुनता है तो रोने लगता है, सुबह से तैयार हो तारों ताजा होकर हंसता हुआ ऑफिस पहुंचता है और जब पहुंचते ही बॉस की डांट खाता है तो रोने लगता है, शाम को घर आता है तो सोचता है कि घर में हंसी खुशी मिलेगी लेकिन जैसे ही बीवी की टेढ़ी निगाह उस पर पड़ती है जो उससे कई सवाल पूछती है तो सारी हंसी गायब हो जाती है और हंसने की चाहत रोने में बदल जाती है, विद्यार्थी हंसता हुआ परीक्षा देता है और हंसता हुआ अपना रिजल्ट लेने भी जाता है लेकिन जब परीक्षा फल आता है तो दिल के अरमां आंसुओं में बह गए वाली स्थिति बन जाती है। यही हाल नेताओं का है जब चुनाव का समय आता है तो वे जोर-जोर से हंसते हुए अपने लोगों को बताते हैं कि उनको टिकट तो बिल्कुल पक्की है लेकिन जब लिस्ट आती है और उनका नाम गायब हो जाता है तब उनके हंसने की चाहत रूदाली बन जाती है यानी इंसान हंसने की कोशिश तो बहुत करता है लेकिन उसकी हंसने की चाहत उसे रुला देती है। ये ठीक है कि जीवन में हंसना बहुत जरूरी है लेकिन जिंदगी की भाग दौड़, तमाम तरह के तनाव, घर की चिंता, संतानों के ब्याह और रोजगार ना मिल पाने का टेंशन, दफ्तर में काम का बोझ, घर में बीवी से झगड़ा ,अब आप ही बताओ कि ऐसे में कौन कितना बड़ा जोधा होगा जो हंसेगा। भले ही हंसने से कई लाभ होते हैं लेकिन हंसने का मौका भी तो मिले तब तो उन लाभों का लाभ मिल सकता है। अपने को तो लगता है कि जो लोग लाफ्टर क्लब में जाते हैं भले ही वे नकली हंसी हंसते हो लेकिन कम से कम हंसते तो हैं वरना आम आदमी के चेहरे से हंसी ऐसी गायब हुई है जैसे गधे के सर से सींग। अपने को तो ये भी महसूस होता है कि बरसों पहले से ही लोगों के चेहरे से मुस्कुराहट और हंसी गायब हो चुकी है शायद यही कारण था कि बरसों पहले एक फिल्म आई थी एक फूल दो माली में बलराज साहनी अपने बेटे से कहता है मुस्कुरा लाडले मुस्कुरा उसके बाद भी वो लाडला मुस्कुराता नहीं है,शायद उसे अपने भविष्य का अंदाजा हो गया होगा कि जब भविष्य में नहीं मुस्कुराना और हंसना है तो अभी काहे को हंसे या मुस्कुराए। ये खैर भले जिंदगी हंसने का मौका ना दे फिर भी कोशिश इस बात की होना चाहिए कि चौबीस घंटे में कम से कम चौबीस सेकंड ही हंस लिया जाए शायद इसी से ही अच्छे वाले हार्मोन सेट हो जाएं।

**अब विधायक जी भी**

अभी तक तो अपन ने सरकारी अफसरों और कर्मचारियों को रिश्वत लेते सुना था और ये भी सुना था कि वे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए लेकिन राजस्थान में तो एक विधायक जी बीस लाख की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए।

सेटिंग तो दो करोड़ की थी और पहली किस्त में बीस लाख विधायक जी के हाथों में रखे जाने थे लेकिन इधर विधायक जी ने पैसा लिया उधर भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने उनको धर दबोचा मामला बस इतना था कि ये भाई साहब एक खदान के मलिक के खिलाफ विधानसभा में सवाल उठा रहे थे खदान मलिक उस्ताद था उसने विधायक जी से संपर्क किया कि भैया काहे को ये सब कर रहे हो आप बोलोगे वो मैं कर दूंगा आप अपना सवाल वापस ले लो, विधायक जी ने सोचा अपन तो विधायक हैं अपना कोई क्या कर सकता है तो तत्काल दो करोड़ की मांग कर डाली खदान मलिक ने भी हामी भर दी और पहली किस्त जो बीस लाख की थी विधायक जी ले रहे थे उसे लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने पकड़ लिया।

# बैलेंसिंग दि क्लॉक एंड माईंड विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नीलोखेड़ी, 14 मई ( संदीप कुमार ) :** विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी द्वारा गुरू ब्रह्मानंद राजकीय पॉलीटेक्निक, नीलोखेड़ी में बैलेंसिंग दि क्लॉक एंड माईंड विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, प्रभावी संचार तथा सूचना साक्षरता जैसे आवश्यक विषयों पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पॉलीटेक्निक की प्राचार्य श्रीमती बीनू बजाज एवं विस्तार शिक्षा संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सत्यकाम मलिक ने संयुक्त रूप से की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य श्रीमती मीनू बजाज ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में विद्यार्थियों के समक्ष समय की कमी और मानसिक दबाव एक बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में उन्हें यह समझना जरूरी है कि कैसे अपने समय का सही प्रबंधन करते हुए मानसिक रूप से संतुलित जीवन जिया जाए। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए विस्तार शिक्षा संस्थान का धन्यवाद किया और इस तरह की पहल को समय की आवश्यकता बताया। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सत्यकाम मलिक ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को जीवन प्रबंधन, आत्मविकास और डिजिटल साक्षरता जैसी कौशलों में भी दक्षता प्राप्त करनी चाहिए। फेक न्यूज जैसे खतरों को पहचानने और प्रभावी




संवाद कौशल विकसित करने के लिए उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना अति आवश्यक है।

कार्यशाला के दौरान डॉ. जसविंद्र कौर ने संचार कौशल विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संचार केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह एक कला है, जिसमें आपकी शारीरिक भाषा, स्वर, और सुनने की क्षमता भी शामिल होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को टीम वर्क, आत्मविश्वास बढ़ाने, इंटरव्यू एवं प्रेज़ेंटेशन स्किल्स को निखारने की व्यावहारिक विधियाँ भी बताईं। इसके साथ-साथ प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। दूसरे सत्र में डॉ. अजय सैनी ने फेक न्यूज की पहचान और बचाव के उपाय विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के इस युग में हर व्यक्ति सूचना उपभोक्ता है, लेकिन जागरूक उपभोक्ता होना अधिक जरूरी है। बिना सत्यापन के सूचनाएं साझा करना सामाजिक और कानूनी रूप से खतरनाक हो सकता है।

उन्होंने तथ्यों की पुष्टि के लिए उपलब्ध ऑनलाइन टूल्स और 'सोर्स वेरिफिकेशन' की तकनीकों को भी साझा किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में पॉलीटेक्निक की ओर से ट्रेनिंग इंचार्ज विकास शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने कार्यक्रम के समन्वयन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जसविंद्र कौर ने वक्ताओं, आयोजकों और प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# सेना के शौर्य सम्मान के लिए निकाली जा रही तिरंगा यात्रा : संजय भाटिया

**करनाल, 14 मई ( संदीप रोहिला ) :** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में 16 मई निकाले जाने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सांसद संजय भाटिया ने 16 मई को करनाल जिला में देश की सेना के शौर्य के सम्मान में होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।




इस मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व सांसद संजय भाटिया ने बताया कि भारतीय सेना ने 22 अप्रैल को पहलगाम में होने वाली नृशंस घटना का पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा सेना ने पाकिस्तान की आवाम पर हमला न करते हुए पहलगाम घटना में जिन आतंकियों ने क्रूरता की हदों को पार करते हुए जिस प्रकार पहलगाम में भारतीय सेलानियों को बर्बरता पूर्वक मारने का काम किया था उन आतंकी ठिकानों को अपने ही देश की धरती से टारगेट करते हुए उन्हें शूरवीरता से जो मौत के घाट उतारने का काम किया है उसके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना के शूरवीरों के सम्मान में देश में 13 से 23 मई तक देश भर के प्रमुख स्थानों पर तिरंगा लेकर रैलियां निकाली जाएंगी। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों से प्रतिष्ठित लोग भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प और भारतीय सेना के पराक्रम का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर न केवल एक सैन्य कार्रवाई, बल्कि भारत की नई सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ नई हकीकत के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतीक और न्याय का अटूट संकल्प है। उन्होंने इस मौके पर भारतीय सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर भारत की ताकत का प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि करनाल जिला में होने वाली इस यात्रा की शुरुआत 16 मई को सुबह 8 बजे रघुनाथ मंदिर चोंक पर एकत्रित होने के पश्चात सदर बाजार से होती हुई, गुड मंडी चौक से कर्ण गेट चोंक के सामने इसका समापन होगा। उन्होंने बताया की केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में निकाली जाने वाली इस यात्रा में करनाल जिला के सभी विधायकों के अतिरिक्त अन्य सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित सभी राजनीतिक एवं सामाजिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहेंगे।

इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सुखीजा, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान दास अघी, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार एवं सभी पार्षद, मंडल एवं मोर्चा अध्यक्षों सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा

**असंध, 14 मई ( दलसिह मान ) :** सी.बी.एस.ई बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं और 10वीं कक्षाओं के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम मे वैदिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है । सभी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक इन विषयों में रहे फिजिकल एजुकेशन 99, हिंदी 97, केमिस्ट्री 96 बायोलॉजी 97 इंग्लिश 94 फिजिक्स 93 इकोनॉमिक्स पॉलिटिकल साइंस 92 रहे, वहीं दसवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक अंग्रेजी 98, साइंस 95 आईटी 97 सोशल साइंस 95 और हिंदी में 94 रहे। सीबीएसई का परीक्षा परिणाम देखकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में जोश और उमंग की लहर दौड़ गई। 12वीं कक्षा साइंस में मेरिट में आए विद्यार्थियों ने अमन पुत्र राजेश 95.2 प्रतिशत राशि 85.2 प्रतिशत गुरुदत्त 85 प्रतिशत मानसी 84.6 प्रतिशत, जतिन 82.2 प्रतिशत तन्नु ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए अपना स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं आर्ट में रिंकी 85.8 प्रतिशत, काफी 83.4 प्रतिशत रितिक पुत्र 80.6 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण रहा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर



प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में अच्छे अंकों का प्रदर्शन किया अंशिका 93.2 प्रतिशत तन्वी 93.2 प्रतिशत, खुशबू 91 प्रतिशत कृष 86.4% नितिन 85.8% कीर्ति 85%, मयंक 82.6% वंश 82.4% और अनमोल ने 81.6% अंकों के साथ अपना स्थान हासिल किया। सभी मेरिट प्राप्त छात्र-छात्राओं को विद्यालय की संचालिका सावित्री देवी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विकास मान ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आपकी यह सफलता आपके परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास का प्रमाण है। और उन्होंने इसी समय छात्र-छात्राओं को दसवीं कक्षा में 90% व इससे ज्यादा अंक लाने पर 11000 रूपए की छूट 85 से 90% अंक प्राप्त करने पर,7100 रुपए, 80 से 85% पर 5100 रुपए और 75 से 80% अंक प्राप्त करने पर 3100 रुपए की ग्यारहवीं कक्षा में दाखिले में छूट प्रदान करने की घोषणा की। प्रधानाचार्या प्रीति मान ने कहा कि हमें विश्वास है कि आप अपने माता-पिता के साथ-साथ प्रदेश का भी नाम रोशन करोगे। उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र श्योकंद जी के द्वारा फूलों की माला पहना कर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहता है अर्पण दीप सिंह

**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** अगर इरादे मजबूत हैं तो मंजिल छूने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ ऐसा ही करके दिखाया है सरकारी स्कूल के छात्र विद्यार्थी अर्पण दीप ने। जिन्होंने कक्षा 12वीं में 497 अंक लेकर हरियाणा में टॉप किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर गांव व स्कूल में खुशी का माहौल है। डीसी प्रीति ने छात्र अर्पण दीप व उसके माता-पिता से फोन पर बात कर बधाई दी। साथ ही कहा कि अर्पण दीप को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। डीसी प्रीति ने कहा कि मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योंमाजरा के छात्र अर्पण दीप ने कॉमर्स संकाय में हरियाणा में प्रथम स्थान हासिल करके न केवल अपने स्कूल का अपितू अपने जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। सरकारी स्कूलों में सरकार द्वारा हर तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। सरकारी स्कूलों के अध्यापक भी खूब



मेहनत करते हैं, आज इसी का परिणाम है कि सरकारी स्कूल के छात्र ने प्रदेश में टॉप किया है। अर्पण दीप ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकगणों को दिया। उन्होंने कहा कि सदा ही उसके गुरुजनों ने उसे आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी है। उसकी इस उपलब्धि में माता-पिता व गुरु सुखदेव सिंह, जसकरण सिंह, निधि पूनिया, सतीश कुमार, अंकित शर्मा का विशेष योगदान है। उसने सोशल मीडिया से हमेशा दूरी बनाकर रखी और मोबाइल का प्रयोग केवल पढ़ाई के लिए ही किया। उसके बड़े भाई ने भी उसे समय-समय पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अर्पण दीप सिंह ने कहा कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहता है। जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने बताया कि राज्य भर के टॉप 10 बच्चों में केवल जिला कैथल का ऐसा विद्यार्थी है, जो सरकारी स्कूल में पढ़ता है। यह जिला के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सभी अभिभावकों का भी आह्वान किया कि अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्य चरणजीत कौर ने बताया है कि अर्पण दीप सिंह हमारे विद्यालय में कक्षा सातवीं से पढ़ रहा है। वह पढ़ने में शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उन्होंने कक्षा दसवीं में भी 500 में से 438 अंक प्राप्त किए थे। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकारी स्कूल के अध्यापक बहुत मेहनत करते हैं।

# सुगनी देवी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा : पूजा छाबड़ा

**लाडवा, 14 मई ( रामगोपाल ) :** सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं का परिणाम घोषित किया गया । जिसमें हमारे स्कूल का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं की 90 छात्राओं में से 50 से अधिक छात्राओं ने और कक्षा दसवीं में 76 छात्राओं में से 31 छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। साइंस में इशिता नमन 97.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर रही।



कॉमर्स में तोनिशा 97 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल रही 7 आर्टस में पायल ने 90 प्रतिशत नंबर लेकर बाजी मारी 7 महक सिंगला ने 93.6 प्रतिशत, पलक 93.2 प्रतिशत, तनिशा 92 प्रतिशत, उर्वशी 91.6 प्रतिशत, आशु 86.4, शानवी 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पेंटिंग विषय में हरकीरत, महक सिंगला, शानवी ने 100 अंक, अर्थशास्त्र में तोनिशा ने 100अंक, अंग्रेजी में 99, आई.टी. में 98 ,बिजनेस स्टडी में 98, केमिस्ट्री में 97, मैथ्स में 96, फिजिकल एजुकेशन में 96, एकाउंट्स में 95, हिंदी में 95, राजनीति शास्त्र में 94 ,होम साइंस में 93, फिजिक्स में 92, बायोलॉजी में 91 अंक लेकर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया । कक्षा दसवीं में चाहत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, रीधम ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और आकांक्षा ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने पर प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा और मैनेजमेंट के सभी सदस्यों ने अध्यापकों और छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रतिशत प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि परीक्षा में विद्यार्थियों के धैर्य और वर्षभर किए गए परिश्रम की परख होती है। यह सत्य है कि परीक्षा में विद्यार्थियों को अच्छे अंक पाने की कामना होती है और अच्छे अंक प्राप्त करने से सभी जगह सम्मान होता है।

# जिला में ड्रोन उड़ाने पर लगाया प्रतिबंध : जिलाधीश

**करनाल, 14 मई ( रविन्द्र ) :** जिलाधीश एवं डीसी उत्तम सिंह ने वर्तमान स्थिति तथा आम जनता की सुरक्षा के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिला में ड्रोन, ड्रॉप्स, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट, फ्लाइंग कैमरा, हवाई कवरेज के लिए हेलीकैम आदि और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर आगामी आदेशों तक प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा कारणों के तहत जारी किए हैं। जारी आदेशों में जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला करनाल के अधिकार क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि के दौरान आम जनता द्वारा ड्रोन, ड्रॉप्स, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट, फ्लाइंग कैमरा, हवाई कवरेज के लिए हेलीकैम आदि और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर आगामी आदेशों तक प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंड का भागी होगा।

# पेट्रोल और डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और भंडारण पर रहेगा प्रतिबंध : डीसी

**करनाल, 14 मई ( यशपाल कादियान ) :** जिलाधीश उत्तम सिंह ने आपातकालीन स्थिति को देखते हुए जिला करनाल में चावल, गेहूं, दालें, चीनी, खाद्य तेल, सब्जियां, दुग्ध उत्पाद, दवाएं, पेट्रोल और डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं, खाद्य पदार्थों की जमाखोरी और भंडारण पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने जारी आदेश में कहा कि उपरोक्त आवश्यक वस्तुओं और खाद्य पदार्थों की जमाखोरी और भंडारण को प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश पारित किए गए हैं। जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) और सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निगरानी रखने और बाजार में आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति और उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

जिलाधीश ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंड का भागी होगा।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बाजारों, गोदामों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करें और सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, मूल्य और भंडारण की जानकारी एकत्र करें। इसके साथ ही जिलाधीश ने आमजन से भी अपील की कि यदि उन्हें अवैध भंडारण या कालाबाजारी की कोई सूचना मिले, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

# रक्तदान शिविर में 323 यूनिट रक्त एकत्रित

*देश के जवानों के लिए केवल ओ पॉजिटिव रक्त एकत्रित कर रक्तवीरों ने रचा इतिहास*




**शाहाबाद मारकंडा, 14 मई ( रूबी ) :** देश की सेवा करने के लिए केवल सरहद पर जाकर लड़ना आवश्यक नहीं है। रक्तदान व अन्य माध्यमों से भी देश सेवा संभव है। ऐसा ही एक उदाहरण आज शाहाबाद में देखने को मिला, पिछले दिनों पाकिस्तान से युद्ध के दौरान खून की कमी को देखते हुए हेल्पर्स सोसायटी द्वारा रक्तदाताओं से केवल ओ पॉजिटिव ग्रुप का रक्तदान करने का आवाहन किया था, हालांकि युद्ध विराम हो गया है लेकिन फिर भी रक्तदाताओं ने एक ही दिन में 323 यूनिट रक्त देकर इतिहास रच दिया है। हेल्पर्स सोसायटी के प्रधान तिलकराज अग्रवाल ने बताया कि वैसे तो रक्तदाता हर शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, लेकिन आज घायल जवानों की सहायता और देश हित में रक्त वीरों का हौसला देखते ही बन रहा था। लोगों में रक्तदान करने की होड़ लगी हुई थी। तिलक राज ने बताया कि केवल एक ब्लड ग्रुप के इतने रक्तदाताओं ने रक्तदान कर देश हित में अपनी आहुति डाली है। शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कृष्ण बेदी ने कहा कि हमारे आपसी मतभेद, राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन जब बात देश की आती है तब सभी धर्म, सभी समुदाय एकजुट हो जाते हैं। यही सोच हिंदुस्तान को सभी देशों से ऊपर पहुंचती है।

इस मौके पर डॉक्टर प्रदीप गोयल, विष्णु भगवान गुप्ता, पूरन सिंह, जयपाल सिंह, मुल्खराज गुंबर, सुखविंदर गुमटी, रवि दामली, देशराज कश्यप, रामकृष्ण हसीजा, मास्टर नरेंद्र शर्मा, नरेश सैनी, सीताराम बतरा आदि मौजूद थे।

# अर्पणदीप को 12वीं कक्षा परीक्षा में हरियाणा में टॉपर आने पर आदित्य सुरजेवाला ने दी बधाई

**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज कैथल से एक प्रेस बयान जारी करते हुए अर्पणदीप सिंह को 12वीं कक्षा परीक्षा में हरियाणा में टॉप आने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। आदित्य सुरजेवाला ने कैथल जिले के गांव श्योमाजरा(गुहला) सरकारी स्कूल के छात्र अर्पणदीप को 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में हरियाणा में टॉप आने पर हार्दिक बधाई दी व खुशी के इस अवसर पर परिवारजनों को भी अनंत शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। क्योंकि



उनकी लगन और दृढ़ संकल्प उन्हें हमेशा आगे बढ़ाता है।

कठिन परिश्रम और धैर्य के साथ हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। मेहनत वह चाबी है जो असंभव को संभव बनाती है। यह न केवल लक्ष्यों को प्राप्त करने का रास्ता है, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को भी बढ़ाती है। छात्र अर्पणदीप सिंह ने ये सबकुछ सच साबित कर दिखाया। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि अर्पणदीप सिंह ने 500 अंकों में से 497 अंक लेकर समस्त कैथल जिले का नाम रोशन किया है।

आप हमेशा यूं ही आगे बढ़ते रहें, मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं। आदित्य सुरजेवाला ने 12वीं कक्षा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अन्य सभी छात्रों को भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# आर्य विद्यापीठ बस्तली में छाई खुशी की लहर




**निसिंग, 14 मई ( जोगिंद्र सिंह ) :** सीबीएसई बोर्ड 10वीं व 12वीं का रिजल्ट बेहतरीन आने पर आर्य विद्यापीठ बस्तली के स्कूल संचालक, अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों में खुशी की लहर छाई हुई है। स्कूल संचालक ने कहा हर वर्ष की भांति इस बार भी कक्षा 10वी व 12वीं का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया 12वीं कक्षा में कृष दीनदयाल, लक्षिता, नेहा ने टॉप किया। दसवीं कक्षा में अनमोल, पारस ने टॉप किया। 12वीं कक्षा में कुल विद्यार्थियों 46 में से 8 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर पास हुए। 18 बच्चों ने मेरिट हासिल की। 21 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीजन हासिल की। इसी तरह दसवीं कक्षा में कुल 55 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 20 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। 25 विद्यार्थी प्रथम डिवीजन से पास हुए। स्कूल संचालक कृष्ण आर्य व सीमा आर्य ने इस का श्रेय अध्यापकों व बच्चों को दिया। उन्होंने कहा मेहनत कभी बेकार नहीं जाती और यह हम सब की मेहनत का रंग है।

हमें अपने बच्चों व अध्यापकों पर गर्व है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुनील कुमार ने कहा बच्चों का अच्छा रिजल्ट आने पर हमें बहुत खुशी हुई है। उन्होंने कहा अध्यापक की मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों का भी अहम रोल होता है, तब जाकर बच्चा अच्छा स्कोर लेकर आता हैं। मैं आर्य विद्यापीठ परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने रचा इतिहास

*सीबीएसई 2025 परिणाम में 100 प्रतिशत सफलता, छात्रों ने बढ़ाया स्कूल और जिले का मान*

**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** आज का दिन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, कैथल के लिए गौरव और उपलब्धियों से भरा रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और अनुशासन की मिसाल पेश की। कक्षा 10वीं में कुल 77 छात्र और कक्षा 12वीं में 69 छात्र परीक्षा में शामिल हुए — और सभी छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की, जिससे विद्यालय का गौरव और भी बढ़ गया। कक्षा 12वीं के स्टार परफ़ॉर्मर मास्टर हरगुन ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। उन्होंने भूगोल में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। कुमारी सुनैना और कुमारी गीतांजली ने हिंदी में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विषय में उत्कृष्टता का परिचय दिया। कक्षा 10वीं में मास्टर समर्थ चौधरी ने 96त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। समर्थ की निरंतर मेहनत और समर्पण ने इस परिणाम को संभव बनाया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुचिता गुप्ता एवं उप-प्राचार्य डाल चंद गुप्ता ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। यह परिणाम न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। सफलता की इस उड़ान ने नवोदय के सपनों को नई ऊँचाइयाँ दी हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा का संदेश भी।

## सरदार करतार सिंह नर्सिंग कॉलेज मे मनाया गया नर्सिज डे



**शाहाबाद मारकंडा, 14 मई ( रूबी ) :** सरदार करतार सिंह हेयर नर्सिंग कॉलेज में अंतराष्ट्रीय नर्सिज डे बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग प्रस्तुति दी गई। कॉलेज के प्रबंधक डा. गुरदीप सिंह हेयर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। कॉलेज की प्रिंसीपल रेणु ने नर्सिंग की महता बारे बताया। अमन ने विद्यार्थियों को नर्सिंग प्रोफेशन की शपथ बारे बताया व साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान के बारे में भी समझाया। कॉलेज प्रबंधक डा. गुरदीप सिंह हेयर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कॉलेज में आयोजित पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में देविका प्रथम, नेंसी द्वितिय व नीतिका तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ में बलजिन्द्र कौर, अमन, रूबल, सोनू मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत भर्री, दाहिमा व कैमरी की वार्डवार मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**हिसार, 14 मई ( ब्यूरो ) :** हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के तहत पंचायत उप-चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा, द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार खण्ड हिसार की ग्राम पंचायत भर्री, दाहिमा व कैमरी की वार्डवार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 13 मई को कर दिया गया है। एसडीएम ज्योति मित्तल ने ने बताया कि यह मतदाता सूचियां ग्राम पंचायत भर्री, दाहिमा व कैमरी की पंचायती राज संस्थाओं के लिए जारी की गई हैं। नागरिक इन सूचियों को एसडीएम कार्यालय हिसार, जिला परिषद कार्यालय, हिसार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, हिसार, तहसीलदार कार्यालय, हिसार, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी-कम-कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति कार्यालय, हिसार-1, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय भर्री, दाहिमा व कैमरी में सहज दृश्य स्थानों पर देख सकते हैं।

## खनन विभाग द्वारा अवैध खनन के संबंध में वसूला गया जुर्माना : उपायुक्त

**सोनीपत, 14 मई ( विनोद ) :** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और इस दिशा में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खनन एवं भू-विज्ञान विभाग, सोनीपत की टीम द्वारा 13 मई को विभिन्न स्थानों पर खनिज से भरे वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान एक अवैध खनिज परिवहन मामले में पकड़े गए वाहन, जोकि जेएमएस ट्रांसपोर्ट कंपनी (स्वामी-विकास, निवासी सोनीपत) से संबंधित था, से 4 लाख 34 हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। जुर्माना अदा किए जाने के उपरांत ही वाहन को छोड़ा गया।

उपायुक्त ने बताया कि यमुना नदी के आस-पास के क्षेत्रों में दिन-रात चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आर्य कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी पाढा की मेरिट में आई छात्रों को किया सम्मानित



**मूनक, 14 मई ( जयभगवान ) :** आर्य कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी पाढा में छठ प्रतिशत रिजल्ट रिजल्ट आया। जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक नंबर लेने वाली छात्रों को प्रधान व गांव के सरपंच ने सम्मानित किया। सुभाष प्रधान ने बताया कि उनकी छात्राएं 45 में सभी लड़कियां पास है। 19 लड़कियां ने मेरिट प्राप्त की 20 लड़कियां 70 प्रतिशत से ऊपर रहे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल अजमेर पानू, सरपंच दीपक पाढा, बम्बरेहड़ी सरपंच अजय कुमार कमेटी के सदस्य टॉप मौजूद रहा सभी ने छात्रों को बधाई दी।

## पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




**मूनक, 14 मई ( जयभगवान ) :** पी. एम. श्री रा. व. मा. विद्यालय मूनक 12 वीं कक्षा के प्रत्येक संकाय का आर्टस, साइंस, कॉमर्स का परिक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्या सुरेन्द्र कुमारी ने मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत किया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अन्य बच्चों का उत्साह -वर्धन करते हुए प्रेरणा दी कि मेहनत से सभी उच्च से उच्च लक्ष्य प्राप्त किये जा सकते है। सरपंच ओमप्रकाश ने अपनी उपस्थिति देकर सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रेम राज संस्कृत प्रवक्ता ने इसे सभी अध्यापकों व कठोर परिश्रम का फल बताया। इस अवसर पर श्री धन सिंह, रोहतक, सुनील, अरुण, प्रदीप, मीनू, संगीता, ज्योति, पूजा, मनु व विद्यालय को अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री जगत गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के आदर्शों को जीवन में अपनाएं : हरविंद्र कल्याण

**करनाल, 14 मई ( सुनील कुमार ) :** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने गत दिवस करनाल के निर्मल विहार आश्रम में श्री जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के मोक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महायज्ञ में भाग लिया। उन्होंने जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और यज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने संबोधित करते हुए श्री जगत गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्री जगतगुरु ब्रह्मानंद सरस्वती जी एक महान संत, अद्वैत वेदांत के प्रचारक और समाज सुधारक थे। उनका पूरा जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित रहा और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री जगतगुरु ब्रह्मानंद जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और लोगों को सही मार्ग दिखाने का कार्य किया। उनके उपदेश और विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।



उन्होंने कहा कि जो संदेश श्री जगतगुरू ब्रह्मानंद सरस्वती जी ने अपने जीवनकाल में मानवता व समाज के लिए दिया, उन विचारों के साथ जुड़कर अपने जीवन को आगे बढ़ाएं और एक अच्छे इंसान के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक भी बनें। उन्होंने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। श्री जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी ने अपना जीवन निर्दोष व गरीबों की सेवा में बिताया। इस अवसर पर आश्रम के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज पर लाइव अंतरराष्ट्रीय योग डे प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**रतिया, 14 मई ( अमन सेठी ) :** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार गांव पारता में हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज पर लाइव अंतरराष्ट्रीय योग डे प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया। इस कार्यक्रम में गाँव के गणमान्य लोगों के साथ गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। खंड योग समन्वयक साहिल मैहता,आयुष योग सहायक रोशन, सरिता व बनिता द्वारा योग प्रोटोकॉल करवाया गया जिसमें ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, सेतुबंद आसान, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी अथवा ध्यान आदि क्रियाएं करवाई गई।

जिला योग समन्वयक डॉ.अजीत कुमार ने बताया की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग अभ्यास के अनेक लाभों के बारे में विश्व को जागरूक करना है। इस बार की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।


जिला योग विशेषज्ञ डॉ.अम्बिका पांटा ने बताया की योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। हम लोगों का प्रथम दायित्व है कि हम योग को पूरे विश्व में फैलाएं,उसके लिए हमें पहले शुरुआत खुद से करनी होगी। योग की इस लहर को अपने परिवार के साथ शुरू करके समाज, राष्ट्र और विश्व तक लेकर जाना है, जिससे हम विश्व स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर मंदिर के प्रधान अमित, आयुष योग सहायक रामपाल, विकास, जुगबीर, सरवन, राजबीर, बलवान रीतू, नीलम, सुमन, देवेंद्र, सुनील मौजूद थे।

# 12वीं कक्षा में अव्वल आए छात्र दीप सिंह को मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल कर दी बधाई

**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कक्षा 12वीं में 497 अंक लेकर हरियाणा में टॉप करने वाले कैथल जिला के स्योंमाजरा गांव के अर्पण दीप को वीडियो कॉल के माध्यम से बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि हरियाणा प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। आप यूं ही आगे बढ़ते रहें, हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अर्पण के माता-पिता से भी बातचीत की और उन्हें भी बधाई दी। बता दें कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योंमाजरा के छात्र अर्पण दीप ने कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय में हरियाणा में कक्षा 12वीं में 497 अंक प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री से फोन पर बात करने के उपरांत अर्पण दीप ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से बातचीत करने के बाद बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। मुझे मुख्यमन्त्री जी ने आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूँ। मुझे आज जो सम्मान मिला उसमे मेरी मेहनत के साथ साथ मेरे माता पिता तथा गुरुजन का आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री जी के साथ साथ, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, डीसी प्रीति व प्रदेश भर से बधाई मिल रही है। आज मुझे महसूस हुआ कि मेहनत करने से हमें आगे बढ़ने का मौका तो मिलेगा ही, साथ ही काफी मान सम्मान भी मिलता है। आगे भी मैं ऐसे ही मेहनत करूंगा और प्रदेश का नाम रोशन करूंगा।





## अल्पाइन पब्लिक स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**शाहाबाद मारकंडा, 14 मई ( रूबी ) :** 12वीं कक्षा का सीबीएसई परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही अल्पाइन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक लेकर विद्यालय एवं अभिभावकों के नाम को गौरवान्वित किया। प्रिंसिपल आरती अरोड़ा ने बताया कि विज्ञान संकाय के छात्र जश्नप्रीत ने 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्णव ने 89.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा वैभव ने 87.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में गरिमा ने 85.6 प्रतिशत, कोमल ने 84.2 प्रतिशत, हरमन जोत कौर ने 80.4 प्रतिशत अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में रमनदीप सिंह 76.8 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त भौतिक विज्ञान में जश्नप्रीत ने 87 प्रतिशत, हितेश ने जीव विज्ञान में 83 प्रतिशत, रसायन विज्ञान में जश्नप्रीत ने 95 प्रतिशत और फिजिकल एजुकेशन में जश्नप्रीत ने ही 96 प्रतिशत अंक, आरची ने इंग्लिश में 94, रुचि ने इंग्लिश में 93 और अरनव अरोड़ा ने मैथ में 98 अंक, कोमल ने अर्थशास्त्र में 92, बिजनेस स्टडी में गरिमा ने 88, अकाउंट्स में गरिमा 83 अंक लेकर अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ रमनदीप, करनदीप और वंश सिंह ने हिंदी में 85 अंक प्राप्त करके अव्वल स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल आरती अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए एवं अध्यापकों को भी उनके उचित मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम है, जो उन्हें आगे चलकर उनके सही लक्ष्य तक पहुंचाएगी। विद्यालय के निर्देशक दीपक सिंघल ने भी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत

**शाहाबाद मारकंडा, 14 मई ( रूबी ) :** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम भी शत- प्रतिशत रहा। जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन ने बताया की स्कूल के छात्र वंश सैनी ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसके अलावा प्रियंका ने 91.6 प्रतिशत, अंजलि ने 90.4 प्रतिशत, गीतिका ने 87 प्रतिशत, हैसील ने 86.4 प्रतिशत, सिमरत प्रीत ने 83.4 प्रतिशत, काशवी ने 83.2 प्रतिशत, ऐशप्रीत ने 83 प्रतिशत, दीपेश ने 82.8 प्रतिशत, हरमीत ने 82.6 प्रतिशत, अमनप्रीत सिंह ने 82 प्रतिशत, लोवेप्रीत ने 81.6 प्रतिशत, अगमदीप ने 81.4 प्रतिशत, अर्षप्रीत ने 80.6 प्रतिशत, नैतिक हरि ने 79.6 प्रतिशत, अतुल ने 78.4 प्रतिशत, वंशिका ने 77.4 प्रतिशत, खुशी ने 77.2 प्रतिशत, स्नेहा ने 77 प्रतिशत, डाली राम ने 76.8 प्रतिशत, उपेंद्र 75.8 प्रतिशत, अर्षदीप ने 75.6 प्रतिशत, वरुण ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य डा. आरएस घुम्मन, प्रबंधक मनोज भसीन, उपप्राचार्य सतबीर सिंह व पूरे स्टाफ ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।



## जिला की मंडियों में 8 लाख 13 हजार 332 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**करनाल, 14 मई ( कादियान ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक निरंतर जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे और मंडी में खरीद व्यवस्था सुचारू ढंग से चल रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक जिला में करीब 8 लाख 13 हजार 332 मीट्रिक टन गेहूं की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 453663 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 334438 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 25231 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए है।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार : रमेश चंद्र

**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कठवाड का परीक्षा परिणाम शानदार व सराहनीय रहा।

यह जानकारी देते स्कूल प्रबंधन समिति के प्रबंधक रमेश चंद् ने बताया की 20 छात्रों में से महक ने 500 में से 471 आंचल ने 500 में से 432 महक ने 500 में से 457 सुमन ने 500 में से 423 मनप्रीत ने 500 में से 420 प्रियंका ने 500 में से 417 काजल ने 500 में से 408 रिचा ने 500 में से 406 व काजल ने 500 अंकों में से 405 अंक प्राप्त करके मेरिट स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है तथा परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। प्रबंधन समिति के मैनेजिंग डायरेक्टर शमशेर सिंह जी ने इस अवसर पर सभी अध्यापकों के अथक प्रयासों और छात्रों की लगन की सराहना की और सभी अध्यापकों, अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी।

## गांव मुरथल व किशोर की मतदाता सूचियों का किया गया अंतिम प्रकाशन : जितेन्द्र कुमार

**सोनीपत, 14 मई ( विनोद ) :** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुरथल खण्ड की ग्राम पंचायत मुरथल व किशोरा की मतदाता सूचियों का विधानसभा अनुसार प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार मिलान करके 13 मई को हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के नियम 8 (3)ए के तहत अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

## सबसे कम लिंगानुपात वाले गांवों में किए जाएंगे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत, 14 मई ( विनोद ) :** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने बताया कि जिला के जिन गांव का लिंगानुपात सबसे कम है उन गांवों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता कैंप 15 मई को गांव माजरी स्थित सामान्य चौपाल, 16 मई को गांव बुलंद गढ़ी स्थित प्राथमिक स्कूल, 19 मई को गांव ग्यासपुर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में, 20 मई को गांव किडौली स्थित एससी चौपाल तथा 21 मई को गांव आनंदपुर स्थित प्राथमिक स्कूल झरोठ में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन जागरूकता कैंपों में संबंधित चिकित्सा अधिकारी, स्कूल प्राचार्य, सीडीपीओ, सुपरवाईजर, ग्राम सचिव, सरपंच, सभी पंच, एएनएम, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी व गांव की गर्भवती महिलाओं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा भाग लिया जाएगा और लोगों को लिंगानुपात बढ़ाने में सहयोग करने तथा लिंग जांच करने वालों की सूचना देने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ पोस्ट डालने के मामले में आरोपी काबू



**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसते हुए एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में पीएसआई सुमित कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एचसी कुलदीप सिंह की शिकायत अनुसार 11 मई को उसे सूचना मिली कि मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह ढिल्लो ने अपनी फेसबुक आईडी पर पिस्तौलों व बंदूकों के साथ काफी फोटो अपलोड कर रखी है। जानकारी मिलने पर उन्होंने देवेंद्र की फेसबुक आईडी खोल कर चेक की गई तो शिकायत के तथ्य सही पाए गए। जांच में पता चला कि देवेंद्र के पास कोई लाइसेंस भी नहीं है। वह उसके गांव के मालक सिंह के हथियारों के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फोटो अपलोड करके वायरल करके समाज में भय का माहौल बना रहा है और खुद को गुंडे के रूप में प्रदर्शित कर रहा है। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी का 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

## सीजेएम इरम हसन ने नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का किया निरीक्षण



**करनाल, 14 मई ( सुनील कुमार ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने नारी निकेतन व श्रद्धानंद बाल आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं व श्रद्धानंद बाल आश्रम में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की। इसके साथ ही बच्चों का आवश्यक मार्गदर्शन भी किया। इसके अलावा उन्होंने नारी निकेतन में रह रही 12वीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर उसे मेडल, प्रशंसा पत्र व उपहार देकर अग्रिम शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया और वहां रह रही महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रयासरत रहने की बात कही। इस मौके पर नारी निकेतन का स्टाफ मौजूद था।

# प्रत्येक सोमवार और वीरवार को लग रहे हैं समाधान शिविर : उत्तम सिंह

**करनाल, 14 मई ( परमजीत कौर ) :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई की जा रही है तथा समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में सुबह 10 बजे से 12 बजे आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है, इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों से संबंधित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर समीक्षा करते हैं और उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि तय समय सीमा के अंदर आमजन की समस्या का समाधान होना चाहिए।

# पिहोवा के गीतकार साहब साबी की कलम की गूंज वैष्णो देवी के दरबार में



**पिहोवा, 14 मई ( मुकेश डोलिया ) :** पिहोवा के मॉडल टाउन में रहने वाले साहब साबी एक प्रसिद्ध गीतकार एवं गायक के रूप में चिर परिचित शख्सियत हैं। उनके द्वारा कलमबद्ध गीतों कईं नामवर गायकों ने अपनी सुरीली आवाज दी है। वैष्णो देवी के भवन में प्रातः कालीन आरती का आयोजन नित्य प्रतिदिन होता है। जिसमें मां वैष्णो के भजनों का अमृत सीधे प्रसारण के माध्यम से आम घरों तक बरसता है। गत 8 मई प्रातः पिहोवा के गीतकार साहब साबी द्वारा कलमबद्ध रचित माता की भेंट वैष्णो दरबार के भजन गायक भक्त द्वारा गाई गई। ममता वी सोणी ऐ तेरा प्यार वी सोणा ऐ, मां तू वी सोणी ऐ तेरा दरबार वी सोणा ऐ। लेखक साहब साबी की यह भेंट वैष्णो दरबार के भजन गायक भक्त ने गायक रम्पी साज़ से मां के एक जागरण में सुनी थी यह रचना उनके दिल को छू गई और तुरंत उनसे मां वैष्णो देवी के दरबार में गाने के लिए ले ली। यह मां की भेंट की रचना साबी ने पवित्र वैष्णों दरबार में लिखी थी, उन्होंने बताया कि वे चार साल पहले माता के दर्शनों के लिए बड़ी श्रद्धा से गए थे। उस दिन दर्शन करते समय दिल बहुत ही भावुक हो गया अश्रु धार बहने लगी जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। जबकि पहले भी वह गुरु कमल पुरी जी के साथ मां वैष्णों के दरबार में आ चुका हूं। परन्तु उस दिन मां की विशेष कृपा बरस रही थी। दर्शन के बाद मां के गर्भ गृह से निकल कर वहीं बैठ गया और भाव विभोर होकर मां के पवित्र चरणों में लेखनी से एक सुंदर रचना करने लगा और एक सुंदर भेंट का सृजन हो गया। जिसे बाद में गायकों ने माता के जगरातों में खूब श्रद्धा से गाया। साबी अपने खास अंदाज के लेखन और गायन से गायकों और श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित करते है। हिंदी, पंजाबी भाषा पर तो उनकी कलम की धार अद्भुत रचनाएं गढ़ती ही हैं जो गायकों की पसंद के साथ उनको भी मशहूर करती हैं। धार्मिक, सामाजिक ज्वलंत मुद्दे, पंजाबी, हिंदी दोनों भाषाओं की रचनाओं की एक लम्बी श्रृंखला है और अब तो बॉलीवुड में अपना खास मुकाम बनाने वाली हरियाणवी भाषा में भी अपनी कलम से अच्छी रचनाएं कर रहे हैं। गायकों की श्रेणी में रखें तो बड़े-बड़े गायकों के साथ दर्जनों स्टेज शो कर चुके हैं साबी। जसबीर जस्सी, पम्मी बाई, ऋचा शर्मा आदि कई नामी गायकों के नाम शामिल हैं जिनके संग उन्होंने गायन का मंच सांझा किया है। भविष्य में साहब साबी द्वारा रचित गीत विभिन्न गायकों की सुरीली आवाज में खूब सुनने को मिलेंगें।

# हिन्दू हाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने इस बार अच्छा प्रदर्शन किया




**हांसी, 14 मई ( मनमोहन शर्मा ):** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा घोषित परिणाम में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

***कक्षा 10वीं के परिणाम में :***
ज्योति सियाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसे 95% अंक प्राप्त हुए हैं। अनिकेत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसके 94.5% अंक आए हैं। पारस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है, जिसके 91% अंक हैं।

***कक्षा 12वीं ( कॉमर्स स्ट्रीम ) के परिणाम में***
आरती रानी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसे 96% अंक प्राप्त हुए हैं। रवीना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसके 91% अंक आए हैं। हितेश( विज्ञान ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है, जिसके 87% अंक हैं। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य अनिल कुमार एवं समस्त स्टाफ की ओर से सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी जाती हैं। यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# विषम परिस्थिति में घबराए नहीं, बल्कि मजबूत इरादों के साथ करें डटकर मुकाबला : एडीसी दीपक बाबू करवा



**कैथल, 14 मई ( प्रवेश बहादुर ) :** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हमें किसी भी विषम परिस्थिति में घबराना नहीं है, बल्कि मजबूत इरादों के साथ हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला करना है। लड़ाई हमेशा होश व जोश के साथ जीती जाती है। किसी भी आपात स्थिति में हमें अपने होश नहीं खोने चाहिए। ऐसी स्थिति में आमजन के दिल से डर को निकालना है, अफवाहों पर विराम लगाना है। प्रशिक्षण के दौरान जो आपने फायर सेफ्टी एवं प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित जो भी सीखा है, उससे अपने सहयोगियों को भी अवगत करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा मंगलवार को जाट कॉलेज के हाल में एनसीसी, गाइड एवं स्काउट के लिए आयोजित सिविल डिफेंस वोलिंटियर्स प्रशिक्षण शिविर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए एवं एहतियात के तौर पर गांव में पटवारी, ग्राम सचिव व पूर्व सैनिकों की डयूटी लगाई गई है। आपात स्थिति में आप सभी ने अपने क्षेत्र में शांति का माहौल बनाने में उपरोक्त अधिकारियों की मदद करनी है। अगर किसी भी प्रकार की अफवाह है तो उसके बारे में प्रशासन को सूचित करना है। उन्होंने सभी वोलिंटियर्स से आह्वान किया कि वे अनुशासन में रहते हुए देश हित एवं जनहित के कार्य के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। कर्नल हरप्रीत सिंह ने वोलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी देश पर कोई संकट आया है, तो एनसीसी कैडेट ने इससे निपटने में हमेशा अपना योगदान दिया है। कोविड के समय में भी कैडेट ने अस्पतालों, यातायात प्रबंधन में सहायता आदि में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आह्वान किया कि आपात स्थिति के दौरान लोगों को सही जानकारी उपलब्ध करवाएं।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाचर का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत




**निसिंग, 14 मई ( जोगिंद्र सिंह ) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाचर में सीनियर सैकण्डरी परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने व 23 परीक्षार्थियों के मैरिट में रहने पर स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों व सभी स्टाफ़ सदस्यों को प्रधानाचार्य गुरजोग सिहं ,स्कूल प्रबंधन समिति व ग्राम पंचायत डाचर द्वारा फूल मालाएँ, बुके, मैडल व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया ।जिला स्तर पर प्रथम रहने वाली छात्रा खुशी को 11000, जिला स्तर पर द्वितीय रहने वाली छात्रा कोमल को 7100, स्कूल स्तर पर तृतीय रहने वाली छात्रा स्वाति को 3100 इसके अतिरिक्त आँचल व रूबी को 2100-2100 नक़द राशि से सम्मानित किया गया। जियोग्राफ़ी व राजनीति शास्त्र सब्जेक्ट में 100/100 अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं व उपरोक्त सब्जेक्ट से संबंधित प्राध्यापक नरेंद्र सिंह ढिल्लों व सुधीर महला को भी 2100-2100 नक़द राशि से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नरेन्द्र कौर ने विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर सभी को शुभकामनाएँ दी। इस मौक़े पर सरपंच अनिल कुमार उनके पिता मामू राम, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान डॉक्टर सोनू, उप प्रधान निशा रानी, पूर्व सरपंच सरदार महल सिंह, समाजसेवी सरदार गुरदयाल सिंह, डॉक्टर रोशन लाल, गुर चरन सिंह, दविंदर कौर तथा सभी स्टाफ़ सदस्य उपस्थित रहे।

# मनोहर लाल की बिना पर्ची-खर्ची स्कीम से नोकरियों में से पसंद की नौकरी छांट रहे हैं युवा : अमरसिंह नंदगढ़





**जगाधरी, 14 मई ( रोहतास कुमार ) :** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सदस्य अमरसिंह ने राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढेडी ( भेडथल) में विधालय द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं मोटिवेट करते हुए एक सेमिनार में कहे। नंदगढ ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल जी का यौवन यमुनानगर जिले में व्यतीत हुआ। उन्होंने संघ प्रचारक होते हुए समाज के विभिन्न वर्गों में सम्बन्ध बनाए तथा गरीब युवाओं की नोकरी से सम्बन्धित समस्या को समझा। प्रभु जी ने इस समस्या के समाधान हेतु उनको अवसर दिया ओर उन्होंने बिना पर्ची-खर्ची स्कीम लाकर आज युवाओं सामने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी कि नोकरियों में से भी पसंद की नोकरी छांटनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी सभी वर्गों के हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वह सीईटी की तैयारी करते रहें, जल्द ही इसकी परीक्षा ली जाएगी। उन्होंने बच्चों से कहा कि जैसे एक मिसाइल का लक्ष्य निर्धारित होता है ऐसे ही आप भी अपने अच्छे लक्ष्य के लिए अच्छी तरह पढ़ाई करें। विद्यालय मे पीपल का पौधा लगाने पर उन्होंने सभी से निवेदन किया कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें पेड़, बिजली, जल को बचाना चाहिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल कृष्णलाल सैनी ने अमरसिंह के जीवन पर बच्चों को बताया कि एक सामान्य परिवार से हैं स्वयं मजदूरी कर शिक्षा प्राप्त की और अध्यापक की नौकरी करते हुए आज नोकरी देने वाले आयोग के सदस्य हैं। हमे इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। स्कूल अध्यापक नरेश कुमार ने सभी अतिथियों, स्कूल स्टाफ तथा बच्चों का आभार प्रकट किया।

# ग्रुप-डी के पदों के लिए डीएससी और ओएससी के लिए पद हुए आरक्षित : जगमोहन आनंद



**करनाल, 14 मई ( सोनी दुआ ) :** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची प्रदेश सरकार द्वारा उनकी काबिलियत और योग्यता पर रोजगार दिया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हो और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐतिहासिक पहल करते हुए ग्रुप-डी की भर्ती में डीएससी और ओएससी के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 7596 पदों में से 1209 पदों को आरक्षित करने की घोषणा की है। विधायक जगमोहन आनंद ने डीएससी और ओएससी की ग्रुप-डी की भर्ती में पद आरक्षित करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब ग्रुप-डी में वचित अनुसूचित जातियों (डीएससी) के लिए 605 पद और अन्य अनुसूचित जातियों (ओएससी) के लिए 604 पद आरक्षित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बीसीए, बीसीबी, ईडब्ल्यूएस, पीएच, ईएसपी, ईएसएम आदि वर्गों के लिए भी आरक्षित सीटों का प्रावधान किया गया है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि ग्रुप-डी के 7596 पदों के लिए जो पद आरक्षित किए गए हैं, उनकी चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) स्कोर का भी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन-स्टॉप विकास कार्य कर रही है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के युवाओं के भविष्य को देखते हुए यह ऐतिहासिक कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दृढ़ निश्चय के विजन को साकार करता है। युवाओं के बारे में विधायक ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को खूब पढना चाहिए और अपनी काबिलियत के बल पर रोजगार प्राप्त करना चाहिए। शिक्षा हमारे भविष्य के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि हम शिक्षित होंगे तभी हम एक उज्जवल समाज की कल्पना कर सकते हैं।

# ऐतिहासिक दस्तावेजों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी संपन्न



**हिसार, 14 मई ( ब्यूरो ) :** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशीला भवन, हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना था। समापन अवसर पर विद्यालय इंचार्ज किरण ढिल्लो ने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर ऐतिहासिक दस्तावेजों व दुर्लभ छायाचित्रों का अवलोकन किया।

क्षेत्रीय अभिलेखागार हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाओं और उनके संघर्षों की अमूल्य झलक प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के जीवन पर चर्चा कर उनके त्याग और बलिदान को आत्मसात किया। प्रदर्शनी ने सभी को इतिहास से जोड़ने का कार्य किया और देशभक्ति की भावना को प्रबल किया।

# डीएवी स्कूल का 10वीं व 12वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



**नीलोखेड़ी, 14 मई ( दर्शन शर्मा ) :** डीएवी स्कूल नीलोखेड़ी ने एक बार फिर शानदार शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की है। कक्षा 12वीं और 10वीं दोनों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

***कक्षा 12वीं परिणाम:***
विद्यालय में जागृत ने 95.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके बाद रौनक और पलक ने 95%, पंकज ने 93.6%, अंशिका ने 93.2%, करण ने 93%, रिश्ता ने 92.8%, रिया ने 92.2%, दिव्यांशी ने 92%, प्रकृति ने 91% और अरनूर ने 90.6% अंक अर्जित किए। कुल 13 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त, 24 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 29 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

***कक्षा 10वीं परिणाम :***
जसरूप ने 96.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद भूमि ने 93.6 नव्या 92.6 शिवांश 91.4 चेतन 91 एवं पारुल ने 90.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के 6 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 13 बच्चों ने 80% से अधिक अंक और 18 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक मिगलानी ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# नप की टीम घर-घर जाकर गीला-सूखा कचरा निपटान के लिए कर रही जागरुक

**कुरुक्षेत्र, 14 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला नगर आयुक्त सेतिन्द्र सिवाच ने कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद में डोर-टू-डोर गीले सूखे कचरे के निपटान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। नगर परिषद थानेसर की टीम घर-घर जाकर शहरवासियों को गीले और सूखे कचरे के निपटान की जानकारी दे रही है। लोगों को गीले और सूखे कचरे के बीच के अंतर के बारे में जागरूक करना जरूरी है, ताकि वे सही डस्टबिन में कचरा डाल सकें। इससे बीमारियों पर काबू पाना भी आसान हो जाता है।

जिला नगर आयुक्त सेतिन्द्र सिवाच ने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने से कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। कचरे को अलग करने से प्रदूषण कम होता है, लैंडफिल में कचरे की मात्रा कम होती है और पर्यावरण की रक्षा होती है। साथ ही कचरा प्रबंधन में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि गीले कचरे को अलग डस्टबिन में डालने से यह खाद बनाने के लिए उपयोगी हो जाता है। गीले कचरे में रसोई का कचरा, खाने के अवशेष, फल, सब्जियों के छिलके और अन्य जैविक कचरा शामिल होता है। उन्होंने कहा कि सूखे कचरे को अलग करने से प्लास्टिक, कांच, धातु और अन्य सामग्री को रिसाइकल करना आसान हो जाता है। सूखे कचरे में प्लास्टिक की बोतलें, डिब्बे, कागज, अखबार और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री शामिल होती है। इस कार्य को कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक प्रदीप, आईईसी एक्सपर्ट बीरेंद्र कुमार भारद्वाज, सफाई दरोगा अशोक वैद और सफाई कर्मियों के माध्यम से किया जा रहा है। नगर परिषद थानेसर की टीम डोर टू डोर कचरे उठाने वाली गाड़ी पर अनाउंसमेंट करके, घरों में पम्पलेट बांटकर गीले सूखे कचरे के निपटान की अपील कर रही है।

# परीक्षा परिणाम में गीता मॉडर्न सीनियर सकैंडरी स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में गीता मॉडर्न सीनियर सकैंडरी स्कूल तरावड़ी के बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा।

स्कूल के अधिकतर बच्चों ने टॉप किया। स्कूल परिसर में निर्देशक बालकृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व में बच्चों का सम्मान किया गया। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में नताशा ने 85 प्रतिशत, कमलजीत 83 प्रतिशत, वंश 80 प्रतिशत, टोनी 76 प्रतिशत, दिव्या 76 प्रतिशत हैप्पी 76 प्रतिशत और विज्ञान संकाय में अंतरा ने 84 प्रतिशत, पलक 84 प्रतिशत, अमित 76 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट में रहे। सभी बच्चों ने विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या रागिनी राय ने मेरिट में कब्जा जमाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों का मुंह मीठा कराया उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद, डिंपल त्रिपाठी, कर्मजीत कौर, राजवीर, पायल समेत कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## बीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत




**जगाधरी, 14 मई ( रोहतास कुमार ) :** ग्रामीण आंचल में स्थित बीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलेमपुर में सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के शानदार परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों और अध्यापकगण के चेहरों पर खुशी की लहर छा गई। विद्यालय का कक्षा दसवीं व कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। विद्यालय प्रधानाचार्या शशी बाला ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकगण को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। प्रधानाचार्या ने बताया कि कक्षा दसवीं की छात्रा पायल सुपुत्री प्रदीप कुमार ने 92.20% अंक लेकर और कक्षा 12वीं नॉन मेडिकल की छात्रा खुशी सुपुत्री रजविंदर ने 85 % अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय प्यारे विद्यार्थियों, कर्मठ अध्यापकगण और सम्मानित अभिभावकों को जाता है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

# एसडी पब्लिक स्कूल का 12वीं व 10वीं कक्षा सीबीएसई का परिणाम रहा शत-प्रतिशत





**हांसी, 14 मई ( मनमोहन शर्मा ):** स्थानीय एस. डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल, जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है का सत्र 2024-25 का बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसके अंतर्गत आर्ट्स संकाय से प्रथम स्थान पर कुदरत 96.4 प्रतिशत, द्वितीय राघवी 95.4 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से, तृतीय वंशिका व आदित्य 93.2 प्रतिशत विज्ञान व आर्ट्स संकाय, चतुर्थ स्थान पर अक्षत जैन 91.6 प्रतिशत विज्ञान संकाय से, पांचवें स्थान पर लक्षिता 90.2 प्रतिशत आर्टस संकाय से, छठे स्थान पर निशि गर्ग 89.6 वाणिज्य संकाय से, सातवें स्थान पर वंशिका 88.6 प्रतिशत आर्टस संकाय से, आठवें स्थान पर उज्वल शर्मा 87.6 प्रतिशत विज्ञान संकाय से, नौवें स्थान पर मोनिका 87 प्रतिशत आर्ट्स संकाय से, दसवें स्थान पर मुकुल गोयल व निखिल कुमार 86.8 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से रहे। विद्यालय में वाणिज्य संकाय, आर्ट्स संकाय व विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने विषयानुसार अधिकतम अंक इस प्रकार प्राप्त किए। अर्थशास्त्र में कुदरत गर्ग ने व इतिहास में आदित्य बिड़ला ने 98, राजनीति शास्त्र में कुदरत गर्ग ने 96 अंक, गणित में अक्षत जैन ने 94, एकाउंटेंसी में राघवी जैन ने 96 अंक, बिजनेस स्टडीज में राघवी जैन ने 94 अंक, अंग्रेजी में वंशिका व कुदरत गर्ग ने 94 अंक, शारीरिक शिक्षा में उज्वल शर्मा ने 97 अंक, फिजिक्स में अक्षत जैन ने 87 अंक, केमिस्ट्री में वंशिका व अक्षत जैन ने 95 अंक, बायोलॉजी में वंशिका ने 93 अंक, संगीत में देव सिंगला ने 99 अंक, पेंटिंग में वंशिका, विधि, खुशबू व राघवी जैन ने 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सत्र 2024-25 का बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम इस प्रकार रहा, प्रथम स्थान पर गर्व व संयम जैन 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अर्पित सिंह 95.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर राजश्री 93.6 प्रतिशत, चौथे स्थान पर अनन्या 92.2 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर सुमित मित्तल 92 प्रतिशत, छठे स्थान पर रितिका 90.8 प्रतिशत, सातवें स्थान पर परी व याशिका 90.6 प्रतिशत, आठवें स्थान पर जहान्वी अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, नौवें स्थान पर आराध्या गुप्ता 90.2 प्रतिशत दसवें स्थान पर जय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हिंदी में अधिकतम अंक अर्पित सिंह ने 97, अंग्रेजी में गर्व व संयम जैन ने 95, गणित में गर्व व संयम जैन ने 97, विज्ञान में संयम जैन व राजश्री ने 95, सामाजिक विज्ञान में सुमित मित्तल ने 96 तथा कम्प्यूटर में गर्व व अर्पित सिंह ने 100 अंक प्राप्त किये। उधर नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है का सत्र 2024-25 का बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसके अंतर्गत आर्ट्स संकाय से प्रथम स्थान पर कुदरत 96.4 प्रतिशत, द्वितीय राघवीजैन 95.4 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से, तृतीय वंशिका व आदित्य 93.2 प्रतिशत विज्ञान व आर्ट्स संकाय, चतुर्थ स्थान पर अक्षत जैन 91.6 प्रतिशत विज्ञान संकाय से, पांचवें स्थान पर लक्षिता 90.2 प्रतिशत आर्टस संकाय से, छठे स्थान पर निशि गर्ग 89.6 वाणिज्य संकाय से, सातवें स्थान पर वंशिका 88.6 प्रतिशत आर्टस संकाय से, आठवें स्थान पर उज्वल शर्मा 87.6 प्रतिशत विज्ञान संकाय से, नौवें स्थान पर मोनिका 87 प्रतिशत आर्ट्स संकाय से, दसवें स्थान पर मुकुल गोयल व निखिल कुमार 86.8प्र वाणिज्य संकाय से रहे। विद्यालय में वाणिज्य संकाय, आर्ट्स संकाय व विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने विषयानुसार अधिकतम अंक इस प्रकार प्राप्त किए। अर्थशास्त्र में कुदरत गर्ग ने व इतिहास में आदित्य बिड़ला ने 98, राजनीति शास्त्र में कुदरत गर्ग ने 96 अंक, गणित में अक्षत जैन ने 94, एकाउंटेंसी में राघवी जैन ने 96 अंक, बिजनेस स्टडीज में राघवी जैन ने 94 अंक, अंग्रेजी में वंशिका व कुदरत गर्ग ने 94 अंक, शारीरिक शिक्षा में उज्वल शर्मा ने 97 अंक, फिजिक्स में अक्षत जैन ने 87 अंक, केमिस्ट्री में वंशिका व अक्षत जैन ने 95 अंक, बायोलॉजी में वंशिका ने 93 अंक, संगीत में देव सिंगला ने 99 अंक, पेंटिंग में वंशिका, विधि, खुशबू व राघवी जैन ने 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सत्र 2024-25 का बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम इस प्रकार रहा, प्रथम स्थान पर गर्व व संयम जैन 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर अर्पित सिंह 95.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर राजश्री 93.6 प्रतिशत, चौथे स्थान पर अनन्या 92.2 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर सुमित मित्तल 92 प्रतिशत, छठे स्थान पर रितिका 90.8 प्रतिशत, सातवें स्थान पर परी व याशिका 90.6 प्रतिशत, आठवें स्थान पर जहान्वी अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, नौवें स्थान पर आराध्या गुप्ता 90.2 प्रतिशत दसवें स्थान पर जय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हिंदी में अधिकतम अंक अर्पित सिंह ने 97, अंग्रेजी में गर्व व संयम जैन ने 95, गणित में गर्व व संयम जैन ने 97, विज्ञान में संयम जैन व राजश्री ने 95, सामाजिक विज्ञान में सुमित मित्तल ने 96 तथा कम्प्यूटर में गर्व व अर्पित सिंह ने 100 अंक प्राप्त किये।

इस शानदार परीक्षा- परिणाम के लिए विद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चन्द्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**नीलोखेड़ी, 14 मई ( दर्शन शर्मा ) :** आनन्द पब्लिक स्कूल निगदू में विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विधालय परिणाम शानदार व प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने मेरिट स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में विद्यालय की छात्रा कायना डोडा ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिव्यांश डोडा ने 485 अंक प्राप्त कर कब्ज़ा जमाया व तृतीय स्थान यशप्रीत सिंह ने 470 अंक हासिल कर प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में अक्षिता 476 अंक हासिल कर प्रथम रही। प्रीति ने 451 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा हिमांशी ने 450 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आर्ट्स ग्रुप साक्षी ने 428 अंक प्राप्त कर प्रथम, अर्चना ने 418 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और गुलशन ने 409 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस शुभ अवसर पर आनंद एजुकेशनल सोसाइटी के प्रेसिडेंट सुभाष चंद डोडा द्वारा विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाकर,मिठाई खिलाकर और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। उन्होंने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों, अभिभावकों व विद्यालय के स्टाफ़ सदस्यों को बधाई दी और उन्होंने बताया कि हर वर्ष विद्यार्थियों द्वारा नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह ने बच्चों को बधाई संदेश दिया गया और उनके उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर गीतांजलि डोडा,राजकीय महाविद्यालय निगदू के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश अहलावत,समाजसेवी सुभाष चुचरा, अभिभावक अर्शदीप सिंह, सतबीर सिंह, सुनील डोडा व विद्यालय के स्टाफ़ सदस्य जितेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, महावीर ढिल्लों, मोनिका कुकरेजा, पूनम ग्रोवर, नरेश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## लिंगानुपात सुधार की दिशा में नैतिक जिम्मेदारी निभाएं अधिकारी : डॉ. मनोज कुमार

**सोनीपत, 14 मई ( विनोद ) :** जिला में लिंगानुपात सुधार की दिशा में अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं। साथ ही कम लिंगानुपात वाले गांवों पर विशेष निगरानी रखते हुए पहलू पर फोकस करें। डीसी डॉ. मनोज कुमार बुधवार को कैंप कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की वीडियो कांफ्रेंस उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन भ्रूण हत्या रोकने के लिए सजग एवं सतर्क है। भ्रूण लिंग जांच व भ्रूण हत्या करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में लिंगानुपात सुधार के लिए सभी अधिकारी नैतिकता के आधार पर अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल होने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंचाए। डीसी ने कहा कि सोनीपत जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पूरी मॉनिटरिंग करें और लिंग जांच करने वालों पर नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात सुधार में प्रशासन का सहयोग करते हुए सार्थक कदम बढ़ाने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने जिला के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में जिन गांवों में बेटा-बेटी में लिंगानुपात अंतर अधिक है, जहां महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग की ओर से संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। साथ ही महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग व




स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी यह भी ध्यान रखें कि उक्त कम लिंगानुपात वाले गांवों में गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करते हुए हर स्तर पर उनके स्वास्थ्य का आंकलन करें। डीसी ने ग्राम पंचायतों को कम लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कुंडली व दिल्ली बॉर्डर के साथ लगते गांवों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात काम होगा वहां जांच की जाएगी। डीसी ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को सफल व सार्थक बनाने हेतु बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों को सम्मानित करें, जिससे उनका उत्साहवर्धन हो सके ताकि लोग बेटा-बेटी में फर्क न समझे। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात को सुधारने के लिए जिला में बालिकाओं को प्रोत्साहित करे और लोगों में जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि बाल लिंगानुपात में सुधार लाना समाज का अहम दायित्व है। कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध के लिए समाज के लोगों को संवेदनशील होना होगा, इसके लिए समाज के हर परिवार एवं लोग को सोचना होगा तथा बेटा-बेटी में अंतर नहीं करते हुए, बेटियों के जन्म लेने से लेकर उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सम्मान, सुरक्षा, संरक्षण एवं समानता के प्रयत्नशील होना होगा। लिंग परीक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने में सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. सुमित कौशिक डीएनओ, पीसीपीएनडीटी, डॉ. जितेन्द्र सिंह, उप सिविल सर्जन, सोनीपत, सरिता जिला आशा समन्वयक, सोनीपत, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

*दुर्गा शक्ति, डायल-112, सैल्फ डिफेंस व गुड टच-बैड टच के बारे दी जानकारी*



**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियो को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्ग दर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसी कड़ी में कार्य करते हुए बुधवार 14 मई को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय टेहा ब्राह्मण थाना बिलासपुर में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हैल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लग सकें। पुलिस टीम ने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधो बारे भी जागरूक किया तथा कॉलेज की छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप्प और डायल-112 एप्प डाउनलोड करवाकर उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## 10वीं व 12वीं सीबीएसई परीक्षा में माता साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट आने पर छात्र-छात्राओं में खुशी



**मूनक, 14 मई ( जयभगवान ) :** 10 व 12वीं सीबीएसई का परिणाम घोषित होने पर माता साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पक्का खेड़ा में खुशी की लहर। इस वर्ष स्कूल का परिणाम 99% रहा। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रधान अध्यापिका मनीषा रावत ने सम्मानित किया। इस खुशी के अवसर पर स्कूल की अनेक अध्यापिकाओं ने प्रभावशाली छात्रों के साथ खुशी मना कर नृत्य भी किया। स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों में हरप्रीत कौर 95%, जशनप्रीत कौर, मुस्कान, माही, कमलजीत कौर, अवनीत कौर, गुरजीत सिंह, अवमीत कौर, गुरजीत कौर, अशमीत कौर, सिमरन जैसमीत कौर ने स्कूल का नाम रोशन किया।

# पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का किया अंतिम प्रकाशन : नेहा सिंह


**कुरुक्षेत्र, 14 मई ( सुदेश कुमार ) :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव व उप चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम प्रकाशन किया गया। जिला में पंचायती राज संस्थाओं के तहत 30 पद खाली हैं, इनमें एक सरपंच, दो पंचायत समिति सदस्यों और 27 पंच पद शामिल हैं। इन मतदाता सूचियों को ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषद, खंड कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कुरुक्षेत्र, उपायुक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। उन्होंने कहा कि साथ ही समस्त राजनैतिक पार्टियों को अंतिम रूप से प्रकाशित की गई मतदाता सूचियों की एक-एक प्रति सीडी सहित पहुंचाई गई है और जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के अनुबंधों के तहत पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव व उप चुनाव 2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा पंचकूला द्वारा 11 अप्रैल को खंड पिहोवा, इस्माइलाबाद, थानेसर, लाडवा, बाबैन, शाहबाद, पिपली सहित जिला कुरुक्षेत्र की ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति की वार्डवार मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा पंचकूला द्वारा प्रारम्भिक प्रकाशन के बाद प्रोग्राम जारी करके मतदाता सूचियों में दावा, आपत्ति और अपीलों को मांगा गया था और उनका निपटान करने के बाद अब खंड पिहोवा, इस्माइलाबाद, थानेसर, लाडवा, बाबैन, शाहबाद, पिपली सहित जिला कुरुक्षेत्र की ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति की वार्डवार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया।

**जिला में कहां पर कौन-सा पद खाली:**-उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं के तहत 30 पद खाली हैं, इनमें एक सरपंच, दो पंचायत समिति सदस्यों और 27 पंच पद शामिल हैं। गांव जिरबड़ी में सरपंच पद, लाडवा की पंचायत समिति सदस्य के वार्ड नंबर 15 और थानेसर पंचायत समिति के वार्ड नंबर 4 के पद खाली हैं। गांव अंधेरी में पंच का वार्ड नंबर 4, अटल नगर में पंच का वार्ड नंबर 2 और 7, खेड़ी गदियां में पंच का वार्ड नंबर 2, 3 और 4, गांव जिरबड़ी में पंच का वार्ड नंबर 3 और 7, सुधपुर में पंच का वार्ड नंबर 3, राम नंबर (ओ) में पंच का वार्ड नंबर 6, सुलतानपुर में पंच का वार्ड नंबर 3, झींवरहेड़ी में पंच का वार्ड नंबर 5, थांटडा में पंच का वार्ड नंबर 2, सिंगपुरा में पंच का वार्ड नंबर 4, दिवाना में पंच का वार्ड नंबर 10, शाहपुर में पंच का वार्ड नंबर 2 और 3, मुकीमपुर में पंच का वार्ड नंबर 2, अभिमन्युपुर में पंच का वार्ड नंबर 18, बचगांव में पंच का वार्ड नंबर 6, सनहेडी खालसा में पंच का वार्ड नंबर 6, समसीपुर में पंच का वार्ड नंबर 5, भैंसी माजरा में पंच का वार्ड नंबर 5, हथीरा में पंच का वार्ड नंबर 3, रामनगर-112 में पंच का वार्ड नंबर 3, सैनी माजरा में पंच का वार्ड नंबर 6, बींट में पंच का वार्ड नंबर 3 के पद खाली हैं।

# प्रताप पब्लिक स्कूल की प्रेरणा ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर रचा कीर्तिमान

*शानदार रहा 10वीं ओर 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम, निर्देशक ने मिठाई खिलाकर दी बधाई*

**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की विज्ञान संकाय की छात्रा प्रेरणा ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल के निर्देशक हनी चौधरी एवं निर्देशिका पिथी चौधरी ने छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनकी मेहनत और संकल्प की सराहना भी की। विज्ञान संकाय में प्रेरणा ने 97.2 प्रतिशत, गरिमा ने 95.6, वरप्रीत ने 93.4, गौरी शर्मा ने 98.2, भूमि पे 92.6 प्रतिशत, नक्षिता ने 91.6, कण्व अनेजा ने 91.4, विक्रम कुमार ने 90.8 प्रतिशत और खुशी चौधरी ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में सिया कामरा ने 91.8 प्रतिशत, वंशिका ने 90.6 और गुरलीन कौर ने 89.4 अंक प्राप्त किए। कला संकाय मे नितिन बाटान ने 93.2 प्रतिशत, कनिष्का गोयल पे 85.6 और अंश गर्ग ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं के छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसमें दीपाली ने गणित में अन्य




विषय में 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आनंदिता ने द्वितीय व जया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। यशिका, वर्मिल एवं मोक्षी सिंह ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 25 प्रतिभाशाली छात्रों ने मैरिट लेकर अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम गौरान्वित किया। ललित कला फाइन आर्ट्स में 15 छात्रों ने 100 में से 100 अंक लेकर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। गरिमा ने बायोलॉजी में 99 अंक प्राप्त किए और इसके साथ ही 53 छात्रों ने अंग्रेजी विषय में मैरिट प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उत्रेजा ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता केवल अंकों की नहीं अपितु उन मूल्यों की जीत है जो हमारे विद्यालय की नींव है। यह सफलता न केवल आने वाले बच्चों के लिए प्रेरणा है बल्कि यह प्रमाण है कि समर्पण, परिश्रम और उचित मार्गदर्शन से कोई भी शिखर दूर नहीं। सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका मुंह मीठा कराया।

# शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**इंद्री, 14 मई ( बिशपाल राणा ) :** शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने बताया कि महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को जिला रेडक्रॉस व हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक चिकित्सा एवं नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों को आपातकालीन स्थितियों का सामना करने और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई और आपदाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला रेडक्रास की प्राथमिक सहायता की प्रवक्ता डॉ. नीना ने दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की प्राथमिक चिकित्सा के माध्यम से कैसे जान बचाई जा सकती है, इस बारे बहुत ही सरलता एवं विस्तार से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम दुर्घटना में घायल व्यक्ति के रक्तस्राव को रोकने का प्रयास करना चाहिए। प्राथमिक उपचार एक घायल व्यक्ति को दी जाने वाली प्रारंभिक देखभाल है। उन्होंने कहा कि धैर्य बनाए रखें और घायल व्यक्ति को जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के लिए एम्बुलैंस को सही लोकेशन की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो जाता है, तो आपका पहला लक्ष्य उसे जीवित रहने में मदद करना होता है। यदि व्यक्ति बेहोश है और उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है, तो उसे धीरे से करवट लिटाएं, उसके कपड़े ढीले करें और उसके सिर को थोड़ा



पीछे की ओर झुकाएं ताकि उसकी वायु मार्ग से खून या उल्टी जैसी कोई रुकावट दूर हो सके। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को यदि तुरन्त प्राथमिक उपचार उपलब्ध हो जाए तो इससे दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बच सकती है और चोटों के प्रभाव को रोका जा सकता है।एसडीआरएफ के एएसआई गुरप्रीत सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ बाढ़, चक्रवात, भूकंप, भूस्खलन, भवन ढहने, ट्रेन और सड़क दुर्घटनाओं, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और जंगल की आग आदि जैसी सभी प्रकार की आपदाओं से निपटने में सक्षम है। मानवीय आपदाओं के बारे में जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन के एसआई विक्रमजीत सिंह ने बताया कि मानवीय आपदा के समय पर धैर्य रखें व शान्त रहें, अपने पास कुछ समय के लिए आवश्यक वस्तुएं जरूर रखें, आपदा के समय लिफ्ट का प्रयोग न करें, घर के बच्चों व महिलाओं को आपदा के समय होने वाले खतरों के बारे में जागरूक अवश्य करें, अपने घर की लाइटें इस दौरान बंद रखें और इनडोर व आउटडोर की लाइटें जिसमें इन्वर्टर से भी बिजली आपूर्ति होती है, 'चालू न रखें। खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल करने से भी बचें। इसके अतिरिक्त उन्होंने आग से बचने, न्यूक्लियर हमले आदि आपदाओं से बचाव के उपायों की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से बचने के लिए मॉक ड्रिल भी करके दिखाई। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि समाज की सेवा हेतु उन्हें तैयार भी करते हैं। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ रणबीर सिंह, रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ रीटा अरोड़ा एवं डॉ पूजा एवं डिस्पेंसरी के प्रभारी डॉ बाल ऋषि सहित महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सदस्यों उपस्थित रहे।

# जेपीसी एकेडमी का 12वीं की अर्पण ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर असाधारण उपलब्धि की प्राप्त हासिल

**चिड़ाव, 14 मई ( प्रवीन कुमार ) :** जे. पी. एस. एकेडमी निसिंग में 10वीं व 12वीं की परीक्षा में परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स और मानविकी संकाय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित परीक्षा में अपनी कड़ी मेहनत से श्रेष्ठ अंक लाकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जोकि कॉमर्स में 16 विद्यार्थी, नॉन मेडिकल के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के 24



विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा, 22 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में 12 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 25 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

एकेडमी प्रबंधक श्री मति अंजू राणा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एकेडमी शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं मानती, हम नेतृत्व, चिंतनशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नागरिक निर्माण में विश्वास रखते हैं। यह उपलब्धि न केवल वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा है, अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक भी है। बच्चों की मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन के चलते ही एकेडमी के विद्यार्थियों ने इतने अच्छे अंक लेकर 12वीं की परीक्षा को उत्तीर्ण किया। विद्यालय की मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य तथा असंध विधायक माननीय योगेंद्र राणा ने दूरभाष के माध्यम से बधाई संदेश एवं श्रीमती अंजू राणा, प्रधानाचार्य बलराज सिंह तथा उप प्रधानाचार्य सुदीप शर्मा द्वारा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। वहीं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए प्रधानाचार्य बलराज सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि केवल अकेडमिक सफलता नहीं, बल्कि मूल्यों, अनुशासन और नवाचार पर आधारित हमारी शिक्षण परंपरा का परिणाम है। यह प्रदर्शन समर्पित शिक्षकों, प्रेरित विद्यार्थियों और सहयोगी अभिभावकों के त्रिभुज पर आधारित है।

# गधौली में 55.08 लाख की लागत से बनेगी सड़क, मेयर व विधायक ने किया शिलान्यास

**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम के वार्ड नंबर 11 के गधौली में यमुना इंडस्ट्रीज से मोहन लाल के खेतों तक 55 लाख आठ हजार रुपये की लागत से पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। निगम द्वारा कराए जाने वाले इस विकास कार्य का बुधवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी ने भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व वार्ड 11 से पार्षद संतोष रानी की उपस्थिति में शिलान्यास किया। पक्की सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते से निकलने में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय अवधि में विकास कार्य पूरा कर जनता को इसकी सौगात दी जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार बेहतर काम कर रही है। देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे है। हर नागरिक की राह आसान बनाने के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम द्वारा



निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे है। कई वार्डों में नए विकास कार्य कराने के एस्टीमेट तैयार किए, जा रहे हैं तो कुछ में एस्टीमेट तैयार कर टेंडर लगाए गए है। करोड़ों के विकास कार्यों के टेंडर लगे हुए है। करोड़ों के प्रोजेक्ट समेत कई वार्डों में गलियों, नालियों व अन्य विकास कार्य निर्माणाधीन है। जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए है, वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें। यदि कहीं गुणवत्ता से खिलवाड़ हो तो इसकी सूचना तुरंत उन्हें दें। विकास कार्यों में कहीं भी गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेयर बहमनी ने कहा कि हम सेवा ही संकल्प की भावना के साथ कार्य कर रहे है। हर वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसी का ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा हर वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अधिकतर वार्डों में पक्की सड़कें, अंडरग्राउंड नालियां, सीवरेज व अनेक भवनों का निर्माण किया जा चुका है। कई वार्डों में विकास कार्य निर्माणाधीन है। जिन्हें जल्द ही पूर्ण किया जाएगा।

# शहर के हर पार्क को सुंदर व हरा भरा बनाना हमारा प्रयास, आमजन भी करें सहयोग : सुमन बहमनी

**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** नगर निगम के वार्ड नंबर सात के सेक्टर 17 में बने विभिन्न पार्कों व सामुदायिक केंद्रों का मेयर सुमन बहमनी ने निरीक्षण किया। उनके साथ वार्ड पार्षद प्रियंक शर्मा, जेई गगन संधू व विभिन्न पार्क एसोसिएशनों के पदाधिकारी साथ रहे। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों व पार्क एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को पार्कों को हरा भरा बनाए रखने के लिए, सही देखरेख करने, सफाई व्यवस्था बनाए रखने और पौधों में रोजाना सिंचाई करने के निर्देश दिए। वहीं,




आमजन से भी पार्कों की हरियाली बनाए रखने में सहयोग की अपील की। मेयर सुमन बहमनी अधिकारियों के साथ पहले सेक्टर 17 के हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के पार्क पहुंची। यहां उन्होंने पार्क के हरे भरे ग्राउंड, ओपन जिम, झूलों, फूलों, क्यारियों व अन्य स्थानों का जायजा लिया। इसके बाद सेक्टर 17 के दो अन्य पार्कों में भी पहुंची। उन्होंने दो अन्य पार्कों का भी जायजा लिया।

उन्होंने यहां हर तरह की व्यवस्थाओं को निरीक्षण किया। मेयर ने अधिकारियों व पार्क एसोसिएशनों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्कों को हरा भरा बनाए रखें। बेहतर सफाई हो।

लाइट व्यवस्था बेहतर हो। ताकि क्षेत्र के लोग पार्क में आराम से सैर कर सकें। इसके बाद उन्होंने सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने निगम अधिकारियों को सामुदायिक केंद्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मेयर बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र कके हर पार्क का सुंदर व हरा भरा बनाने का कार्य किया जा रहा है। पार्कों को व्यवस्थित व सुंदर बनाने के लिए पार्क एसोसिएशन आरडब्ल्यू का रखरखाव खर्च दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि शहर का हर पार्क सुंदर हो।

उसमें सभी प्रकार की व्यवस्थाएं हो। आमजन भी पार्कों को सुंदर बनाने में सहयोग करें। पार्कों में गंदगी न फैलाएं। जिन पार्कों में कम पौधे है, उनमें पौधारोपण करें। फूलों व पौधों की टहनियों का न तोड़े। पार्क सैर व आराम करने के लिए बनाए गए है, इसलिए उनके ऐसे खेल न खेले जिससे पार्क की सुंदरता खराब हो।

# खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता पर सेमिनार आयोजित

**इंद्री, 14 मई ( बिशपाल राणा ) :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) इंद्री द्वारा बुधवार को बाबू मूल चंद जैन राजकीय आई.टी.आई., करनाल के कांफ्रेंस हॉल में 'खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों व कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा, पोषण के प्रति जागरूक करना तथा खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देना था। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक एवं आयुर्वेदिक पोषण विशेषज्ञ डॉ. मानसी ने छात्रों को खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते मामलों, सामान्य रूप से उपयोग में आने वाले पदार्थों में होने वाली मिलावट, इसके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव और घर पर सरल तरीकों से मिलावट की पहचान करने की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खाद्य वस्तुओं को अपनाने, संतुलित आहार लेने और मिलावटी खाद्य पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। राजकीय आई.टी.आई. इंद्री की प्रधानाचार्य राजबाला ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार एवं समाज में भी साझा करें और स्वयं जागरूक उपभोक्ता बनें। इसके अलावा उप अधीक्षक मिन्टो रानी, अनुदेशक दिनेश कुमार, अक्षित कौशिक एवं संदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों, स्टाफ सदस्यों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।



# पुलिस की टीम ने एक चोर को किया गिरफ्तार आरोपी से चोरी की बैटरी की बरामद

**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला पुलिस को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्य करते हुए थाना छछरौली पुलिस की टीम ने चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी की बैटरी बरामद की। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रबंधक जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव जाटावाला निवासी फारुक पुत्र वाहिद ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसने अपना एक ट्रक गांव इब्राहिमपुर में अपनी रिश्तेदारी में खड़ा किया हुआ था। दिनांक 13 मई को उसने देखा तो उसके ट्रक की बैटरी गायब थी। जिसको कोई नामपता ना मालूम व्यक्ति बैटरी को चोरी करके ले गया है। इस सूचना पर एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जाबिर पुत्र यासीन गांव इब्राहिमपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से चोरी की बैटरी को बरामद किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# शहर में मुंह ढककर दो पहिया वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं



**यमुनानगर, 14 मई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कपड़े से चेहरा ढककर स्कूटर/ मोटरसाइकिल चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट या ट्रिपल राइडिंग वाहन चलाने की स्पेशल चेकिंग की जाएगी और यातायात के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाएंगे। सभी दो पहिया वाहन चलाने वालों से अपील की जाती है कि बिना हेलमेट के वाहन ना चलाएं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह मुहिम जिला में अपराध को रोकने व जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने व आड़े- टेढ़े स्टीकर जो गन कलचर या हिंसा को बढ़ावा देते है लगाने वालों व सड़कों पर हुड़दंगबाजी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस की तरफ से आमजन से अपील है कि पुलिस द्वारा की जा रही चेकिंग में जिला पुलिस का सहयोग करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहे। अपनी व अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना जिला यमुनानगर के पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 8818001031 या डायल 112 पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी

**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** एस.एम.एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी के बच्चों ने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन किया। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण ग्रेवाल व प्रधानाचार्या डा. विभा कौशिक ने सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं ने खुशियां मनाई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम हर छात्र के जीवन का अहम पड़ाव होता है। यह वह समय होता है जब मेहनत और धैर्य का मूल्यांकन होने के साथ ही लाखों छात्रों का भविष्य तय किया जाता है। परीक्षा के परिणाम का जीवन में बहुत महत्व होता है क्योंकि यही एक छात्र को शिक्षा और करियर के अवसरों तक पहुंचने में मदद करते हैं। उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। कौशलों का विकास करते हैं और उन्हें अपने ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने में मदद करते हैं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों की अथक मेहनत और विद्यालय के सतत मार्गदर्शन को दिया। स्कूल ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और शिक्षकों के योगदान की सराहना की।



# रानी लक्ष्मी बाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगौली जाटान का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत : प्रतिशत




**बाबैन, 14 मई ( राजेश कुमार ) :** रानी लक्ष्मी बाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगोली जाटान का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्कूल के प्रिंसिपल कृपाल सिंह ने बताया कि स्कूल के 72 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परिक्षा दी थी और स्कूल के सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक लेकर परिक्षा पास की। उन्होंने बताया कि स्कूल के 26 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान हासिल किया और 46 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। मैडिकल की छात्रा दृष्टी ने 465 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही कॉमर्स की छात्रा रीतू ने 451 अंक, सनेहा ने 440 अंक, गुंजन ने 435 अंक हासिल किए। इसके साथ ही मैडिकल में दिशा ने 434 अंक, कृष ने 429 अंक, चाहत ने 427 अंक, स्नेहा सैनी 423 अंक, वांशिका 418 अंक, दिक्षु ने 414 अंक, रिया ने 414 अंक, प्रतिक ने 413 अंक, निशा ने 412 अंक, कनन ने 403 अंक, आर्यन ने 401 अंक, शीतल ने 399 अंक हासिल किए। प्रिंसिपल कृपाल सिंह ने कहा कहा स्कूल के बच्चों की शानदार सफलता पर हम अपने बच्चों, अध्यापकों और बच्चों के अभिभावकों को बधाई देते हैं जिन्होंने हमें हर क्षेत्र में सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप स्कूल का शानदार परिणाम रहा।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा का 12वीं कक्षा का परिणाम रहा शानदार

**बाबैन, 14 मई ( राजेश कुमार ) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा का 12वीं कक्षा का परिणाम बहुत शानदार रहा।



प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी ने इस परिणाम का श्रेय स्कूल के सभी गुरूजनो को दिया। स्कूल के अंदर मनीष ने 440 जैनब खातून ने 410 व भावना ने 408 अंक प्राप्त करके स्कूल में उच्च स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी व स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों ने पोजीशन प्राप्त करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मान किया। प्रधानाचार्य ज्ञान चंद ने बताया की 9 विद्यार्थियों ने मेरिट व 28 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त करके परीक्षा पास की है। इस मौके पर डॉक्टर संजीव कुमार व दिनेश कुमार प्राध्यापक जी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अशोक कुमार, रेखा छाबड़ा ,पूनम ,ममता, अंजू शर्मा, वैशाली, राकेश कश्यप, राकेश कुमार पंजाबी अध्यापक, प्रदीप शर्मा डीपी, पंकज कुमार, कृष्ण लाल सैनी जगबीर सिंह, एकता व प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

# स्मॉग से इस प्रकार अपनी त्वचा को बचा सकती हैं आप



वायु प्रदूषण यानि (स्मॉग) सिर्फ सेहत को ही नहीं बल्कि त्वचा को भी काफी बुरी तरह से नुकसान पहुंचा रहा है। दुनिया के शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से आधे भारत में हैं। ऐसे में त्वचा को खास ख्याल की जरूरत होती है। त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण हमारी त्वचा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है।

दरअसल, हवा में मौजूद धूल हमारी त्वचा की कोशिकाओं मे ऑक्सीजन के स्तर को कम कर देता है। त्वचा में ऑक्सीजन की कमी के कारण समय से पहले ही झुर्रियां पड़ जाती हैं। साथ ही यह धूल में मौजूद फ्री रेडिकल्स त्वचा को पूरी तरह से नष्ट करने के साथ ही कोलेजन को बनने से रोकता है। प्रदूषण से सिर्फ झुर्रियां ही नहीं बल्कि त्वचा रुखी भी पड़ जाती है। त्वचा पर एलर्जी की वजह से जगह-जगह लाल धब्बे पड़ जाते हैं और कील मुहांसे भी काफी ज्यादा निकलने लगते हैं पर कुछ सावधानी रखकर आप अपनी त्वचाको को खराब होने से बचा सकती हैं। प्रतिदिन हर 4 घंटे बाद अपने स्किन पर क्लींजर और टोनर लगाएं।

यूवी रेज से अपनी स्किन को बचाने और तरोताजा रखने के लिए रोजाना सन स्क्रिन जरूर लगाएं। जीवाणुओं से होने वाले संक्रमण से बचने के लिए अपने हाथों पर हमेशा सेनिटाइजर लगाएं। अपने चेहरे को बार बार हाथ न लगायें क्योंकि ऐसा करने से आपके हाथों के जीवाणु आपके चेहरे की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।हवा में मौजूद धूल आपकी त्वचा के रोम छिद्र को बंद कर देती है, जिससे त्वचा सांस नहीं ले पाती। इससे आपकी त्वचा में ब्लैक हेड्स और कील मुहांसे निकल आते हैं। इसलिए सप्ताह में 2 बार स्क्रब का इस्तेमाल जरूर करें, खासकर जिनकी तैलीय त्वचा है। दिन में तकरीबन 4 लीटर तक पानी पिएं। घर से बाहर निकलते वक्त भी पानी पिएं। इससे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई सही बनी रहेगी और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसें अगर ब्लड तक पहुंच भी जाएंगी तो कम नुकसान पहुंचाएंगी। ऐसे जहरीले स्मॉग में बाहर जाना सबकी मजबूरी होती है लेकिन बाहर से आने के बाद अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से जरूर धोएं।

नहाने के बाद हल्के हाथों से तौलिए का इस्तेमाल करें। संभव हो तो नहाने के तुरंत बाद नारियल के तेल से या किसी ऑयली बॉडी लोशन से पूरे शरीर पर मसाज करें।

**इस प्रकार आप से नहीं हटेंगी लोगों की नजरें** -सुंदर के लिए अपनायें ये तरीके। इस प्रकार आप अपनी सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। आंखों की सुंदरता के लिए गोल्ड आई शैडो का प्रयोग करें। आंखों पर गहरे रंग के आई पेंसिल का प्रयोग करें1 आप इलेक्ट्रिक ब्लर आईलाइनर के इस्तेमाल करने से भी अच्छा लुक पा सकती हैं1

रात के समय ब्लशर रंगों का होठों के रंगों से मेल जरूरी नहीं है, लेकिन टोन का रंग सामान्यता एक जैसा होना चाहिए। यदि आपने नांरगी लिपस्टिक लगाई है तो गुलाबी ब्लश से दूर रहिए। आप लिपस्टिक में लाल गहरे लाल रंग की शेड की लिपस्टिक का प्रयोग कर सकती हैं। गहरा गुलाबी रंग भी काफी आकर्षक लगेगा। ज्यादातर त्वचा के रंगों में नारंगी शेड भी काफी सराही जाती है। उमस भरे मौसम में 3डी लुक पाने के लिए फेस पर ब्रांजिंग और हाइलाइटिंग बहुत जरूरी है। इसके साथ ही फेस पर बेस ब्लेंडेड करना भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टोनिंग भी बेहद अनिवार्य है1 इसके लिए आप किसी मलमल के कपड़े में बर्फ डालकर अपने चेहरे पर हल्के-हल्के से मल सकती हैं। इससे पोर्स तो बंद हो ही जाएंगे और मेकअप भी देर तक टिका रहेगा। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप मॉइश्चराइजिंग लोशन से कुछ मिनट तक हल्के-हल्के मसाज कर सकती हैं।

अपनी त्वचा से अनचाहे दाग-धब्बे छुपाने के लिए कंसीलर का यूज कर सकती हैं। कंसीलर को अपनी उंगली में लेकर प्रभावित स्थान पर हल्के से थपथपा कर लगाएं, जिससे कंसीलर आपकी स्किन में अच्छे से समा जाए. अगर आपकी ड्रेस ज्यादा भारी नहीं है तो बहुत डार्क मेकअप ना करें, बल्कि लिपस्टिक और आई शेड्स में हल्के रंगों के उपयोग करें। आंखों पर मस्कारा लगाएं। आप लिक्विड काजल की जगह पेंसिल वाला काजल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपकी ड्रेस हैवी है तो लिक्विड काजल का इस्तेमाल करें और मस्कारा लगाएं। साथ ही लिपस्टिक और आई शेड्स डार्क गहरे रंग के इस्तेमाल करें। चाहें तो होठों के लिए लिक्विड लिप ग्लॉस का उपयोग भी कर सकती हैं। ड्रेस के बाद बारी आती है हेयर स्टाइल की। आप चाहे कितना भी अच्छा मेकअप कर लें या ज्वेलरी पहने जब तक आपका हेयर स्टाइल सही नहीं है आपका लुक परफेक्ट नहीं लग सकता। इसलिए अपने बालों को अच्छा सा हेयर स्टाइल दें। अगर आपके बाल छोटे हैं तो उन्हें खुला ही छोड़ दें। खुले बालों में भी काफी स्टाइल दिए जा सकते हैं। जैसे कि आप अपने बालों को सामने की ओर से पफ दे सकती हैं या क्लिप्स की मदद से सामने के बाल थोड़े-थोड़े लेकर पीछे की ओर घुमाकर पिनअप कर सकती हैं।



# बढ़ती उम्र में भी युवा दिखने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं

अगर आप चाहती हैं कि बढ़ती उम्र में भी खूबसूरत और युवा नजर आयें तो अपनी जीवनशैली में इस प्रकार के बदलाव करें। नियमित व्यायाम करें

अगर आप चाहती हैं कि आपका शरीर उम्र के साथ ढीला न पड़े तो रेजिस्टेंस ट्रेनिंग आपकी रूटीन का हिस्सा होनी चाहिए। वेट ट्रेनिंग आपकी बॉडी मसल्स को मेंटेन रखती है। इसके लिए हल्का वजन उठाने से शुरुआत करें और धीरे-धीरे वजन की मात्रा बढ़ाएं। बेहतरीन रिजल्ट के लिए वेट ट्रेनिंग के दौरान पूरी बॉडी पर फोकस करें।



प्रोटीन का अधिक सेवन करें

प्रोटीन की कमी से शरीर में मसल लॉस हो सकता है। 50 साल के बाद आपके शरीर को पहले से ज्यादा प्रोटीन की जरूरत होती है। देखा जाए तो पर किलो वजन के हिसाब से आपके शरीर को 0.8 ग्राम वजन की जरूरत होती है। खुद को जवान और स्वस्थ बनाए रखने के लिए तीनों बार खाने में प्रोटीन शामिल करें। सिर्फ डिनर में प्रोटीन के बजाय ब्रेकफस्ट और लंच में भी इसे शामिल करें।

**विटमिन डी की मात्रा का रखें ध्यान**

सनशाइन विटमिन आपके शरीर में काफी परिवर्तन ला सकता है। अगर आपके शरीर में विटमिन डी कम है तो ध्यान रखें कि सुबह सूरज की रोशनी में समय बिताएं और विटमिन डी खाने में शामिल करें।

डायट में शामिल करें ऐंटीऑक्सिडेंट्स

ग्रीन टी में पर्याप्त मात्रा में ऐंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं। इससे आपका मेटाबॉलिक रेट सही रहता है साथ ही फिजिकल परफॉर्मेंस भी सुधरता है। आप अनार खाना भी शुरू कर सकते हैं। ऐंटीऑक्सिडेंट्स फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं जिससे आपकी त्वचा अंदर से खूबसूरत बनती है और उम्र का असर नहीं दिखता।

**नारियल पानी से निखरेगी खूबसूरती**

नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायेदमंद होने के साथ ही खूबसूरती निखारने में भी उपयोगी है। नारियल पानी में ओमेगा 3 फैटी एसिड, विटामिन सी, एंजाइम्स , अमीनो एसिड और मिनरल्सि पाए जाते हैं, जैसे मैगनीशियम और पोटैशियम।

नारियल पानी को चेहरे की सुंदरता निखारने के लिये इस प्रकार करें इस्तेमाल। इसका फेस पैक बनाने के लिये मुल्तांनी मिट्टी और नारियल पानी का प्रयोग करें। इस पेस्टो का पतला कोट चेहरे और गर्दन पर लगाएं। फिर कुछ मिनट इंतजार कर के चेहरे को सामान्य पानी से धो लें। इस फेस पैक से अपने चेहरे को रोजाना दो बार धोएं तो चेहरा अंदर से साफ होगा। इसके लिये आपको सुबह उठते ही मुंह धोना होगा। बालों में लगाए जाने वाले तेल के साथ नारियल पानी मिक्सन करें। फिर उंगलियों से सिर की मसाज करें। इससे स्कै ाल्पस स्वलस्थ होगा और सिर की खुजली और रूखापन दूर होगा। अगर सिर में रूसी है तो वह भी दूर होगी। नारियल के पानी से जुएं भी खतम होती हैं।

# आईब्रो को आकर्षक बनाने में बादाम के तेल की उपयोगिता

सभी महिलाएं आईब्रो को आकर्षक बनाना चाहती हैं क्योंकि आईब्रो पूरे चेहरे को एक नया आकार और लुक देती हैं। अच्छी आईब्रो चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती हैं। अगर आप भी आईब्रो की घनी शेप पाने के लिए परेशान हैं तो कुछ प्राकृतिक और आसान तरीके अपनाकर घर बैठे ही आईब्रो को



घना बना सकती हैं। बादाम का तेल आईब्रो का घना बनाता है और साथ ही पोषण भी देता है। इसमें विटामिन ई होता है जिससे बाल बढ़ते हैं। इसके लिए रोज सोने से पहले आईब्रो में बादाम के तेल से मालिश करें। जिस तरह मेथी बालों में लगाने से बाल घने होते हैं, उसी तरह इसका पेस्ट बनाकर आईब्रो में लगाने से हेल्दी बनेंगे। इसके लिए मेथी को रात को पानी में भिगो दें और दूसरे दिन पेस्ट बनाकर 4-5 मिनट लगाए रहें। फिर साफ पानी से धो लें।

अच्छी आईब्रो चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा देती है। कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल करके आईब्रो को बढ़ाया जा सकता है। कैस्टर ऑयल में ओमेगा- 3 होता है जो रक्त संचार को बेहतर बनाता है। जिससे आईब्रो घनी करने में मदद मिलती है।

इसके लिए सोने से पहले आईब्रो पर कैस्टर ऑयल लगाएं।

प्याज के इस्तेमाल से आईब्रो घनी और मोटी हो जाएगी। इसके लिए प्याज के रस को रूई में लेकर आईब्रो पर लगाएं और 15- 20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो दें।

नारियल तेल लगाने के कई सारे फायदे हैं। इसे बालों में लगाने से बाल लंबे, घने बनते हैं। इस तरह अगर आपकी आईब्रो पतली है तो नारियल का तेल लगाएं और इसका प्रभाव देखें।

# चिलचिलाती धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन घर में ही बनाएं

**शाहनाज हुसैन**

गर्मियों की चिलचिलाती धूप ना केवल त्वचा को मुरझा देती है, बल्कि समय के साथ ये त्वचा को काला , बेजान और झुर्रियों से भर देती है/ सूरज की किरणों से त्वचा को होने बाले नुकसान से बचने के लिए हम मार्किट में बिकने बाली महंगी सनस्क्रीन खरीदते हैं जिसमे काफी टॉक्सिन्स होते हैं और जेब पर भारी पड़ती है जबकि हम घर के किचन में रखी चीज़ों से ही नैचरल सनस्क्रीन बना सकते हैं जोकि त्वचा के ज्यादा अनुकूल होती है और बाजार में बिकने बाली सनस्क्रीन के बराबर ही प्रभाबी भी होती है /

घर में उपलब्ध चीजों से सनस्क्रीन बनाने के लिए एलोवेरा जेल, नारियल तेल, शिया बटर और जिंक ऑक्साइड जैसे प्राकृतिक अवयवों का उपयोग किया जा सकता है। इन अवयवों को मिलाकर एक क्रीम बनाई जा सकती है जो त्वचा को धूप से बचाने में मदद करती है।

1 ---खीरा और गुलाब जल -----त्वचा के लिए गुणकारी खीरा का इस्तेमाल भी आप सनस्क्रीन लोशन बनाने के लिए कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करने के बाद इसका पूरा रस निकाल लें। अब इसमें गुलाबजल मिलाकर एक घोल तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को आप सनस्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। ठंडी तासीर की वजह से खीरा आपको ठंडक देगा।




2---नारियल और जैतून तेल

नारियल और जैतून तेल से बना सनस्क्रीन त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए आधे कप नारियल तेल में ऑलिव ऑयल की 15 बूंदें डालें। अब इसमें 7 बूंद कैरट सीड्स ऑयल मिलाएं और इसे एक कांच की बोलत में भरकर रख दें। आप इसे लंबे समय तक सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

3 --शिया बटर और बदाम तेल कांच के कटोरे में दो चम्मच बादाम का तेल, एक चम्मच शिया बटर, 1 चम्मच कोको बटर, विटामिन ए कैप्सूल, जिंक ऑक्साइड आधा चम्मच लें/

सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक एयर टाइट कंटेनर में रख ले और बाहर जाने से 15 ---20 मिनट पहले लगा लें/

4---एलोवेरा और शिया बटर--- -एलोवेरा और शिया बटर सनस्क्रीन बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जेल, 1.--2 चम्मच नारियल तेल, 3.---4 चम्मच शिया बटर और 3---4 चम्मच जिंक ऑक्साइड को एक कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना ले / इस मिश्रण को एक प्लास्टिक के डब्बे में डाल कर फ्रीज में रख लीजिये और इसका हर दो घण्टे बाद नियमित रूप से उपयोग कीजिये / एलोवेरा जेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है और त्वचा को ठंडक प्रदान करता है /

5 -----विटामिन ई और जिंक ऑक्साइड सनस्क्रीन बनाने के लिए 1 चम्मच एलोवेरा जेल, 4.---5 बूंद विटामिन ई का तेल, 1 चम्मच सूरजमुखी का तेल और 2.--3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिलाकर क्रीम जैसा मिश्रण बना लें / इस मिश्रण को फ्रीज में एयरटाइट कन्टेनर में रख लें और अपनी सुविधा के अनुसार हर दो तीन घण्टे के बाद लगा लें /

जिंक ऑक्साइड त्वचा के लिए एक अच्छा सनस्क्रीन है क्योंकि यह यु वी ए और यु वी बी दोनों किरणों को ब्लॉक करता है/

6 --अखरोट तेल सनस्क्रीन------1/ 4 कप एलोवेरा जेल, 25.--30 बूंद अखरोट का तेल, 1 कप शिया बटर, 2.-3 चम्मच नारियल तेल और 2.-3 चम्मच जिंक ऑक्साइड को कांच के कटोरे में मिक्स करके क्रीम जैसा मिश्रण बना लें और इस मिश्रण को फ्रीज में रख लें /इस क्रीम को त्वचा पर दो घण्टे के बाद अप्लाई करें / शिया बटर त्वचा को नरम और मुलायम बनाने में मदद करता है/ नारियल तेल त्वचा के लिए एक प्राकृतिक सनस्क्रीन है/

7 - कांच के कटोरे में चार चमच्च ऐलोवेरा जेल और चार चमच्च नारियल तेल को अच्छे से मिक्स करें जब तक इसका टेक्सचर अलग क्रीमी टाइप न हो जाए / इसको सुगन्धित करने के लिए दो या तीन बून्द गुलाब या चंदन का तेल डालें/ इन सबको मिक्स करके क्रीम बना लें / इस क्रीम को एक कांच के डब्बे में रख दें/ जब भी आप बाहर निकले तो इसे 15 या 20 मिनट पहले चेहरे , गर्दन और हाथों पर अच्छी तरह से लगाए और 2 से 3 घंटे बाद नियमित रूप से लगाएं

# लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देना कितना उचित

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

लिव-इन रिलेशनशिप के मुश्किल से 10ब्र मामले ही शादी तक पहुँच पाते हैं। बाक़ी 90 प्रतिशत मामलों में रिश्ते टूट ही जाते हैं। ठीक उसी तरह, जिस तरह आजकल के नवयुवक प्रेमी-प्रेमिकाएँ जितनी तेजी से प्रोपो? करते हैं उतनी ही तेजी से ब्रेकअप और फिर उतनी ही ते?ी से प्रेमी भी बदल लेते हैं। ऐसे प्रेमी-प्रेमिकाओं को लिव-इन रिलेशनशिप जैसी लुभावनी प्रथा सही लगती है। क्योंकि उन्हें एक दूसरे के साथ बिना शादी के पति-पत्नी जैसा रहने का मौ?ा मिल जाता है और पति-पत्नी जैसे रिश्ते का अर्थ आप अच्छी तरह समझते हैं। इसीलिए रिश्ता टूटने के बाद सबसे ?्यादा जीवन बर्बाद ल?कियों का होता है। विशेषकर विवाह के समान भरण-पोषण और उत्तराधिकार के अधिकार प्रदान करना। सहवास में जन्मे बच्चों की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करना, विशेष रूप से वैधता और उत्तराधिकार अधिकारों के सम्बंध में। रिश्ता टूटने के बाद अक्सर ल?कियाँ आत्महत्या जैसे ?दम उठा लिया करती हैं। वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। यह सहवास के नैतिक परिणामों तथा विवाह और परिवार के पारंपरिक विचारों पर प्रश्न उठाता है। भारतीय युवाओं की जीवन शैली में ते?ी से बदलाव आ रहा है। इसके लिए ये आधुनिक संस्कृति को अपनाने में कोई भी झिझक महसूस नहीं करते और लिव इन रिलेशनशिप आधुनिक संस्कृति की ही एक शैली है। आजकल के युवा लिव इन रिलेशनशिप को वैवाहिक जीवन से बेहतर मानने लगे हैं। आज की पी?ी शादी और लिव इन रिलेशनशिप को एक जैसा ही मानती है। इनका मानना है कि शादी में समाज और ?ानून का हस्तक्षेप होता है किन्तु लिव इन रिलेशनशिप में ऐसा कुछ भी नहीं होता है। बल्कि पूरी आ?ादी होती है। लेकिन शादी और लिव इन रिलेशनशिप में अंतर है। ये प्रथा जितनी आसान लगती है उतनी ही पेचीदा है। जितने इसके ?ायदे हैं उससे कहीं ?्यादा नुक़सान हैं। इस तरह के सम्बंध प्राय: पश्चिमी देशों में बहुतायत में देखने मिलते हैं। क्योंकि वहाँ की संस्कृति इस प्रथा को सहज ही स्वीकार करती है। वहाँ की लाइ?स्टाइल भी कुछ इसी तरह की है। भारत में भी कुछ वर्षों से इस व्यवस्था को सपोर्ट मिला है। जिसके पीछे महानगरों में बसने वाले कुछ लोगों के बदलते सामाजिक विचार, विवाह की समस्या और धर्म से जु? मामलों का होना माना जा सकता है। समाज का एक वर्ग इसे भारतीय संस्कृति के लिए सबसे ब?ा ?तरा मानता है। तो वहीँ दूसरा वर्ग इसे आधुनिक परंपरा में बदलाव के रूप में देखते हुए स्वतन्त्र जीवन जीने के लिए वरदान मानता है। हर ची? के अपने-अपने फायदे और नुक़सान होते हैं। हाल ही में अधिनियमित उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ने लिव-इन पार्टनरशिप के लिए व्यापक विनियमों की एक शृंखला स्थापित की, जिसका लक्ष्य उन्हें विनियमित करना और उनकी कानूनी मान्यता की गारंटी देना है। लेकिन इनसे काफ़ी चर्चा भी हुई है और सरकारी निगरानी तथा गोपनीयता को लेकर चिंताएँ भी पैदा हुई हैं। पिछले 20 वर्षों में, लिव-इन रिलेशनशिप-जिसमें जोड़े बिना शादी किए एक साथ रहते हैं-भारतीय समाज और कानून में अधिक स्वीकार्य हो गए



हैं। अतीत में भारतीय समाज पारंपरिक मूल्यों पर आधारित था और प्रतिबद्ध रिश्ते का एकमात्र स्वीकृत रूप विवाह था। लिव-इन पार्टनरशिप को अक्सर कलंकित माना जाता था तथा समाज द्वारा इसे नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता था। हालाँकि, वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद एस. खुशबू बनाम) का उपयोग करते हुए, भारतीय अदालतों ने कई फैसलों में लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी है। कन्नियाम्मल (2010) के अनुसार, लिव-इन पार्टनरशिप व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आती है। सरमा, इंद्र वि। 3. के. वी. ।सरमा (2013) ¬इसने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) के तहत विवाह जैसे दिखने वाले लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी और उन्हें विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने रेखांकित किया है कि साथी चुनने और घनिष्ठ सम्बंध स्थापित करने की स्वतंत्रता संविधान के मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति पर अनुच्छेद 19 (सी) के अंतर्गत आती है। घरेलू हिंसा के विरुद्ध संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) अपने दायरे में विवाह की प्रकृति वाले सम्बंधों को शामिल करके, लिव-इन सम्बंधों में घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं को संरक्षण प्रदान करता है। डी. वेलुसामी बनाम के सम्बंध में। न्यायालय ने डी. पचैअम्मल (2010) में फ़ैसला सुनाया कि केवल विवाह जैसे रिश्ते ही घरेलू हिंसा कानूनों के तहत कानूनी संरक्षण के लिए योग्य होंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने उन मामलों में व्यवस्था दी है जहाँ लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चों को कानूनी रूप से विवाहित माता-पिता के समान उत्तराधिकार के अधिकार प्राप्त होंगे। उत्तराखंड यूसीसी के तहत लिव-इन पार्टनरशिप का पंजीकरण होना आवश्यक है। यह उत्तराखंड के निवासियों और भारत के बाहर रहने वाले लोगों दोनों पर लागू है। जो जोड़े एक साथ रहने का निर्णय लेते हैं, उन्हें अपने रिश्ते को यूसीसी के तहत शुरू और अंत में पंजीकृत कराना होगा। यदि वे औपचारिक रूप से अपने रिश्ते को स्थापित करना चाहते हैं, तो विवाह के लिए युगल की पात्रता की पुष्टि करने वाला धार्मिक नेता से प्राप्त प्रमाण पत्र, आधार से जुड़ा ओटीपी, तथा पंजीकरण शुल्क, सहायक दस्तावेजों के साथ आ सकते हैं। यूसीसी अधिनियम के तहत 74 प्रकार के सम्बंधों पर प्रतिबन्ध है, जिनमें से 37 पुरुषों के लिए तथा 37 महिलाओं के लिए हैं। धार्मिक नेताओं या सामुदायिक नेताओं को उन जोड़ों को अपनी स्वीकृति देनी चाहिए जो निषिद्ध सम्बंधों की इन श्रेणियों में आते हैं। यदि रजिस्ट्रार यह निर्धारित करते हैं कि सम्बंध सार्वजनिक नैतिकता या रीति-रिवाजों का उल्लंघन करता है तो वे पंजीकरण से इनकार कर सकते हैं। प्राइवेसी कंसर्न (न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ) के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा गारंटीकृत गोपनीयता के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है, साथ ही लोगों के निजी जीवन पर अधिक आधिकारिक निगरानी भी की जा रही है। नये नियमों से जातियों और धर्मों के बीच सम्बंधों में संभावित बाधाएँ उत्पन्न होने से चिंताएँ उत्पन्न हो गई हैं।

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच की

मूनक,14 मई (जयभगवान): जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करनाल रोहताश वर्मा व घरौंडा खंड शिक्षा अधिकारी रविंदर द्वारा बुधवार को गाँव मूनक में गैर- मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया । जिसके अंतर्गत अवैध से चलाएं जा रहे गैर मान्यता प्राप्त भारत पब्लिक स्कूल को बंद करवा दिया गया। इसी के साथ खालसा ऐक्डमी स्कूल को 5 दिन के लिए नोटिस दिए गए जिसमें वह अपने कागज पूरे करें। इसमें पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को गांव के ही सरकारी सीबीएसई विद्यालय पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल मूनक में इनका दाखिला लेने के लिए निर्देश दिए गए । गैर मान्यता प्राप्त भारत पब्लिक स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं 15 मई अपनी उपस्थिति पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल मूनक विद्यालय में दर्ज करवाएंगे।

## गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुलरपुर 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

मूनक,14 मई (जयभगवान): गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुल्लरपुर



12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सीबीएसई की तरफ से घोषित किया गया। कक्षा 12 वीं में 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा जिसमें खुशी (गुल्लरपुर)92त्न गुरलीन कौर (प्योंत डेरा)91.4, तनु (हथलाना) 90त्न, प्रतिभा (जुंडला) 85.4त्न,जगरूप सिंह (बांसा)85.2त्न,दीपांशु (गुल्लरपुर) 85त्न, कविका (मंचुरी)83त्न, अंशु (प्योंत) 83त्न अमृत कौर (प्योंत डेरा) 82त्न, दीपांशी (पिचोलिया) 82त्न,रितिक (बस्तली) 81त्न, हर्षदीप कौर (बांसा)80त्न अंक हासिल किए। स्कूल के डायरेक्टर वीरभान, प्रधानाचार्या रुचि भास्कर व सभी अध्यापक गण की तरफ से सभी छात्रों व उनके माता-पिता को बहुत-बहुत बधाई दी गई ।

## कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा ब्लॉक टॉपर कशिश ने चमकाया भारत पब्लिक स्कूल का नाम : कैलाशो सैनी

बाबैन, 14 मई (राजेश कुमार): भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन में 10वीं और 12वीं के शानदार परीक्षा परिणाम के कारण एक स मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रेसिडेंट



पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी, वाइस प्रेसिडेंट भारत सैनी ने स्कूल की 12वीं कक्षा की कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा ब्लॉक टॉपर कशिश को 3100 रूपए का कैश प्राइज देकर व हार पहना कर स मानित किया और सबको हार्दिक बधाई दी। इसके अतिरिक्त अन्य स्ट्री स के बच्चों को भी स मानित किया गया। कक्षा दसवीं के टॉपर छात्रों को भी स मानित किया गया। पूर्व सांसद कैलाशो सैनी ने सबको संबोधित करते हुए कि कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा ब्लॉक टॉपर कशिश ने शानदार प्रदर्शन करके स्कूल का नाम चमकाने का काम किया है इसलिए सभी बच्चों को कशिश की तरह कडी मेहनत करके टापर बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों की इस एकेडमिक शानदार सफलता के लिए मैं स्कूल प्रिंसिपल सुनीता खन्ना, बच्चों के अध्यापक गण व बच्चों को इसका श्रेय देना चाहूंगी क्योंकि इन सबके मिले-जुले प्रयासों से ही आज हमारा विद्यालय इन बुलंदियों को छू पाया है। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ उनके शिक्षकों को भी यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से जिस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी वह तुरंत मुहैया करवाई जाएगी। स्कूल प्रिंसिपल सुनीता खन्ना ने भी बच्चों को सफलता का गुरु -मंत्र देते हुए कहा कि छात्र सोशल मीडिया से दूर रहकर व दिन रात - मेहनत करके भविष्य में सफल हो सकते हैं। इस बेहतर परीक्षा परिणाम के कारण बच्चों को स मानित करने के साथ-साथ रोड शो का भी आयोजन किया गया। पोजीशन होल्डर बच्चों ने अपने अध्यापकों व प्रिंसिपल मैम को अपने घर आमंत्रित किया और घर पहुंचने पर सभी का शानदार स्वागत किया व इस खुशी को सेलिब्रेट किया। बच्चों के अभिभावकों से बातचीत करने पर कि आपको बच्चों की इस शानदार सफलता पर कैसा अनुभव हो रहा है।

## स्कूली छात्राओं को बीमारियों से बचने की दी जानकारी

मूनक,14 मई (जयभगवान): बुधवार को डॉक्टर सतपाल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी करनाल की देख रेख में गर्ल्स हाइ स्कूल मूनक में ओपीडी का आयोजन किया गया। डॉक्टर भारती वत्स आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी ने महिला स बन्धी विकार कि जांच व इलाज के बारे मे बताया । इसमें 29 छात्राओ ने अपनी



समस्या को दिखाया व ईलाज कराया। इसमें श्वेतप्रदर, पांडु, कफ़ज योनिव्यापद, पाण्डु, आर्तव दोष व पुष्पघनी योनिव्यापद जेसी समस्याएं पाई गईं तथा इनको रोग से संबंधित पथ्य अपथ्य आहार विहार बताया गया।

# आपरेशन सिंदूर के जरिए पीएम मोदी ने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवादियों के खिलाफ है और इस इसे खत्म करके रहेगा : पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर

यमुनानगर ,14 मई (दिनेश कुमार): तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना की शौर्य गाथा को घर-घर तक भाजपा पहुंचाएगी - पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर भारतीय सेना ने जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को जो कड़ा संदेश दिया वो पूरे विश्व में गूंज उठा - राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा



पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर जगह तिरंगा यात्रा निकाल रही है आज इस कड़ी के अंतर्गत जगाधरी शहर के रामलीला भवन से शुरू होकर तिरंगा यात्रा चौक बाजार, झंडा चौक, स्कूल रोड़ आदि शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए वापस रामलीला भवन पर समापन हुई। तिरंगा यात्रा में तिरंगा यात्रा लोकसभा संयोजक राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया, नगर निगम मेयर सुमन बहमनी सहित तिरंगा यात्रा में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों से हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं व आम लोगों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय, जय हिंद और जय हिंद की सेना के विशाल गगनभेदी नारे लगाए तिरंगा यात्रा का जगाधरी शहर में जगह-जगह रोककर भव्य स्वागत किया गया, तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई व जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा में चल रहे हजारों लोगों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने विशाल तिरंगा यात्रा में कहा कि भारतीय सेना की शौर्य गाथा को घर-घर तक भाजपा पहुंचाएगी भारतीय जनता पार्टी ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाल रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में हमारी सेना ने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए आतंकवादियों को माटी में मिला दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना के साहस को सलाम करते हुए कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी और सेना के साथ एकजुटता से खड़ा है। हमारी भारतीय सेना ने तकनीकी का सही इस्तेमाल किया और पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम किया। पाकिस्तान को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों के पक्ष में खड़ी हुई है। तिरंगा यात्रा संयोजक राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने भी कहा है कि अभी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बंद नहीं हुई है। ऑप्रेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ शुरूआत है। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व को बता दिया है कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकवाद, व्यापार और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती। खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पाकिस्तान दोबारा हरकत करता है तो गोली का जवाब गोला से दिया जाएगा। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिनों तक नींद नहीं आएगी। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर घर तक भारतीय सेना की शौर्य गाथा को पहुंचाया जाएगा।

## रायपुररानी थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर महिला से थैला लूटकर फरार हुआ बाइक सवार, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

रायपुररानी,14 मई (देवेन्द्र सिंह): रायपुररानी थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर एक महिला से थैला लूटने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बुधवार को दिनदहाड़े हुई इस घटना में एक बाइक सवार युवक महिला के हाथ से थैला छीनकर मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद महिला ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव रेहना निवासी फरमीनी पत्नी तासिम ने थाना रायपुररानी में शिकायत दर्ज करवाई है। फरमीनी ने बताया कि वह एक घरेलू महिला हैं और उनके दो बेटियां व एक बेटा है। 14 मई को वह अपने दो वर्षीय बेटे और पड़ोसन जन्नत पत्नी सलीम के साथ गांव से रायपुररानी दवाई लेने और बैंक से पैसे निकालने आई थीं। महिला ने बताया कि उन्होंने एसबीआई बैंक त्रिलोकपुर मोड़ शाखा से 8000 रुपये नकद निकाले और पैदल चलते हुए बस अड्डे के पास अस्पताल मोड़ की ओर बढ़ीं। जन्नत आगे चल रही थीं और फरमीनी पीछे। तभी अचानक एक नौजवान युवक बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल पर आया और फरमीनी के हाथ से थैला झपट कर फरार हो गया शिकायतकर्ता ने बताया कि थैले में 8000 रुपये के अलावा, तीनों बच्चों की जन्म प्रमाण पत्र, फरमीनी की स्वयं की जन्म प्रमाण पत्र, परिवार के आधार कार्ड, एसबीआई बैंक की पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। जबकि घबराहट में फरमीनी आरोपी का नाम, पता और बाइक नंबर नोट नहीं कर सकीं। उन्होंने पुलिस से अपील की है कि आरोपी के खिलाफ स त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनका लूटा गया सामान जल्द से जल्द बरामद किया जाए। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने बताया कि थाना रायपुररानी पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और आगामी जांच के लिए सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## राजकीय कन्या ठाकुरी देवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परिणाम रहा शानदार

**- 22 छात्राओं ने मेरिट तथा 95 छात्राओं ने प्रथम डिविजन की प्राप्त**

लाडवा, 14 मई (रामगोपाल): राजकीय कन्या ठाकुरी देवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा का कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 13 मई को घोषित किया गया जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा की छात्राओं ने प्रति वर्ष की भांति उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। बुधवार को विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्कूल



प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने छात्राओं को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया और मुंह मीठा करवा उनको शुभकामनाएं दी। 12वीं कक्षा की कॉमर्स की छात्रा सना ने 92.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, दीक्षा संकाय कला ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, निशा संकाय कला ने 89.20 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में 22 छात्राओं ने मेरिट में स्थान लिया जबकि 95 छात्राओं ने प्रथम डिविजन प्राप्त की। विद्यालय का रिजल्ट पास प्रतिशत रिजल्ट बोर्ड के रिजल्ट से 4.42 प्रतिशत अधिक रहा। प्राचार्य रामपाल सरोहा ने बताया कि 14 मई को विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं सहित उनके अभिभावक तथा विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को फूल मालाएं पहना कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बढ़िया परीक्षा परिणाम से विद्यालय की छात्राओं अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल सरोहा ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी व जीवन में सफल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर स्टाफ सदस्य छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मुक्त अभियान तेज़, निक्षय शिविरों के ज़रिए की जा रही व्यापक जांच

रायपुररानी,14 मई (देवेन्द्र सिंह): टीबी की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग पंचकूला द्वारा 90 दिनों का एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत निक्षय शिविरों का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हंगोला के अंतर्गत कार्यरत आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्यारेवाला, गणौली, गढ़ी कोटाहा और सुल्तानपुर गांव में किया गया। शिविरों की अध्यक्षता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हंगोला के मेडिकल ऑफिसर डॉ. खुशविंदर सिंह ने की। इन शिविरों में पिछले 5 वर्षों से टीबी से प्रभावित रहे मरीजों, उनके परिवार के सदस्यों, आसपास रहने वालों और अन्य संवेदनशील समुदायों की व्यापक जांच की गई। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने 74 व्यक्तियों



के एक्स-रे और 80 व्यक्तियों के बलगम के सैंपल एकत्रित किए। जानकारी देते हुए प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि निक्षय शिविरों के दौरान उन वंचित मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है जो किसी कारणवश सरकारी अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, सीने में दर्द, बलगम में खून आना, या वजन में अत्यधिक कमी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये टीबी के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में, तुरंत जांच करानी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में टीबी की पुष्टि होती है, तो उसके उपचार की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाती है। जबकि सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा इलाज के दौरान मरीजों को छह महीने तक हर महीने एक हजार रुपये का पोषण भत्ता भी प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर टीबी सुपरवाइज़र शमीम, सीएचओ स्वेता और आशा वर्कर भी उपस्थित थे, जिन्होंने समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

## संत ईशर सिंह अकादमी के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन

पिहोवा,14 मई (विवेक): संत ईशर सिंह अकादमी के बच्चों ने सीबीएसई



बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में प्रियांशु शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। जबकि रूपिंदर 94 प्रतिशत हासिल करने में सफल रही। वाणिज्य संकाय में दिलप्रीत कौर में 95.4 प्रतिशत के साथ पहला स्थान, कुलविंदर ने 95 प्रतिशत व जसमीन 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। कला संकाय में सिद्धार्थ राणा ने 93.6 प्रतिशत, परमदीप कौर 92 प्रतिशत, गुरजिंदर कौर 91.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। चेयरमैन संत बाबा मणि सिंह और प्रिंसिपल सतबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत से यह मुक़ाम हासिल करके स्कूल एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है साथ ही दिवंगत संत बाबा मान सिंह की के प्रति भी बच्चों की मेहनत उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

## वर्ल्ड मास्टर गेम्स में दमखम दिखाएंगे करनाल के राजेश खन्ना


करनाल, 14 मई (सोनी दुआ): राजेश खन्ना 16 तारीख को वर्ल्ड मास्टर गेम्स 2025 जो कि ताइवान के शहर तैयिपाई और न्यू टाइप ए सिटी में होनी है के लिए रवाना होंगे और भारतीय टीम में शामिल होंगे। उनका चयन नेशनल मास्टर गेम्स के आधार पर



पहले ही हो चुका है। इसमें वर्ल्ड के लगभग 130 देश और 25000 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 17 से 30 मई तक होनी है वह एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 100 मीटर 200 मी और 400 मीटर रेस में भाग लेंगे। इससे पहले भी वह कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं और कई मेडल प्राप्त किए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में एक सिल्वर एक ब्रॉन्ज मेडल 2016 मलेशिया में एक सिल्वर एक ब्रॉन्ज मेडल 2018 और सिंगापुर में एक गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड है। फिलहाल एल्डिको कंपनी पानीपत में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इससे पहले भी वह कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपने देश प्रदेश का नाम रोशन कर चुके है।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम ने लाडवा हल्के में फ्री हेल्थ कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं कराई उपलब्ध

लाडवा, 14 मई (रामगोपाल): लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की ओर से चलाई गई



मेडिकल वैन बुधवार को बरहान गांव में पहुंची। गांव में दो स्थानों पर ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। इतना ही नहीं गांव में 124 ओपीडी के साथ कई लैब टेस्ट हुए तथा 142 लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं, उसमें सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर सरपंच जसविंदर सिंह, ज्ञान सिंह, रूपराम, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मिला जर्मन प्रतिनिधिमंडल, हरियाणा के झज्जर में ऑटोमोबाइल विनिर्माण संयंत्र की प्रगति पर की चर्चा

## हरियाणा के युवाओं की क्षमता को पहचान कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में करें कार्य - मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़ 14 मई ( अमृतपाल सिंह )** जर्मनी के पोपे + पोटहॉफ़ जीएमबीएच के समूह सीईओ श्री मार्कस केरखॉफ के नेतृत्व में एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उन्हें झज्जर जिले में अपने ऑटोमोबाइल घटक विनिर्माण संयंत्र की प्रगति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में पोपे + पोथोफ के बिक्री प्रमुख श्री थॉर्स्टन एलर्सिएक के साथ-साथ इस संयुक्त उद्यम में भारतीय भागीदार लालबाबा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि भी शामिल थे।बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सरकार से सक्रिय समर्थन का उल्लेख करते हुए हरियाणा में अपने निवेश के विस्तार में गहरी रुचि व्यक्त की। पोपे + पोटहॉफ़ कंपनी, जिसकी उपस्थिति 70-80 देशों में है, हरियाणा में एक नई अनुसंधान एवं विकास सुविधा की स्थापना की संभावना भी तलाश रही है। साथ ही, वैश्विक और घरेलू दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य से कुशल मैनपावर को नियोजित करने के लिए एक संरचित प्रणाली बनाने की योजना भी बना रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार विश्व स्तरीय कौशल विकास पहलों के माध्यम से अपने युवाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश द्वारा अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वैश्विक उद्योग मानकों के साथ सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यबल नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता से लैस हो। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि हरियाणा के प्रतिभाशाली युवाओं की अपार क्षमता को पहचान कर उन्हें सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य करें । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों, खासकर तकनीकी संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी बनाने का पूरा समर्थन कर रही है और एक ऐसी प्रणाली बनाने में मदद कर रही है जो युवाओं को स्थानीय और वैश्विक नौकरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित करे। बैठक में जानकारी दी गई कि पोपे + पोटहॉफ जीएमबीएच, जर्मनी और लालबाबा के बीच सहयोग भारत की विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया पहल के तहत आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक ऐतिहासिक कदम है।झज्जर में नई संयुक्त उद्यम सुविधा टिकाऊ, भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शून्य-निर्वहन संयंत्र के रूप में संकल्पित, यह सुविधा भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगी। संयंत्र ईंधन इंजेक्शन और एयरबैग ट्यूब जैसे उच्च परिशुद्धता घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा – ऐसे उत्पाद जो वर्तमान में पूरी तरह से आयात किए जाते हैं। इन महत्वपूर्ण घटकों का स्थानीय स्तर पर उत्पादन न केवल हमारी राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा बल्कि कुशल रोजगार के अवसरों को बढ़ने के साथ-साथ आयात पर निर्भरता को काफी कम करेगा। बैठक में विदेश सहयोग विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री पवन कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



# गांव में खेल व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरपंच करें प्रयास, जिला प्रशासन करेगा पूर्ण सहयोग- उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार

## पंचायत की जमीन का करें सदुपयोग, अवैध कब्जा तुरंत हटाएं

सोनीपत,14 मई (विनोद): उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सरपंच अपने-अपने गांव में खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल करें। जिला प्रशासन उनके इन प्रयासों में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे ऐसी प्रेरणादायक शुरुआत करें, जो अन्य गांवों के लिए मिसाल बन सके। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित सरपंचों की बैठक में उन्हें संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में खेल एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्थायी आधारभूत ढांचा तैयार करें। सरपंच इंडोर/आउटडोर स्टेडियम व पुस्तकालय का निर्माण करवाएं ताकि गांव के युवा खिलाड़ी और अधिकारी बनकर उभरें।

**एफडी का करें सकारात्मक उपयोग** – डॉ. मनोज ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के पास एफडी (नियत निधि) है, वे इस धन का उपयोग स्टेडियम निर्माण जैसे विकासात्मक कार्यों में करें। इससे युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और निधियों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा।

**पंचायती जमीन पर न हो अवैध कब्जा** – उन्होंने कहा कि पंचायती भूमि गांव की अमूल्य धरोहर है। सरपंच सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति इस पर अवैध कब्जा न करे। यदि कहीं कब्जा है, तो उसे तुरंत हटवाकर जमीन की नीलामी से प्राप्त धन को गांव के विकास में लगाया जाए।

**हर गांव में महिला चौपाल अनिवार्य** – उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक गांव में महिला चौपाल अवश्य होनी चाहिए, जिससे महिलाएं सुरक्षित वातावरण में सामाजिक गतिविधियों में भाग ले सकें। महिला सरपंच इस दिशा में पहल करें और महिला जिम, प्रशिक्षण केंद्र आदि की स्थापना करवाएं।

**तालाबों के सौंदर्यकरण पर जोर** – तालाबों की सफाई कर उनके चारों ओर वॉकिंग ट्रैक, लाइट व बेंच लगवाएं ताकि ग्रामीण वहां घूमने जा सकें। तालाबों पर अवैध कब्जा या गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**गरीबों को प्लॉट दिलवाने में पंचायत करें सहयोग** – जिन गरीब परिवारों को अब तक 100-100 गज के प्लॉट नहीं मिले हैं, उनके लिए प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजें, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगवाएं** – यदि कोई पंचायत वन विभाग को पेड़ लगाने के लिए भूमि उपलब्ध कराती है, तो वहां फलदार पौधे लगाए जाएंगे और देखरेख के बाद आमदनी पंचायत को प्राप्त होगी।

**पेमाईश कार्य 15 दिन में पूर्ण करें** – समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों के समाधान हेतु सरपंच 15 दिनों के भीतर सभी लंबित भूमि पेमाईश के कार्य पूरे करवाएं। इसके लिए बीडीपीओ को आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस गौरव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र कुमार, सभी बीडीपीओ तथा विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित रहे।

# आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान के छात्र प्रियांशु ने स्कूल में किया टॉप

बाबैन,14 मई (राजेश कुमार): आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान की मेडिकल व नॉन मेडिकल की 12वीं कक्षा के छात्र प्रियांशु




(बरगट जट्टान )ने 96 प्रतिशत अंक और दसवीं कक्षा की छात्रा अंशु (बरगट जट्टान) ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। सीबीएसई बोर्ड के द्वारा दिए गए नतीजों के अनुसार आदर्श स्कूल की 12वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12 विद्यार्थियों जिसमें विद्यार्थी सोहिल ,नीतीश, गुरजीत, जैस्मिन, कीर्ति ,मनदीप, जतिन बजाज, याचिका ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 80 फ़ीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र नकुल, राजविंदर, पारस, हरमनप्रीत, कंचन, सवनीत, भूमिका है। स्कूल के कुल 44 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। कुछ विषयों में तो विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक भी प्राप्त किए। स्कूल के प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने बच्चों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी व उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक महोदय सोहन लाल व प्रधानाचार्य रोबिन कुमार के द्वारा बच्चों को मेडल व उपहार देकर स मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक सोहन लाल ने बच्चों व उनके माता-पिता को बधाई दी और बच्चों की इस सफलता का श्रेय अध्यापकों व माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि एक सही मार्गदर्शक के द्वारा बच्चों को सही रास्ता दिखाए जाने पर बच्चा जीवन में ऊंचाइयों के शिखर को प्राप्त कर सकता है।

# निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न वार्डों का किया दौरा, सडक़ सुदृढ़ीकरण, मरम्मत, सेनीटेशन तथा बरसाती ड्रेन के सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

**करनाल,14 मई ( परमजीत कौर ) :** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को निगम क्षेत्र के वार्ड 3, 4, 8, 9, 14 व 16 का निरीक्षण कर सड़क सुदृढ़ीकरण, मरम्मत, सेनीटेशन तथा बरसाती ड्रेन की साफ-सफाई जैसे विभिन्न कार्यों को देखा। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व मोनिका शर्मा, सलाहकार महीपाल सिंह के अतिरिक्त अभियंता व सफाई शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे। दौरे में सर्वप्रथम निगमायुक्त ने वार्ड 9 के सेक्टर 8 में बीएसएनएल कार्यालय के सामने वाली सडक़ के दोनो तरफ की बर्म को इंटरलॉकिंग टाईलों से पक्का करने का कार्य किया जा रहा है। अनुमानित 23 लाख 59 हजार रुपये की राशि से इस कार्य को किया जा रहा है। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को लेबर की संख्या ओर बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि कार्य को जल्दी पूरा करवाया जा सके। इस दौरान उन्होंने पास से गुजर रहे कूड़ा-कर्कट एकत्र करने वाले टिप्पर वाहन को रूकवाकर देखा कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा रहा है या नहीं। मौके पर अलग-अलग कूड़ा मिला। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड 3 के राजीव पुरम क्षेत्र की गलियों में घूमकर बरसाती पाईप लाईन के सफाई कार्य को चेक किया और अपनी संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता सोहन सिंह को निर्देश दिए कि सफाई कार्य को तसल्ली से करवाया जाए। सभी मेनहोल साफ होने चाहिए। बता दें कि वार्ड 3 की एस.पी. कॉलोनी, राजीव पुरम, विकास नगर, फूसगढ़ गांव, नरेन्द्रा कॉलोनी व दुर्गा कॉलोनी की मुख्य ड्रेन की साफ-सफाई पर अनुमानित 16 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इस दौरान उन्होंने उत्तर नगर रोड पर नवनिर्मित नागरिक सुविधा केन्द्र का निरीक्षण कर और वहां मौजूद ऑप्रेटर से बात की। उन्होंने ऑप्रेटर को निर्देश दिए कि वह प्रात 9 से सांय 5 बजे तक पूरे समय के लिए बैठें, कोई भी बीच में उठकर ईधर-उधर न जाएं। बता दें कि शहर की 8 अलग-अलग लोकेशन पर नागरिक सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके बाद उन्होंने वार्ड 4 में कर्ण विहार से उत्तम नगर क्षेत्र को आने वाली सडक़ का निरीक्षण किया। सड़क का कार्य प्रगति पर चल रहा है। खास बात यह है कि पहले इस सडक़ की चौड़ाई 12 फुट थी, जिसे बढ़ाकर 18 फुट कर दिया गया है। बिटुमिन कंक्रीट से मजबूत सडक़ का निर्माण किया जाएगा। करीब 525 मीटर लम्बी सडक़ पर 31 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण को निर्देश दिए कि शुरू से लेकर अंत तक सडक़ की चौड़ाई बराबर होनी चाहिए, कम-ज्यादा न हो। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके लिए मजबूत सुपरविजिन करें। निगमायुक्त ने वार्ड 8 के सेक्टर-14 तथा वार्ड 16 में रेलवे अंडरपास के नजदीक सडक़ व गलियों के मरम्मत कार्यों को देखा। रेलवे अंडरपास के नजदीक जलभराव न हो, इसके लिए चैम्बर भी बनाया गया है, ताकि साथ-साथ पानी की निकासी होती रहे। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि सम्बंधित वार्ड में मुख्य सड़कों व गलियों में जहां-जहां भी गड्ढे हैं, उन्हें दुरूस्त करवाया जाए। इसके लिए शिकायत आने का इंतजार न करें। अंतिम दौरे में उन्होंने बगवाड़िया गैस एजेंसी के पास निर्माणाधीन फव्वारा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक अभियंता रमनदीप को फव्वारे का कार्य 10 दिन में मुकम्मल करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय निवासियों व एजेंसी के कर्मचारियों ने निगमायुक्त को बताया कि रात्रि के समय शरारती तत्वों द्वारा फव्वारे को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, इसलिए बार-बार मरम्मत करने के कारण कार्य में कुछ देरी हो रही है। इस पर निगमायुक्त ने रात्रि में पुलिस गश्त करवाने तथा होमगार्ड की ड्यूटि लगाने की बात कही। उन्होंने सम्बंधित अभियंताओं पर इस चौक पर शौचालय की व्यवस्था करने को भी कहा, ताकि मार्किट के दुकानदार उसका प्रयोग कर सकें।



# के.एस. ओवरसीस ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में लगाया 521 फूड प्रोडक्ट स्टॉल

**तरावड़ी, 14 मई ( छाया शर्मा ) :** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित हुए तीन दिवसीय सऊदी फूड शो में तरावड़ी शहर के कई चावल व्यापारियों ने स्टॉल लगाए। हरियाणा के करनाल जिले के कस्बा तरावड़ी के राईस मिलर्स द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर विदेशी मेहमानों की




खूब भीड़ दिखाई दी। कई देशों के लोगों को भारतीय बासमती चावलों की महक खूब पंसद आई। तरावड़ी शहर के के.एस.ओवरसीस की तरफ से भी 521 फूड प्रोडक्ट के स्टॉल लगाए गए। जिसमें सऊदी अरब की राजधानी रियाद में लगे स्टॉल पर पहुंचे सी.एम.डी. पंकज गोयल ने बताया कि व्यापारियों को विदेशी मेहमानों की तरफ से अच्छे आर्डर मिलने की उम्मीद हैं। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में आयोजित हुआ फूड शो भारतीय बासमती चावल का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक माना जाता है। जिसमें तरावड़ी के 521 फ़ूड प्रोडक्ट को भी स्टॉल लगाने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद द्वारा तैयार किए गए 521 फ़ूड प्रोडक्ट की कवालिटी को स्टॉल पर प्रदर्शित किया। पंकज गोयल ने बताया कि इस फूड शो में 100 से अधिक देशों के 40 हजार से अधिक उपस्थित लोगों और 1,300 से अधिक विदेशी प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम सऊदी अरब में खाद्य और पेय पदार्थों की आपूर्ति के लिए सबसे बड़ा मंच है। गोयल ने बताया कि सऊदी फूड शो में हमारी भागीदारी हमारे लिए अपने उत्पादों की उत्कृष्ट क्षमता को प्रदर्शित करने और उद्योग के नेताओं, खाद्य विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ संबंध स्थापित करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करती है।

# प्रताप पब्लिक स्कूल जुंडला का परिक्षा परिणाम रहा शत् प्रतिशत

**अथक परिश्रम व लगन करने पर कभी भी मेहनत निष्फल नहीं जाती : कुसुम**

**चिड़ाव, 14 मई ( प्रवीन कुमार ) :** प्रताप पब्लिक स्कूल जुंडला की कक्षा दसवीं और 12वीं कक्षा (2024-25) का परिणाम बहुत शानदार रहा। तीनों संकाय के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया। जिसको लेकर स्कूल प्रिंसिपल कुसुम अहलावत ने कहा कि विद्यार्थियों व अध्यापकों की अथक मेहनत व लगन के फल स्वरूप ही स्कूल का बेहतर परिक्षा परिणाम आने पर यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम कभी भी निष्फल नहीं जाती। स्कूल का 10?वीं व 12वीं का बेहतर परिणाम आने पर संकाय के अनुसार सर्वश्रेष्ठ **कॉमर्स** - ऋषभ- 96प्रतिशत,उदय राणा- 95 प्रतिशत, जानवी-92,4 प्रतिशत, तनिष्क -91 प्रतिशत**आर्ट्स** भारती-96प्रतिशत,राधिका 91 प्रतिशत वंशिका-87,2 प्रतिशत साइंस कशिश-91,2 प्रतिशत ,लविषा-89,4 प्रतिशत, नरगिस वर्मा-88 प्रतिशत,आदित्य-88 प्रतिशत **विषय अनुसार टॉपर** -अंग्रेजी-भारती -98,हिंदी-भारती 100,पॉलिटिकल साइंस- वंशिका 87,ज्योग्राफी-भारती 97,फाइन आर्ट्स,राधिका 100,तनिष्क 100,ऋषभ 100,उदय 100 ,कशिश 100,नरगिस 100,गुरलीन 100,आदित्य 100,बिजनेस स्टडीज ,उदय 99,अकाउंट्स ,ऋषभ 99,इकोनॉमिक्स,जानवी 95,फिजिक्स ,कशिश 88,केमिस्ट्री ,लविषा 95, बायोलॉजी,आदित्य 93 **कक्षा दसवीं** - स्कूल टॉपर, रिंजल-95,4,युग्म-87,2,चाहत-83,विषय,अनुसार सर्वश्रेष्ठ। इंग्लिश रिंजल-93,गणित-,रिंजल-92,हिंदी,रिंजल 93,सामाजिक-रिंजल 97,साइंस-रिंजल-96,रिंजल -99,चाहत-92 आस्था -92,परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 80 प्रतिशत और उससे ऊपर 15 विद्यार्थी रहे। 70 प्रतिशतऔर उससे ऊपर 16 विद्यार्थी तथा 60 प्रतिशत और उससे ऊपर 31 विद्यार्थी रहे। स्कूल की प्रबंधक कमेटी के सदस्य चाहत भाटिया व प्रधानाचार्या डॉ कुसुम अहलावत ने उनका मुंह मीठा करवा कर व आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।सभी विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय रहने पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहित उनके माता-पिता को बधाई दी।



# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिमला का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कलायत, 14 मई ( सूबे सिंह ) :** कलायत खंड कलायत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव शिमला विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा अंजली ने 471 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकुश ने 466 अंकों के साथ दूसरे और नेहा ने 452 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रश्मि भारद्वाज, एसएमसी प्रधान व स्टाफ सदस्यों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को सम्मानित किया।



# नवनियुक्त प्राचार्य ने संभाला पोहड़का स्कूल में कार्यभार

**ऐलनाबाद ,14 मई ( ब्यूरो ):** ऐलनाबाद खंड के गांव पोहड़का के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद पर नव नियुक्त प्राचार्य सुरेश कुमार पूनिया ने पदभार ग्रहण किया है। उल्लेखनीय है कि सुरेश कुमार पूनिया राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी चोपटा में अर्थशास्त्र विषय के प्रवक्ता पद पर थे। विभाग द्वारा इनको पदोन्नत करके प्राचार्य पद पर नियुक्ति दी गई है। पूनिया द्वारा प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने पर पोहड़का विद्यालय के प्रवक्ता पवन कुमार गोरछिया व स्टाफ सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुरेश पूनिया ने स्टाफ सदस्यों को कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यालय में अनुशासन व विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार व उनकी अच्छी पढ़ाई करवाना है, ताकि विद्यार्थी देश के अच्छे नागरिक बन सकें व गांव में ड्रॉप आउट हुए बच्चों को फिर से विद्यालय की ओर जोडना है।